दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
श्योपुर ■ रविवार 24 नवंबर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-135 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

■ अखिलेश के पीडीए गणित पर भारी पड़ा योगी का बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे-सेफ रहेंगे नारा

■ दक्षिण भारत ने फिर दिया गांधी परिवार का साथ, अब वायनाड से प्रियंका ने दर्ज की बड़ी जीत

■ केंद्र में मंत्री बनने के बाद पहली ही परीक्षा में चूके चौहान, फेल हो गया हिमंत सरमा का भी फॉर्मूला

■ पटोले, नवाब मलिक से लेकर जीशान तक, महाराष्ट्र की हॉट सीटों पर दिग्गजों की लुटिया डूबी

■ महाराष्ट्र में शिंदे, झारखंड में हेमंत सोरेन ने अपनाया शिवराज सिंह वाला चुनावी फॉर्मूला

# भाजपा की सुनामी

## महाराष्ट्र में महायुति की महाजीत
## झारखंड में इंडिया को 'सांत्वना'

### लोकसभा का विधानसभा में हिसाब: पीएम नरेंद्र मोदी के साथ ही योगी का भी जादू बरकरार, बंटेंगे तो कटेंगे, एक हैं तो सेफ हैं जैसे नारों का कमाल

■ पंजाब उपचुनाव में तीन सीटों पर आप, एक पर कांग्रेस ने मारी बाजी, भाजपा का नहीं खुला खाता

■ महाराष्ट्र में कांग्रेस 63 से 19, भाजपा 79 से 132 पहुंची, किनारे लगे उद्धव ठाकरे और शरद पवार

■ गुजरात में भाजपा के ठाकोर ने कांग्रेस के गुलाब सिंह को 2436 वोटों से हराया

**सत्ता सुधार** ■ भोपाल/नई दिल्ली

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ ही उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों में हुए उपचुनाव के परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए। इन सभी चुनावों में भाजपा और कांग्रेस समेत सपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसे क्षेत्रीय दलों की प्रतिष्ठा भी दांव पर रही। सबसे बड़ी खबर महाराष्ट्र से रही। यहां भाजपा और सहयोगी दलों (शिंदे शिवसेना और अजित पवार एनसीपी) की सुनामी नजर आई है। अकेली भाजपा अपने दम पर बहुमत के करीब तक पहुंच गई। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का प्रदर्शन बहुत खराब रहा। शिवसेना और एनसीपी के बीच असली और नकली की लड़ाई पर जनता का फैसला भी साफ नजर आया। वहीं झारखंड में शुरू मे कांटे की टक्कर की टक्कर नजर आई, लेकिन फिर जेएमएम के दम पर इंडी गठबंधन आगे बढ़ गया। उत्तर प्रदेश की 9 सीटों पर हुए उपचुनाव में भी भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर ये विधानसभा चुनाव और उपचुनाव भाजपा के शानदार साबित हुए हैं।

### महाराष्ट्र में भाजपा का स्ट्राइक रेट रहा बेहतर

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत असाधारण है। भाजपा कुल 149 सीटों पर चुनाव लड़ी और 133 सीटों पर जीत दर्ज। यानी स्ट्राइक रेट 90 फीसदी रहा। इसी के साथ महाराष्ट्र में भाजपा का अश्वमेघ यज्ञ पूरा हुआ।पार्टी

| | |
|---|---|
| भाजपा | 90 फीसदी |
| शिवसेना (शिंदे) | 68 फीसदी |
| एनसीपी (अजित) | 61 फीसदी |
| कांग्रेस | 16 फीसदी |
| शिवसेना (उद्धव) | 17 फीसदी |
| एनसीपी (शरद) | 09 फीसदी |

**महाराष्ट्र**

| | |
|---|---|
| एनडीए | 234 |
| इंडिया | 48 |
| अन्य | 06 |

### बाज की असली उड़ान अभी बाकी है...



महाराष्ट्र की जनता के सामने हम नतमस्तक और साष्टांग दंडवत हैं। मोदी जी ने 'एक हैं, तो सेफ हैं' नारा दिया था। महाराष्ट्र ने इस नारे को यशस्वी बनाया।
*देवेंद्र फडणवीस*

### उत्तर प्रदेश में खिला कमल बा...

उत्तर प्रदेश की कुल 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ। इनमें से छह पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। दो सीटों पर सपा और एक पर भाजपा की सहयोगी रालोद ने कब्जा जमाया है।

| सीट | जीत | पार्टी |
|---|---|---|
| गाजियाबाद | संजीव शर्मा | भाजपा |
| मझवां | सुचिस्मिता मौर्या | भाजपा |
| मीरापुर | मिथलेश पाल | आरएलडी |
| खैर | सुरेंद्र दिलेर | भाजपा |
| फूलपुर | दीपक पटेल | भाजपा |
| कुंदरकी | रामवीर सिंह | भाजपा |
| करहल | तेजप्रताप यादव | सपा |
| कटेहरी | धर्मराज निषाद | भाजपा |
| सीसामऊ | नसीम सोलंकी | सपा |

### एक रहेंगे-सेफ रहेंगे...



यूपी के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा-एनडीए की विजय पीएम मोदी के यशस्वी नेतृत्व पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है। ये जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा-सुशासन एवं जन-कल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का सुफल है। सुशासन-विकास को अपना मत देने वाले मतदाताओं का आभार। बटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-सेफ रहेंगे। **-योगी आदित्यनाथ**, सीएम, यूपी

## बुधनी में शिव की 'साधना' सफल
## वन मंत्री 'राम' को वनवास

■ बुधनी भाजपा उम्मीदवार रमाकांत भार्गव जीते

■ विजयपुर में कांग्रेस को मिली संजीवनी

मध्य प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के फाइनल नतीजे सामने आ गए। विजयपुर सीट से भाजपा के प्रत्याशी वन मंत्री रामनिवास रावत को हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, बुधनी विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार रमाकांत भार्गव 13,846 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। कांग्रेस के राजकुमार पटेल को हार का सामना करना पड़ा। बुधनी में भजापा प्रत्याशी को कुल 1,07,478 वोट मिले। वहीं, कांग्रेस के राजकुमार पटेल को 93577 मत मिले। दोनों में जीत हार का फर्क 13901 वोटों का रहा। इसके अलावा, निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप भील तीसरे स्थान पर रहे, जिन्हें केवल 1824 वोट मिले। यानी यहां मुख्य मुकाबला केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच था। इधर विजयपुर में कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश मल्होत्रा को कुल 1,00,469 वोट मिले और भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत के खाते में 93105 वोट आए। दोनों में जीत हार का फर्क 7364 वोटों का रहा। वहीं, तीसरे स्थान पर बाप के नेतराम दवरिया सहरिया रहे और चौथे पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रत्याशी भारती पचौरी रहे।

### मप्र में बढ़ रहा भाजपा का ग्राफ



मध्यप्रदेश में भी भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। उपचुनाव में बुधनी विधानसभा में भी हम जीते हैं। विजयपुर में हमारे प्रत्याशी को भले ही पराजय का सामना करना पड़ा हो, लेकिन वहां हमारे वोट बढ़े हैं। मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास की यात्रा को लगातार आगे बढ़ाती रहेगी। आने वाले चुनाव में हम विजयपुर में भी बड़ी जीत हासिल करेंगे।
**डॉ. मोहन यादव**, सीएम

### चिंता करने की बात नहीं...



मध्यप्रदेश के बुधनी में भी भाजपा प्रचंड जीत हासिल की है। विजयपुर में भाजपा 2023 के विधानसभा चुनाव में 18 हजार के हार के अंतर को इस उपचुनाव में 7 हजार के करीब लाने में सफल रही है। मैं विजयपुर के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं कि उन्होंने हर बूथ पर बहुत मेहनत और परिश्रम के साथ चुनाव लड़ा है। मैं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि चिंता करने की बात नहीं है। **वीडी शर्मा**, प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा

### पीएम मोदी बोले- 50 साल में सबसे बड़ी जीत

## झूठ-फरेब विभाजनकारी ताकतों को मिली हार

महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा के महायुति गठबंधन को जीत मिली है। महाराष्ट्र में मिली एतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए खुद पीएम मोदी भाजपा मुख्यालय पहुंचे। पीएम ने कहा कि आज महाराष्ट्र में विकासवाद की जीत हुई है। महाराष्ट्र में सुशासन की जीत हुई है। महाराष्ट्र में सच्चे सामाजिक न्याय की विजय हुई है।



वहीं, आज महाराष्ट्र में झूठ, छल, फरेब बुरी तरह हारा है। विभाजनकारी ताकतें हारी हैं। निगेटिव पॉलिटिक्स की पराजय हुई है। आज परिवारवाद की हार हुई है। आज देश के अनेक राज्यों में उपचुनावों के भी नतीजे आए हैं और लोकसभा की एक सीट और बढ़ गई है। यूपी, उत्तराखंड और राजस्थान ने भाजपा का जमकर समर्थन दिया है। असम के लोगों ने भाजपा पर एक बार फिर भरोसा जताया है। मध्य प्रदेश में भी भाजपा को सफलता मिली है। बिहार में भी एनडीए का समर्थन बढ़ा है। ये दिखाता है कि देश अब सिर्फ और सिर्फ विकास चाहता है। पीएम मोदी ने कहा- बीते 50 साल में किसी भी पार्टी या किसी भी गठबंधन के लिए ये सबसे बड़ी जीत है। ये लगातार तीसरी बार है जब भाजपा की लीडरशिप में किसी गठबंधन को महाराष्ट्र ने आशीर्वाद दिया है। ये लगातार तीसरी बार है जब भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

### 5 राज्यों की 48 विधानसभा, दो लोकसभा के नतीजे

## विधानसभा उपचुनावों में भाजपा का बजा डंका

### वायनाड में प्रियंका चार लाख+ वोटों से जीतीं

**इधर,** 15 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा (वायनाड, नांदेड़) सीटों पर काउंटिंग देर शाम तक चली। वायनाड लोकसभा सीट पर प्रियंका गांधी ने 4 लाख 10 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। उन्हें 6 लाख 22 हजार 338 वोट मिले। महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के संतुक हंबार्डे ने जीत दर्ज की। वे कांग्रेस के वसंत राव चव्हाण को 42 हजार वोटों से हराया। 48 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव हुआ। भाजपा को 20 सीटों पर जीत मिली। कांग्रेस ने सात सीटों पर अपना कब्जा जमा। पश्चिम बंगाल की छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ। सभी सीटों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की। पंजाब की कुल चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम आए। तीन सीटों पर आम आदमी पार्टी और एक सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। कांग्रेस ने बरनाला विधानसभा सीट आप से छीन ली है। यहां से पार्टी के प्रत्याशी कुलदीप सिंह ढिल्लों ने फतेह हासिल की है।



### असम में तीन सीटों पर भाजपा

असम की पांच विस सीटों पर उपचुनाव में भाजपा को तीन सीटों पर कामयाबी मिली। सिड़ली सीट पर लिबरल के निर्मल कुमार ब्रह्म जीते हैं। बोंगईगांव से असम गण परिषद की दीप्तीमाई चौधरी ने जीते। बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ। चारों सीटों पर एनडीए ने जीत हासिल की। दो सीटों पर भाजपा और एक-एक सीट पर हम व जेडीयू ने अपना कब्जा जमाया। कर्नाटक की तीनों उपचुनाव वाली सीटें कांग्रेस के खाते में गई हैं। शिवगांव से यासिर पठान, संदूर से ई. अन्नापूर्णा और चन्नापटना से सीपी योगेश्वर ने जीत हासिल की है।

### राजस्थान उपचुनाव

राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए। यहां भाजपा ने पांच सीटों पर कब्जा जमाया। एक सीट दौसा पर कांग्रेस जीती। चौरासी विधानसभा सीट पर भारत आदिवासी पार्टी के अनिल कुमार कटारा ने जीत दर्ज की।

| विस सीट | विजेता | पार्टी |
|---|---|---|
| झुन्झुनू | राजेंद्र भाम्बू | भाजपा |
| रामगढ़ | सुखवंत सिंह | भाजपा |
| देवली | राजेंद्र गुर्जर | भाजपा |
| खींवसर | रेवंत राम डांगा | भाजपा |
| सलूंबर | शांता मीणा | भाजपा |
| दौसा | दीन दयाल | कांग्रेस |
| चौरासी | अनिल कटारा | बाप |

### 'कल्पना' से परे विजय



झारखंड में झामुमो की जीत के बाद सीएम हेमंत सोरेन काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने पार्टी की जीत का श्रेय अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को दिया। एक्स पर पत्नी और बच्चों के साथ फोटो साझा करते हुए उन्होंने लिखा हमारे स्टार कैंपेनर का स्वागत है।

### नकली हितैषी की दुकान पर लगा ताला



महाराष्ट्र के प्रचंड जनादेश ने झूठ के सहारे संविधान के नकली हितैषी बनने वालों की दुकान पर ताला लगाने का काम किया है। इस ऐतिहासिक जनादेश के लिए महाराष्ट्र की जनता का कोटि-कोटि वंदन। झारखंड में भाजपा को सबसे अधिक मत प्रतिशत का आशीर्वाद देने के लिए प्रदेश वासियों का आभार मानता हूं। भाजपा झारखंड में एक सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।
**अमित शाह**, केंद्रीय गृह मंत्री

### महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित



झारखंड के लोगों का इंडिया को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई। प्रदेश में गठबंधन की यह जीत संविधान के साथ जल-जंगल-जमीन की रक्षा की जीत है। महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित है। इनका हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे।
**राहुल गांधी**, कांग्रेस सांसद

### भोपाल में हाईटेक गौशाला | बछिया उपलब्ध कराकर दूध उत्पादन को बढ़ाया जाएगा

## मप्र में गाय से जुड़ा कोर्स कराएगी सरकार

■ सीएम डॉ. मोहन यादव बोले-जिसके घर में गाय का कुल, वह घर गोकुल

■ प्रदेश में घर-घर बछिया उपलब्ध कराकर दुग्ध उत्पादन को बढ़ाया जाएगा

**सत्ता सुधार** ■ भोपाल

गौ-माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास है। जो भी गौवंश का पालन करे वही गोपाल है। जिसके घर में गाय का कुल वह घर गोकुल है। हर व्यक्ति और परिवार को घर में गाय पालनी चाहिए। बिना धर्म, भाषा, जाति और क्षेत्र के भेदभाव के हमें गौ-पालन को प्रोत्साहित करना है। यह बात सीएम डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को भोपाल के ग्राम बरखेड़ी डोब में 10 हजार गायों की क्षमता वाली हाईटेक गौ-शाला के भूमि-पूजन समारोह के दौरान कही। बरखेड़ी डोब में 25 एकड़ क्षेत्र में 15 करोड़ की लागत से गौ-शाला का निर्माण होने जा रहा है। सीएम ने शासकीय स्कूल सूखी सेवनिया को सीएम राइज बनाने और सूखी सेवनिया रोड को फोरलेन बनाने की घोषणा की। बरखेड़ी डोब क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि के माध्यम से गौ-माता से संबंधित डिग्री-डिप्लोमा कोर्स आरंभ किया जाएगा।



### 20% होगा दूध उत्पादन

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-शालाओं का महत्व बढ़ रहा है। राज्य सरकार गौ-शाला स्थापित करने की दिशा में सक्रियता से कार्य कर रही है। अब तक 300 गौ-शालाओं का पंजीयन हुआ है। घर-घर बछिया उपलब्ध कराकर दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार शीघ्र ही दुग्ध उत्पादन पर बोनस देने की व्यवस्था कर रही है। मप्र, देश के कुल दुग्ध उत्पादन में 9 फीसदी का योगदान देता है। इसे अगले पांच वर्ष में 20 फीसदी तक ले जाने का लक्ष्य है।



## 50 बिस्तर वाले अत्याधुनिक पुलिस अस्पताल 'स्वस्ति' का सीएम ने किया लोकार्पण

# शहीद पुलिसकर्मियों ने सच्चे मायने में देशभक्ति-जन सेवा के संदेश को जिया

- डिजिटल एप ई-रक्षक और दिशा लर्निंग ऐप किया लोकार्पित
- पुलिसकर्मियों की बेटियों ने सीएम का तिलक लगाकर किया स्वागत

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कोरोना काल में जब इस बीमारी से अनजान बड़े-बड़े डॉक्टर्स ने अपने क्लीनिक बंद कर दिए थे, तब उन परिस्थितियों में भी पुलिस ने अपनी जान की परवाह किए बगैर मोर्चा संभाला। कोरोना काल में ड्यूटी करते हुए 155 पुलिसकर्मी शहीद हुए थे। उन्होंने सच्चे मायने में देशभक्ति-जन सेवा के संदेश को जिया और कर्तव्य की बलिवेदी पर प्राण न्यौछावर कर दिए। मैं सैल्यूट करता हूं, ऐसे जांबाज योद्धाओं को।



मुख्यमंत्री ने मैदानी पुलिसकर्मियों को अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण करने की दृष्टि से निर्मित डिजिटल एप ई-रक्षक और दिशा लर्निंग ऐप को भी लोकार्पित किया।

सीएम ने कहा कि लगभग साढ़े बारह करोड़ की लागत से बने इस अत्याधुनिक अस्पताल 'स्वस्ति' में सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पुलिस विभाग के वित्तीय प्रबंधन और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अस्पताल को देखकर लगता है कि इसकी लागत और अधिक होनी चाहिए थी। कार्यक्रम के शुरू में पुलिसकर्मियों की बेटियों ने मुख्यमंत्री का तिलक लगाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुलिस बैंड के साथ हर्ष फायर कर सलामी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल का निरीक्षण कर विजिटर बुक में अपने विचार अंकित किए।

सीएम ने कहा कि पुलिस जितनी सजगता और कर्तव्य परायणता के साथ काम करती है, उससे उनके प्रति सम्मान और आदर में ओर अधिक वृद्धि हो जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल में अत्याधुनिक सर्व-सुविधायुक्त पुलिस चिकित्सालय 'स्वस्ति' के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने मप्र पुलिस के 40 हजार पुलिसकर्मियों को कोरोना काल में अदम्य साहस और सराहनीय कार्य के लिए कर्मवीर योद्धा पदक से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 5 पुलिसकर्मियों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यवाहक निरीक्षक मुनेंद्र गौतम, उपनिरीक्षक सुश्री प्रियम्वदा सिंह, गुलजार सिंह मार्को, आरक्षक अजय पाल सिंह और आरक्षक निशांत छारी को पदक एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किया। उन्होंने पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना की सराहना करते हुए कहा कि विभाग का मुखिया ऐसा ही होना चाहिए जिसने पुलिसकर्मियों के हित में स्वयं आगे होकर काम किए हैं।

## कनकेश्वरी देवी की कथा में पहुंचे पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव



**ग्वालियर।** रामलीला मैदान में चल रही मां कनकेश्वरी देवी की कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वहीं शनिवार को पूर्व मंत्री एवं पूर्व उपाध्यक्ष विधायक मंडल, कांग्रेस नेता भगवान सिंह यादव भी पहुंचे और कथा सुनी। इससे पहले यादव ने मां कनकेश्वरी देवी से आर्शीवाद प्राप्त किया। इस मौके पर कथा के मुख्य यजमान विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर उनके पुत्र देवेन्द्र उर्फ रामू तोमर, विधायक मोहन सिंह राठौर आदि मौजूद थे।

# यह जीत पीएम मोदी के प्रति जनता के विश्वास की जीत

- मध्यप्रदेश में लगातार बढ़ रहा भारतीय जनता पार्टी का ग्राफ
- एक दूसरे को मिठाई खिला, आतिशबाजी कर मनाया उत्सव

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने महाराष्ट्र विधानसभा व देश के अन्य राज्यों में हुए उपचुनावों में भाजपा को मिली विजय पर शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित विजय उत्सव में शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान एक दूसरे को मिष्ठान्न खिलाकर, आतिशबाजी कर उत्सव मनाया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी को देश की जनता लगातार आशीर्वाद दे रही। मध्यप्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। महाराष्ट्र का चुनाव कई मायनों में उद्धव ठाकरे की शिवसेना व शरद पवार की एनसीपी के लिए सबक है। उन्होंने कहा कि सिर्फ कुर्सी के लालच में उद्धव ठाकरे ने उस कांग्रेस और एनसीपी से गठजोड़ किया था, जिससे स्व. बाला साहेब ठाकरे आजीवन संघर्ष करते रहे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए गए जनहितैषी विकास कार्यो एवं गरीब कल्याण की योजनाओं के लिए जनता ने फिर आशीर्वाद दिया है। कांग्रेस देश में अप्रासंगिक और अलोकप्रिय हो चुकी है। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने पीएम मोदी को फिर एक बार अपना आशीर्वाद दिया है। शिवाजी की धरती महाराष्ट्र में ''सत्य और सुशासन'' की जीत हुई है। जनता ने झूठ और नफरत की राजनीति करने वाली कांग्रेस व इंडी गठबंधन के परिवारवाद, वंशवाद को पूरी तरह नकार दिया है। कांग्रेस को आत्मचिंतन व आत्म अवलोकन करना चाहिए। नेताद्वय ने इस प्रचंड विजय के लिए पीएम मोदी जी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के स्थानीय नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया।



## विजयपुर की हार से भाजपा नेताओं की साख को झटका

### रावत को मुकेश मल्होत्रा ने हराया, अब छोड़ना पड़ेगा मंत्री पद

मध्य प्रदेश की दो विधानसभा उपचुनावों में मतगणना के दौरान बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। पहले राउंड में पिछड़ने और फिर दूसरे राउंड में बढ़त बनाए रखने के बाद भाजपा प्रत्याशी और वन मंत्री रामनिवास रावत 17वें राउंड से अचानक फिर पिछड़ गए। इसके बाद रावत कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा को पीछे नहीं छोड़ पाए। 21वें राउंड की काउंटिंग में रावत मल्होत्रा से 7228 वोट से हार गए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले 30 अप्रैल को रामनिवास रावत कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद भाजपा ने छह बार के विधायक रावत को प्रदेश सरकार में वन मंत्री बना दिया गया था। लेकिन, रावत को भाजपा में शामिल करने और उन्हें प्रत्याशी बना जाने का पार्टी के अंदर विरोध शुरू हो गया था। हालांकि, शीर्ष नेतृत्व ने असंतुष्ट नेताओं को मनाने का दावा किया था, लेकिन विजयपुर के परिणाम बताते हैं कि भाजपा नेता और कार्यकर्ता रावत को स्वीकार नहीं कर पाए। भाजपा से पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी और बाबूलाल मेवाड़ा भी टिकट के दावेदार थे। लेकिन, उन्हें टिकट नहीं दिया था। ऐसे में अब आरोप लग रहे हैं कि इन दोनों नेताओं ने चुनाव में पूरे मन से काम नहीं किया। श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा में आदिवासी वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यहां लगभग 60 हजार आदिवासी मतदाता हैं। कांग्रेस ने जातिगत समीकरण साधते हुए आदिवासी वर्ग से आने वाले मुकेश मल्होत्रा को प्रत्याशी बनाया था। मल्होत्रा ने पिछले चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर 42 हजार वोट हासिल किए थे, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी वोट शामिल थे। मल्होत्रा ने आदिवासी समाज के बीच लगातार काम किया, जिसका चुनाव में उन्हें फायदा मिला। कांग्रेस और आदिवासी वोट बैंक के मेल को उनकी जीत का कारण माना जा रहा है।



**कांग्रेस ने जमीन पर किया काम**

कांग्रेस ने न केवल सही उम्मीदवार चुना, बल्कि जमीन पर भी प्रभावी ढंग से काम किया। कांग्रेस नेता नीटू सिकरवार उपचुनाव की तारीख घोषित होने से पहले ही विजयपुर में सक्रिय हो गए थे। उनके मैनेजमेंट और टीम वर्क के जरिए कांग्रेस ने मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री को हराकर जीत हासिल की। रावत के पार्टी बदलने से उनके समर्थकों और जनता ने इसे पसंद नहीं किया। यह भी हार का बड़ा कारण रहा।


**सबसे ज्यादा असर रावत पर**

विजयपुर की हार का सरकार पर कोई खास असर नहीं होगा, लेकिन रामनिवास रावत को अब मंत्री पद छोड़ना पड़ेगा। इस हार के कारण मुरैना क्षेत्र से आने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की रणनीति पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। विजयपुर चुनाव की कमान तोमर के हाथ में थी, लेकिन उनकी रणनीति फेल हो गई। वहीं, उपचुनाव हारने से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की साख भी प्रभावित होगी। इसके अलावा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, जिन्हें पार्टी का शुभंकर माना जाता है, उनकी छवि पर भी इस हार का असर पड़ेगा।

## 'मामा' की छवि ने किया प्रभावित, पार्टी को मिली जीत

### भाजपा ने बचाया शिवराज का गढ़ रमाकांत भार्गव जीते

मध्य प्रदेश की दो विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव में विजयपुर में कांग्रेस ने बाजी मारी है तो बुधनी ने भाजपा अपना गढ़ बचाने में कामयाब रही यहां से भाजपा के उम्मीदवार रमाकांत भार्गव ने जीत दर्ज की है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का गढ़ बुधनी विधानसभा क्षेत्र में शुरू से ही भाजपा की जीत के अनुमान लगाए जा रहे थे। पांच कारणों ने भाजपा की जीत पक्की है। बुधनी उपचुनाव में भाजपा के रमाकांत भार्गव 13901 वोटो से जीते हैं। कांग्रेस के राजकुमार पटेल को मात दी।



बुधनी, प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान का गृह क्षेत्र है। उनके लंबे राजनीतिक कार्यकाल और स्थानीय कनेक्शन ने भाजपा के लिए जीत का मार्ग प्रशस्त किया। शिवराज की व्यक्तिगत लोकप्रियता, विकास योजनाओं में उनकी सक्रियता और उनकी 'मामा' की छवि ने मतदाताओं को प्रभावित किया। भाजपा ने क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास, सड़कों की मरम्मत, सिंचाई योजनाओं और किसानों के लिए चल रही योजनाओं को अपनी जीत का आधार बनाया। पिछले वर्षों में सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं, ने मतदाताओं के विश्वास को और मजबूत किया। शिवराज सिंह चौहान खुद ओबीसी वर्ग से आते हैं, जो बुधनी के प्रमुख मतदाता वर्ग का हिस्सा है। इसके अलावा, किसानों को राहत देने वाली योजनाओं और कृषि आधारित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने से भाजपा ने ग्रामीण मतदाताओं का विश्वास जीत लिया।

## कल से 10 दिसंबर तक चलेगा 'हम होंगे कामयाब' अभियान

### महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया करेगी अभियान का शुभारंभ

सत्ता सुधार ■ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोक थाम के लिए जागरूकता अभियान 'हम होंगे कामयाब' 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 25 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से सुबह 10 बजे इस अभियान की शुरुआत करेगी। जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान के तहत महिला सुरक्षा संवाद विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 25 एवं 26 नवंबर को आयोजित की गई है।

कार्यशाला में सरकारी समन्वय और हितधारकों की जिम्मेदारी के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा का समाधान, सामुदायिक पुलिसिंग, महिला सुरक्षा में सहयोगी दृष्टिकोण, जेंडर आधारित हिंसा को समझना और स्थानीय कार्यान्वयन के लिए कार्य योजनाओं का विकास, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मजबूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका और मनोवैज्ञानिक प्रभाव, महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम एम पी डायल 100 से अंतर्दृष्टि, महिलाओं की सुरक्षा कानूनों और नीतियों की समझ जैसे विषयों पर पहले दिन विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी।

कार्यशाला के दूसरे दिन 'युवाओं की भूमिका बदलाव के वाहक', पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका, तकनीक आधारित जेंडर हिंसा की समझ तथा विश्वविद्यालय स्तर पर महिला सुरक्षा उपाय जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## प्रमुख सचिव और आयुक्त निकले दफ्तर से बाहर, उपार्जन केन्द्रों का करें निरीक्षण

### खाद्य मंत्री ने दिए निर्देश उपार्जन में गड़बड़ी रोकने बनेगा उड़नदस्ता

सत्ता सुधार ■ भोपाल



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के मिलिंग नीति की समीक्षा की। उन्होंने अफसरों को कड़े निर्देश दिए कि उपार्जन के दौरान या उसके बाद होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए विभाग के प्रमुख सचिव और आयुक्त उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण करें। मंत्रालय में प्रस्तावित मिलिंग नीति की समीक्षा करते हुए खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अफसर कड़े निर्णय लेने से गुरेज न करें। व्यवस्था में सुधार लाने के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनिमितता पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करें। उपार्जन में गड़बड़ी रोकने के लिए उड़न दस्ता गठित करें। उड़नदस्ता औचक रूप से उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने कहा कि मैदानी स्तर पर जिला प्रबंधक नियमानुसार कार्य करने में कोई कोताही न बरतें। अफसरों को निर्देश दिए गए कि उपार्जन कार्य में संलग्न सर्वेयरों पर सतत् निगरानी रखें, जिससे वे उपार्जन के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही न करें। उन्होंने व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कुछ नई कार्य-योजना बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रमुख सचिव खाद्य रश्मि अरूण शमी, आयुक्त खाद्य सिबि चक्रवर्ती, एमडी नागरिक आपूर्ति निगम पीएन यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**मशीनों से होगी अनाज की सफाई :** खाद्य मंत्री राजपूत ने निर्देश दिए कि भारतीय खाद्य निगम को उच्च गुणवत्ता का चावल प्रदान करने के लिए अनाज की सफाई मशीनों से कराई जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस कार्य को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मंडला से शुरूआत की जायेगी। इसे बाद में पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा, जिससे भारतीय खाद्य निगम को गुणवत्ता युक्त चावल दिया जा सके।

**मानक स्तर का चावल जमा कराना अनिवार्य :** प्रस्तावित नई मिलर्स नीति 2024-25 में पहली बार दंड का प्रावधान किया गया है। इसमें चावल की सूचना मिलर्स को प्राप्त होने के दिनांक से 20 दिवस में मानक स्तर का चावल जमा कराना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में मिलर्स पर दो रुपए प्रतिदिन प्रति क्विंटल का जुर्माना लगाया जाएगा।

## महाराष्ट्र चुनाव में मप्र के नेताओं की रणनीति आई काम

### भाजपा की जीत में दिया महत्वपूर्ण योगदान

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा-शिवसेना गठबंधन ने जीत हासिल की है। खास बात यह है कि चुनावी प्रबंधन में मध्य प्रदेश के नेताओं की भूमिका ने पार्टी की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और विश्वास सारंग एवं भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा ने महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में चुनाव प्रबंधन की कमान संभाली थी। भाजपा की जीत को इन नेताओं की रणनीति और सक्रियता का नतीजा माना जा रहा है, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को नागपुर विदर्भ क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके अलावा मंत्री प्रह्लाद पटेल को वर्धा अमरावती क्षेत्र और विश्वास सारंग को अकोला बुलढाना क्षेत्र आसपास की करीब 15 सीटों की जिम्मेदारी दी गई थी। वहीं नरोत्तम मिश्रा को गोंदिया और भंडारा क्षेत्र का प्रभार दिया था। बता दें विदर्भ में महराष्ट्र की 65 विधानसभा सीट आती है, भाजपा को लोकसभा चुनाव में हार मिली थी। इस क्षेत्र में मध्य प्रदेश के भाजपा नेताओं ने कमान संभाली थी।

**नागपुर जीत ने बढ़ेगा विजयवर्गीय का कद :** मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को भाजपा नेतृत्व ने नागपुर जिले की 12 सीटों की जिम्मेदारी सौंपी थी। यहां भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया है। विजयवर्गीय बीते तीन महीनों से महाराष्ट्र चुनाव में व्यस्त थे। नागपुर जिले में भाजपा की सफलता से विजयवर्गीय का कद बढ़ना तय है। अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में उनके महाराष्ट्र के प्रदर्शन को देखते हुए विजयवर्गीय को बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। भाजपा संगठन ने जब उन्हें इंदौर की एक नंबर सीट से टिकट दिया था तो यह चर्चा होने लगी थी कि केंद्र में विजयवर्गीय की भूमिका कमजोर हो गई है। लेकिन, महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों ने उन्हें फिर एक बार अपनी राजनीति चमकाने का मौका दे दिया।



**प्रचन्ड जीत विकास व विश्वास की: मिश्रा :** महाराष्ट्र चुनाव परिणामों को लेकर मीडिया से चर्चा करते हुए डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि काठ की हांडी बार बार नहीं चढ़ती है। लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी व उसके घमंडिया गठबंधन ने संविधान को लेकर झूठ फैलाया था। जातिगत जनगणना को लेकर भ्रम भी फैलाने की कोशिश की थी। इस झूठ से कांग्रेस को कुछ सफलता मिल भी गई थी लेकिन कोई भी झूठ ज्यादा समय तक नहीं टिकता है जनता सच समझ गई। इस चुनाव में जनता ने सबक सिखा दिया। डॉ मिश्रा में कहा कि यह प्रचन्ड जीत विकास व विश्वास की है। मोदी जी का मंत्र एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे को जनता ने आत्मसात किया।

## सीएम डॉ. यादव को यूके और जर्मनी की यात्रा पर जाने पर दी शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पुष्प-गुच्छ भेंट कर यूके और जर्मनी दौरे के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने शुभकामनाएं दीं। मंत्री उइके ने कहा कि यह दौरा राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से मध्यप्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र बनने का अवसर मिलेगा, जिससे राज्य के विकास गति और तेज होगी। मंत्री उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह दौरा राज्य के आर्थिक विकास को नया आयाम देगा और वैश्विक पटल पर मध्यप्रदेश को एक नई पहचान दिलाएगा।

**एग्रोविजन** | उद्यानकी मंत्री नागपुर में राष्ट्रीय कृषि मेले में हुए शामिल

# उद्यानिकी की फसलों के उत्पादन में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी: मंत्री कुशवाह

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह शनिवार को नागपुर में एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेले में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। मध्यप्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए बेहतर माहौल है। उन्होंने कहा कि खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में काम करने वाली इकाइयों को केंद्र के साथ राज्य सरकार भी विशेष अनुदान मुहैया कराती है।

उन्होंने कृषि मेले में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की और मेले के आयोजन को कृषकों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि एग्रोविजन मेले में स्टार्टअप्स एवं नवीन तकनीकियों, उन्नत खाद्य एवं बीज, कृषि उपकरणों के प्रदर्शन के साथ किसान भाईयों और उद्यमियों को नवीन इकाइयों की स्थापना के लिए शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इससे वे योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इस तरह के मेले देश के अन्य राज्यों में भी आयोजित किया जाना चाहिए।

मंत्री कुशवाह ने राष्ट्रीय कृषि मेले में शामिल हुई विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर, उन्हें मध्यप्रदेश आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्यानिकी के क्षेत्र में प्रचुर संभावनाएं हैं। वर्ष 2023-24 में 4.30 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों की बोनी की गई, इसमें 96 लाख 11 हजार मीट्रिक टन से अधिक उद्यानिकी फसलों का उत्पादन हुआ है, जो रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश देश में संतरा, टमाटर, धनिया, लहसुन और मसाला फसलों के उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है। राज्य सरकार खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में करने वाली इकाइयों को प्रोत्साहित कर रही है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण अनुपम राजन, आयुक्त हथकरघा एवं प्रबंध संचालक संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम मदन कुमार सहित विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।



## आरडीएसएस के कार्य तय समय में गुणवत्ता से पूरे हों

**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष नीरज मंडलोई ने जबलपुर प्रवास के दौरान एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी, पॉवर जनरेटिंग कंपनी, पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी व पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की। मंडलोई ने अगले पांच वर्षों में स्थापित होने वाले विद्युत परियोजनाओं और विद्युत उपलब्धता पर गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस के अंतर्गत निर्धारित समय में स्मार्ट मीटरों व केपेसिटर बैंक की स्थापना और वितरण हानियों को कम करने का कार्य त्वरित गति से किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आरडीएसएस के कार्यों की गुणवत्ता की सतत् मॉनीटरिंग की जाए।





**सत्ताधारी भाजपा के प्रत्याशी वनमंत्री उपचुनाव में हारे, कांग्रेस प्रत्याशी हुए विजयी**

# वनमंत्री को मिली शिकस्त, कांग्रेस के आदिवासी चेहरे ने दी पटखनी

- उपचुनाव में कांग्रेस का सीट पर अस्तित्व कायम, हारी भाजपा
- सीएम, विस अध्यक्ष समेत तमाम मंत्रियों की मेहनत नहीं आई काम, विजयपुर में कांग्रेस ही फिर जीती
- शहर में निकला भव्य जुलूस, फूल मालाओं से प्रत्याशी का किया स्वागत





सत्ता सुधार ■ श्योपुर

श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा के उपचुनाव में परिणाम चौंकाने वाले सामने आ गये हैं, जिसमें सत्ताधारी पार्टी भाजपा के प्रत्याशी और वर्तमान में वन और पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत अपने निकटतम प्रतिद्धंदि कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्हौत्रा से 7364 मतो से हार गये हैं। मुकेश मल्हौत्रा आदिवासी सहरिया जनजाति वर्ग हैं जिन्हें वनवासी कहा जाता हैं और वनमंत्री को हराने के बाद उनके राजनीतिक जीवन पर प्रश्नचिन्ह खडे हो गये हैं। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी के लिए जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर समेत प्रदेश के आधा दर्जन से अधिक मंत्रियों ने जी तोड़ मेहनत की, तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के लिए पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी समेत कई पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक और पूर्व विधायक क्षेत्र में डेरा डाले रहे, इस चुनाव में एक बडा चेहरा लोस प्रत्याशी नीटू सिकरवार भी शामिल हैं जिन्होंने इस चुनाव को अलग ही स्तर पर पहुंचाकर कांग्रेस को विजयश्री दिलाने में अहम भूमिका दिलाई है। अब इस सीट पर एक बार फिर आदिवासी विधायक निर्वाचित हुआ हैं, जिससे आदिवासी इलाको में दीवाली का माहौल देखने को मिल रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश की दो सीट विजयपुर और बुधनी में उपचुनाव की घोषणा के बाद 13 नवम्बर को मतदान सम्पन्न हुए जिसकी मतगणना शनिवार को सम्पन्न हो गई, जिसमें विजयपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्हौत्रा विजयी घोषित हो गये हैं, जिन्होंने भाजपा के प्रत्याशी रामनिवास रावत को करारी शिकस्त दी है। मुकेश मल्हौत्रा सहरिया जनजाति वर्ग के आदिवासी युवा हैं तो वहीं रामनिवास 6 बार के विधायक। ऐसे में उन्हें हराकर मुकेश ने एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। यहां बता दें कि यह विजयपुर सीट कांग्रेस की परम्परागत सीट मानी जाती हैं क्योंकि इस सीट पर रामनिवास रावत कांग्रेस से 8 बार चुनाव लडे और 6 बार जीते हैं। विजयपुर विधायक पद से इस्तीफा देकर रामनिवास रावत भाजपा में शामिल हो गये और उन्हें केबीनेट मंत्री बनाकर ओहदा बढ़ाया गया लेकिन क्षेत्र में उनका वोट नहीं बढ़ पाया और वे चुनाव हार गये। इस सीट पर दोनो ही पार्टियों ने जमकर पसीना बहाया लेकिन कांग्रेस अपनी सीट बचाने में कामयाब हो गई तो वहीं भाजपा को अच्छा खासा सबक भी दे गई।

**दोनो सीटो पर कांग्रेस का कब्जा :** श्योपुर जिले की विजयपुर सीट पर उपचुनाव के बाद जिले की दोनो सीटें फिर से कांग्रेस के कब्जे में चली गई हैं, वर्ष 2023 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा दोनो सीटो से हार गई थी, जिसके बाद उम्मीद की जा रही थी कि उपचुनाव में भाजपा एक सीट पाने में सफल होगी लेकिन सीएम डॉ मोहन यादव के तमाम प्रयासों के बाद भी इस सीट पर भाजपा फिर से चुनाव हार गई।

**भितरघातियों की चिंता करते तो क्या बदलते परिणाम? :** विजयपुर उपचुनाव में सत्ताधारी भाजपा ने प्रत्याशी के रूप में केबीनेट मंत्री रामनिवास रावत को उतारा तो उनके लिए सीएम मोहन यादव के नेतृत्व में तमाम मंत्रियों और सांसदो ने इस चुनाव में कड़ी मेहनत की और इस सीट को जीतने के लिए हर संभव प्रयास किये लेकिन भाजपा इस सीट पर कोई कमाल नहीं कर सकी और कांग्रेस ने तमाम चुनौतियों के बाद इस सीट को वापस पाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस सीट पर भाजपा की हार का क्या कारण रहा यह तो आने वाले दिनो में पता चलेगा लेकिन बाजार में भितरघात का कारण बडा माना जा रहा हैं जिसमें सिंधिया गुट का इस चुनाव से दूरी बनाना चर्चा का विषय रहा हैं, हालांकि रामनिवास को तवज्जो देने से कई भाजपा के कद्दावर नेता भी इस चुनाव को फौरी तौर पर प्रचार में दिखाई दिये।

**कांग्रेस की चुनावी रणनीति हुई सफल :** विजयपुर सीट के लिए कांग्रेस ने चुनावी रणनीति को मैदानी स्तर पर अमलीजामा पहनाया तो वहीं भाजपा ने राज्य स्तर से गाइड किया लेकिन कांग्रेस की रणनीति ज्यादा सफल रही क्योंकि प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी समेत पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह जनता के बीच रसोई से लेकर चौपाल तक पहुंचे और उनसे संवाद किया, जिसका असर रहा कि कांग्रेस का मूल वोट बैंक बिल्कुल टस से मस नहीं हुआ और विजयश्री कांग्रेस के हाथ लग गई।

**सीएम के चुनावी 10 दौरे हुए असफल :** विजयपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव ने दो महीने के अंदर 10 दौरे कर डाले और मतदाताओं को लुभाने के लिए कई वायदे भी किये, जिसमें पिछले 6 माह में इस सीट पर केबीनेट मंत्री बनाने के बाद रामनिवास के हवाले से इस क्षेत्र का विकास का ढिंढोरा भी जमकर पीटा लेकिन इन दौरो से भाजपा के पक्ष में मतदान कराने में कहीं ना कहीं चूक कर गये और सीएम के ये सारे दौरे असफल साबित हो गये।

**बीजेपी के झूठे दावो की खुल गई पोल-मुकेश :** चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक मुकेश मल्हौत्रा ने मीडियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव काफी चुनौतीभरा रहा हैं, लेकिन जनता का साथ और विश्वास मेरे साथ था, इसलिए मैं जीत पाया, इस चुनाव से बीजेपी के सारे झूठे दावो की पोल गई है, मैं इस चुनाव में काम करने वाले कार्यकर्ताओं समेत सभी कांग्रेस नेताओं का ह्रदय से धन्यवाद देता हूं मैं सभी मतदाताओं के प्रेम और विश्वास के लिए भी आभार जताता हूं।

**धनायचा गांव में भाजपा को मिले 19 वोट :** विधानसभा उपचुनाव के दौरान विजयपुर क्षेत्र के धनायचा गांव में फायरिंग और हिंसा की घटनाऐं सामने आई थी, जिसमें रावत समाज और आदिवासियों के बीच झड़प हुई थी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा प्रकरण भी दर्ज किया गया था एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में सामुदायिक बैठकों में शांति समझौता भी कराया था, इस सीट पर भाजपा के प्रत्याशी को रामनिवास रावत को महज 19 वोट मिले तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्हौत्रा को 374 वोट मिले हैं, इस सीट पर हिंसा का नुकसान भाजपा का उठाना पड़ा है।

**पुलिस छावनी बना पॉलीटेक्निक कॉलेज और बायपास :** विजयपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर पुलिस और प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्थाऐं सुबह से ही चाक चौबंध नजर आई, अल सुबह पुलिस ने बायपास से लेकर पॉलीटेक्निक कॉलेज तक पुलिस के जवानो को तैनात कर दिया और हर आने जाने वाले की सघन चैकिंग की गई, इसके अलावा विभिन्न थानो की पुलिस एवं एसएएफ एवं होमगार्ड के जवान चप्पे चप्पे पर तैनात नजर आये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन की निगरानी में में सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी अति. पुलिस अधीक्षक सतेन्द्र सिंह तोमर, एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, प्रवीण अष्ठाना ने सम्हाली, जिसमें कोतवाली टीआई, यातायात प्रभारी राकेश शर्मा और विभिन्न थानो के प्रभारी एवं पुलिस बल तैनात रहा।

### उपचुनाव में बदलापुर की पिक्चर भी बनी राजनीति का अखाडा

विजयपुर विधानसभा में उपचुनाव की असली पिक्चर उस वाकये से जोड़ी जा रही हैं जिसमें लोकसभा प्रत्याशी बनाये गये कांग्रेस के नीटू सिकरवार को हराने के लिए रामनिवास रावत ने एनवक्त पर धोखा देकर भाजपा का दामन थामकर कांग्रेस को कमजोर करने का काम किया। कांग्रेस को लोस में मिली हार को नीटू सिकरवार ने निजी तोर पर बदलापुर की कहानी को लिख डाला और उपचुनाव में पूरी ताकत झौंक दी। नीटू सिकरवार की इस चुनाव में मेहनत काफी महत्वपूर्ण रही जिन्होंने रामनिवास को हराकर अपना बदला ले लिया।

### पहली बार विजयपुर में कांग्रेस का आदिवासी विधायक बना

यूं तो यह सीट कांग्रेस के काबिज वाली सीट रही हैं, जिस पर कांग्रेस 6 बार जीत चुकी हैं जिनके प्रत्याशी रामनिवास रावत ही रहे जो पिछड़ा वर्ग से आते हैं, जो हर बार टिकिट लेकर चुनाव लडे, लेकिन कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में पहुंचे रामनिवास को कांग्रेस ने औंधे मूंह गिरा दिया और अपनी सीट को बचाने में कामयाब रही। इस बार कांग्रेस ने आदिवासी युवा चेहरे पर विश्वास जताया और मुकेश मल्हौत्रा को टिकिट दिया जिसके बाद इस सीट को बल मिला और कांग्रेस का मूल वोट बैंक के साथ आदिवासी वोटबैंक जबरदस्त तरीके से बोनस के रूप में मिल गया और इस सीट पर जीत का आंकड़ा सारे रिकॉर्ड पार कर गया।

### शहर में निकला विजय जुलूस

कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्हौत्रा के चुनाव विजयी होने के बाद जहां मतगणना केन्द्र के बाहर जुटे कांग्रेसी और आदिवासी समाज के सैंकड़ो लोगो में खुशी की लहर दौड़ गई और जमकर नारेबाजी करते हुए खुशियां मनाई गई, इसके बाद शहर में एक विजय जुलूस निकला जिसमें कांग्रेस से विधायक पंकज उपाध्याय, दिनेश गूर्जर, कैलाश कुशवाह, बाबू जंडेल, पूर्व विधायक वीरेन्द्र रघुवंशी, बैजनाथ सिंह कुशवाह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान, लोस प्रत्याशी नीटू सिकरवार, पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता जीप में सवार होकर शहर में जनता का अभिवादन करने पहुंचे।

## लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन



सत्ता सुधार ■ श्योपुर

शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में 'भारतीय ज्ञान परंपरा के उपलक्ष में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के समापन दिवस पर लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित एकल लोकनृत्य में प्रथम स्थान कृष्णा नायक, द्वितीय स्थान राजकुमारी अकोदिया एवं तृतीय स्थान लिपाक्षी वर्मा ने प्राप्त किया। वहीं सामूहिक लोकनृत्य प्रस्तुति में प्रगति शर्मा और उनके दल ने प्रथम स्थान व कृष्णा नायक और उनके दल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, श्योपुर के प्राचार्य प्रो. एके दोहरे सहित निर्णायक सदस्यों में प्रो वैदांकी खंडेलवाल डॉ नीरज बरोलिया, डॉ वनमाला आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन व आभार कार्यक्रम समिति संयोजक डॉ. परवीन वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया

### खेत में कचरा फैंकने की बात को लेकर मारपीट, केस दर्ज

**श्योपुर।** जिले के बडौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पांडोला में एक युवक के साथ खेत में कचरा फैंकने की बात को लेकर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फरियाी राहुल पुत्र कैलाशनारायण यादव नि. बगवान जिला छतरपुर हाल नि. पांडोला ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार को दोपहर 2 बजे पांडोला में फैक्ट्री पांडोला पर आरोपी रामकरण पुत्र रामनारायण मीणा चन्द्रपुरा ने खेत में कचरा फैंकने की बात को लेकर गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



## विधानसभा निर्वाचन के परिणाम घोषित विजयपुर से कांग्रेस के अभ्यर्थी निर्वाचित



सत्ता सुधार ■ श्योपुर

विधानसभा उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत गत 13 नवंबर 2024 को हुए मतदान के उपरांत आज शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर में मतगणना पूर्ण सुरक्षा एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। ईव्हीएम एवं पोस्टल बैलेट की मतगणना के उपरांत विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के परिणाम घोषित किये गये। घोषित परिणाम के अनुसार विजयपुर से कांग्रेस के अभ्यर्थी मुकेश मल्होत्रा निर्वाचित हुए। निर्वाचित अभ्यर्थी को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौपा गया। सामान्य प्रेक्षक विजयपुर विधानसभा क्षेत्र संजीव गडकर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल की उपस्थिति में रिटर्निंग आफिसर मनोज गढवाल द्वारा कांग्रेस के अभ्यर्थी मुकेश मल्होत्रा को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौपा गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, सीईओ जिला पंचयत अतेन्द्र सिंह गुर्जर भी उपस्थित थे। मतगणना के दौरान शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहें। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से विजयी रहे कांग्रेस के अभ्यर्थी मुकेश मल्होत्रा को 1 लाख 469 वोट मिले, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के रामनिवास रावत को 93 हजार 105 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा 7364 मतो से विजयी घोषित हुए। भारत आदिवासी पार्टी के नेतराम देवरिया को 1099, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की श्रीमती भारती पचौरी को 636, राष्ट्रीय जन आवाज पार्टी की श्रीमती मंजू आदिवासी को 167, निर्दलीय अशोक आदिवासी को 345, निर्दलीय छोटेलाल सेमरिया को 356, निर्दलीय रमेश आदिवासी को 198, निर्दलीय रमेश सोलंकी को 211, निर्दलीय रामप्रसाद गोरछिया को 266 तथा निर्दलीय रामसिंह भईया को 379 वोट प्राप्त हुए। इसके साथ ही नोटा पर 1087 वोट पडे। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में ईव्हीएम से कुल 198073 वोट डाले गये, जिनमें नोटा पर 1087 वोट डाले गये। इसके अलावा पोस्टल बैलेट से 260 वोट डाले गये, जिसमें से 245 मत विधिमान्य पाये गये, 01 वोट नोटा पर डला तथा निरस्त मतपत्रो की संख्या 15 रही।

| राउंड | कांग्रेस | भाजपा | राउंड में बढ़त | ओवरऑल पार्टी वोट आगे |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 4049 | 3871 | कांग्रेस 178 | कांग्रेस 178 |
| 2 | 3977 | 6630 | भाजपा 2563 | भाजपा 2475 |
| 3 | 4837 | 4133 | कांग्रेस 698 | भाजपा 1777 |
| 4 | 4202 | 5260 | भाजपा 1058 | भाजपा 2835 |
| 5 | 3883 | 6796 | भाजपा 2913 | भाजपा 5748 |
| 6 | 4686 | 4180 | कांग्रेस 506 | भाजपा 5242 |
| 7 | 3997 | 6942 | भाजपा 2945 | भाजपा 8187 |
| 8 | 5136 | 5610 | भाजपा 474 | भाजपा 8661 |
| 9 | 5382 | 3597 | कांग्रेस 1785 | भाजपा 6876 |
| 10 | 5768 | 3893 | कांग्रेस 1875 | भाजपा 5001 |
| 11 | 4358 | 5455 | भाजपा 1097 | भाजपा 6098 |
| 12 | 4699 | 4036 | कांग्रेस 663 | भाजपा 5435 |
| 13 | 4230 | 5282 | भाजपा 1052 | भाजपा 6487 |
| 14 | 4333 | 2889 | कांग्रेस 1444 | भाजपा 5043 |
| 15 | 6179 | 2632 | कांग्रेस 3547 | भाजपा 1496 |
| 16 | 6481 | 3143 | कांग्रेस 3338 | कांग्रेस 1842 |
| 17 | 5665 | 2582 | कांग्रेस 3083 | कांग्रेस 4925 |
| 18 | 5008 | 5186 | भाजपा 178 | कांग्रेस 4747 |
| 19 | 4540 | 4742 | भाजपा 202 | कांग्रेस 4545 |
| 20 | 5914 | 3936 | कांग्रेस 1978 | कांग्रेस 6523 |
| 21 | 3000 | 2159 | कांग्रेस 841 | कांग्रेस 7364 |

**रोमांच** | चीतों के स्वागत को आतुर खुले जंगल, जल्द होगे रिलिज

## कूनो का दीदार करने पहुंच रहे विदेशी पर्यटक

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क में पर्यटन को बढ़ावा लगातार मिल रहा हैं, और विदेशी पर्यटक भी यहां पहुंच रहे हैं, शनिवार को भी दो विदेशी पर्यटकों ने कूनो में पहुंचकर कूनो के विहंगम जंगल के दृश्य को निहारा और वन्यजीवो का दीदार किया जिसे देखकर विदेशी पर्यटक रोमांचित नजर आये हैं। इसके साथ ही कूनो नेशनल पार्क में खुले जंगलो में चीता का दीदार जल्द होगा, क्योंकि इसके लिए कूनो प्रबंधन ने पूरी तैयारी कर ली है, दो चीतों को क्रम बद्ध तरीके खुले जंगल में छोड़ा जाएगा। राज्य शासन से हरी झंड़ी मिलते ही कॉलोब्रेशन में दो चीतों को खुले जंगल में रिलीज कर दिया जाएगा। कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ आर थिरूकुराल की माने तो कूनो में बाड़े से खुले जंगल में एक या दो चीतों को जल्द छोड़े जाने की रणनीति बनाई है, चीतों को छोड़ने की तारीख अभी फिलहाल तय नहीं हुई है। तारीख तय हो जाएगी। वैसे ही, चीतों को रिलीज कर दिया जाएगा। इसके साथ ही कूनो में एक और मादा चीता प्रेग्नेंट बताई जा रही है जो जल्द ही खुशखबरी दे सकती है।



जानकारी के अनुसार कूनो नेशनल पार्क में पर्यटकों की आवाजाही लगातार जारी बनी हुई हैं, पिछले वर्षो में कूनो में चीता प्रोजेक्ट लॉच होने के बाद यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ी हैं जिसे देखकर कूनो प्रबंधन खुश हैं और चीतो को खुले जंगल में छोड़ने को लेकर लगातार तैयारी कर रहे हैं। कूनो प्रोजेक्ट प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का प्राइम प्रोजेक्ट है जिसकी मॉनिटरिंग सीधे केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय कर रहा हैं और केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव हर दिन अपडेट ले रहे हैं। पिछले माह 6 अक्टूबर को कूनो सेंचुरी के गेट खुलने के बाद यहां पर्यटकों का आवागमन शुरू हो गया है। देशी पर्यटकों के साथ विदेशी पर्यटक भी यहां पहुंच रहे हैं।

**प्रेग्नेंट चीता दे सकती है जल्द खुशखबरी :** कूनो सेंचुरी में नए शावकों के आगमन से इस प्रोजेक्ट की सफलता आसमां छू रही हैं, वर्तमान में कूनो में 13 शावक मौजूद हैं और 12 वयस्क चीता विचरण कर रहे हैं, जिसके बाद एक खबर सामने आ रही है कि एक मादा चीता निर्वा भी प्रेग्नेंट हैं जो अपना 90-92 दिनो का पीरियड पूरा कर चुकी हैं और जल्द खुशखबरी दे सकती हैं वहीं पिछले दिनो मादा चीता वीरा के गर्भवती होने की खबर वायरल हुई थी लेकिन सीसीएफ उत्तम कुमार शर्मा ने इसे हार्मोस में बदलाव की घटना बताते हुए गर्भवती होने की खबर को सिरे से खारिज कर दिया है।

### विदेशी पर्यटकों ने वन्यजीवों का किया दीदार

शनिवार को कूनो नेशनल पार्क में आस्ट्रेलिया से ट्रेसी स्किवर 52वर्ष और कारोलाइन 55 वर्ष घूमने के लिए पहुंची जिन्होंने टिकटोली गेट से खुली जिप्सी में अपनी जंगल सफारी की शुरूआत की, जिसमें कूनो सेंचुरी में मौजूद लेपर्ड, हिरण, जंगली सूअर, सांभर, चीतल, नीलगाय आदि का दीदार किया, जिन्हें देखकर वो रोमांचित हो उठी, हालांकि उनकी जिज्ञासा चीतों को देखने की थी, लेकिन खुले जंगल में चीता ना होने से वो देख नहीं सकी, हालांकि कूनो के विहंगम जंगल को देखकर वो खुश हुई और फिर से यहां आने की इच्छा जाहिर की है।

## द्रुत गति से दौड़ रहे स्कूल वाहन, स्पीड पर नहीं लग रहा ब्रेक

# लापरवाह बस चालक ने किशोर को साइकिल सहित खदेड़ा, मौत

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शहर में द्रुत गति से स्कूली वाहन दौड़ रहे हैं, जिनकी स्पीड पर ब्रेक नहीं लग पा रहा है, जिससे आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं। इसी क्रम में लापरवाह बस चालक एक किशोर को साइकिल सहित काफी दूर तक खदेड़ता हुआ ले गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पड़ाव इलाके में घटित उक्त दुर्घटना में पुलिस द्वारा आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

बिरला नगर में रहने वाले नंदराम वर्मा का 15 वर्षीय बेटा बीती दोपहर ढाई बजे के लगभग साइकिल पर सवार होकर पड़ाव थाना क्षेत्रांतर्गत आरपी कॉलोनी गेट के बाहर से गुजर रहा था, तभी वहां तेज रफ्तार में आ रही आईपीएस स्कूल लिखी बस क्रमांक एमपी07 पी 0168 के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए पीछे से किशोर को चपेट में ले लिया, जो उसे साइकिल सहित खदेड़ता हुआ काफी दूर तक ले गया। जब



अन्य राहगीरों ने शोर मचाया, तब उसने बस रोकी। इस हादसे में साइकिल सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देख जुटे लोगों ने उसे उपचार हेतु जेएएच के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाकर पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस द्वारा मामले में आरोपी बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 125(ए) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई थी। वहीं हॉस्पिटल में जीवन- मृत्यु के बीच झूल रहे किशोर ने बीते रोज दम तोड़ दिया।

### किसी को नहीं मासूमों की जान की परवाह

कोर्ट द्वारा सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल वाहनों के लिए गाइड लाइन तय की गई है, लेकिन किसी को भी मासूमों की जान की कोई परवाह नहीं है, यही कारण है कि अधिकांश स्कूली वाहन कोर्ट द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन नहीं कर रहे हैं। आलम यह है कि ना तो गाड़ियों की फिटनेस का ध्यान रखा जा रहा है, ना ही गति को नियंत्रित रखने के लिए स्पीड गवर्नर लगाए जा रहे हैं। ऐसे में द्रुत गति से दौड़ने वाले यह स्कूली वाहन भीतर सवार मासूमों की जान से खिलवाड़ करते नजर आते हैं।

### साल भर में एक बार चलता है चेकिंग अभियान

जिम्मेदार अफसरों के पास स्कूली बसों की जांच- पड़ताल करने की फुर्सत ही नहीं है। आलम यह है कि हर साल स्कूलों का सेशन होते ही पुलिस व आरटीओ अमले द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जाता है, जिसमें बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़े- बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन प्रति वर्ष बमुश्किल आठ दिन चलने के उपरांत यह चेकिंग अभियान थम जाता है। यही वजह है कि स्कूली वाहनों द्वारा सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइड लाइन को भी फॉलो नहीं किया जाता है। हां यदि कोई हादसा हो जाता है, तो फिर काफी हो- हल्ला अवश्य होता है।

### इनका कहना है

तेज रफ्तार स्कूल बस के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए साइकिल सवार किशोर को चपेट में ले लिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर हादसे के कारणों की विवेचना की जा रही है।

**संतोष भदौरिया**
**थाना प्रभारी, पड़ाव**

## लुटेरों की तरह कार छीन ले गए फाइनेंस कंपनी के गुर्गे

# बोले- एसपी से कर देना शिकायत हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

**लुटेरों की तरह महिंद्रा फाइनेंस कंपनी के गुर्गे एक युवक से कार छीनकर ले गए। जब कार मालिक ने उन्हें पुलिस में शिकायत करने की बात कही, तो वह कहने लगे कि जाकर एसपी से शिकायत कर देना, लेकिन हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा। घटना विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र की है, जिसमें पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की पड़ताल में लग गई है।**

डबरा निवासी परगट सिंह ने बताया कि उन्होंने एक हार्वेस्टर कंपनी की डीलरशिप ली है। जिसकी कागजी खानापूर्ति के लिए वह एक साथी के साथ अपनी स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी07 सीजी 1736 में सवार होकर ग्वालियर आया था। जहां सिटी सेंटर पर व्हाइट हाउस वाली गली में कार में बैठकर ही किसी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान करीब 10- 12 लोगों ने बाइक आगे- पीछे लगाकर हमें घेर लिया। जो हमें बाहर आने को कहने लगे। जब हमने पूछा कि क्या बात है, तो वह कहने लगे कि अगर तुम बाहर नहीं निकले, तो हम पत्थर से कांच फोड़ देंगे। इस पर मैंने बात करने को कांच उतारा, तो एक बदमाश जबरन भीतर घुस आया, फिर वह हमें इनकम टैक्स ऑफिस के पास ले गए। जहां धक्का देकर हमें गाड़ी से बाहर निकाल दिया और कार लेकर चले गए। इसके बाद वह विश्वविद्यालय थाने पहुंचा और शिकायती आवेदन दिया। जहां पुलिस द्वारा की गई पड़ताल में पता लगा कि वह सब महिंद्रा फाइनेंस कंपनी के गुर्गे थे, जो किश्तें बाकी होने के कारण इस तरह गुंडागर्दी करते हुए कार छीनकर ले गए हैं। वहीं पुलिस ने जब गाड़ी छीनकर ले जाने वालों को कॉल करके पूछा, कि अगर गाड़ी सीज करना थी, तो स्थानीय थाने में सूचित करना चाहिए था। इस पर वह कहने लगे कि हमने पड़ाव थाने में सूचना दी थी। पुलिस द्वारा फिलहाल उक्त मामले में जांच की जा रही है।

### पिता की मौत के बाद चूकी किश्तें

परगट सिंह ने बताया कि उक्त कार मेरे पिताजी ने ली थी, जिनका डेढ़ वर्ष पूर्व निधन होने पर मैंने फाइनेंस कंपनी को सूचित कर सेटलमेंट करने को कहा था। इसके बाद एक केस में मुझे जेल जाना पड़ा, जिससे किश्तें चूक गईं। इसके बाद भी मैंने लोन चुकता करने का प्रयास किया, किंतु कंपनी से कोई रिप्लाई नहीं मिला, ना ही कोई नोटिस भेजा गया। अब एकाएक बिना बताए लुटेरों की तरह गाड़ी छीन ले गए।

### लूट की एफआईआर का प्रावधान

नियमानुसार फाइनेंस कंपनी द्वारा इस तरह गुंडागर्दी करते हुए किसी भी गाड़ी को सीज नहीं किया जा सकता है। इस तरह के मामलों में बदमाशी करने वालों के खिलाफ लूट की एफआईआर दर्ज किए जाने का प्रावधान है।

# सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिये ब्लैक स्पॉट पर कराए जायेंगे सुधार कार्य

## जिला प्रशासन के अधिकारी कर रहे हैं लगातार निरीक्षण



**ग्वालियर।** जिले से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में ब्लैक स्पॉट यानि सड़कों पर अधिक दुर्घटना वाले स्थल चिन्हित कर वहां पर संबंधित कार्य एजेंसी की मदद से आवश्यक सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। इस कड़ी में अपर कलेक्टर टी एन सिंह के नेतृत्व में गई संयुक्त टीम ने शनिवार को जौरासी घाटी क्षेत्र में स्थित ब्लैक स्पॉट का बारीकी से निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर टी एन सिंह ने बताया कि जौरासी घाटी पर स्थित सभी ब्लैक स्पॉट को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा आवश्यक कार्य कराए जायेंगे। यह सभी कार्य विषय विशेषज्ञों की निगरानी में मूर्तरूप लेंगे।

## अब युवक ने पूर्व प्रेमिका से किया रेप का प्रयास, दर्ज हुई एफआईआर

# ठेके पर चल रहे होटल साया इन में चल रही अय्याशी, क्षेत्रवासी परेशान

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

विश्वविद्यालय थाना इलाके में ठेके पर चल रहे होटल साय इन में खुलकर अय्याशी करवाई जा रही है, जिससे क्षेत्रवासी खासे परेशान हैं। हाल ही में उक्त होटल के रूम में एक युवक द्वारा पूर्व प्रेमिका के साथ रेप का प्रयास किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने इसकी शिकायत भी दर्ज करवाई है। वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस की मिलीभगत से ही होटल में अनैतिक गतिविधियां चल रही हैं, जिससे यहां का माहौल खराब हो रहा है।

यहां बता दें कि पटेल नगर की रहने वाली 25 वर्षीय युवती ने विश्वविद्यालय थाने में शिकायत की है, कि आदित्यपुरम निवासी आकाश पटेल से उसके प्रेम संबंध थे, लेकिन कुछ दिनों पूर्व उनका




ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद बीती 17 नवंबर को सुबह 10.30 बजे के लगभग आकाश ने बातचीत करने के लिए उसे इनकम टैक्स ऑफिस के समीप स्थित होटल साया इन में बुलाया था। मैं वहां पहुंची तो आकाश मुझे रूम नंबर 111 में ले गया, जहां अश्लील हरकतें करते हुए रेप का प्रयास करने लगा। जैसे- तैसे वह उसके चंगुल से छूटकर थाने पहुंची है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### बिना आईडी के घंटे के हिसाब से दे रहे रूम

होटल साया इन को वर्तमान में कुछ युवकों द्वारा ठेके पर लेकर संचालित किया जा रहा है। जो बीट के पुलिसकर्मियों से सेटिंग कर खुलेआम अय्याशी करवा रहे हैं। आलम यह है कि होटल साया इन में रूम बुक करने के लिए आईडी प्रूफ तक की आवश्यकता नहीं है, बल्कि यहां बिना किसी आईडी के घंटों के हिसाब से रूम दिया जा रहा है।

### होटल प्रबंधन पर कोई कार्रवाई नहीं

होटल साया इन में चल रही अनैतिक गतिविधियों की तमाम शिकायतें विश्वविद्यालय थाने तक पहुंच चुकी हैं, लेकिन मिलीभगत के चलते सिर्फ रूम बुक करवाने वाले को ही पुलिस द्वारा आरोपी बनाया जाता है। जबकि बिना किसी आईडी अथवा लोकल आईडी पर रूम देने वाले होटल प्रबंधन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

# अंडर-13 क्रिकेट लीग आज से

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

तानसेन क्रिकेट अकादमी द्वारा ऑल इंडिया अंडर-13 क्रिकेट लीग आयोजन शनिवार से किया जा रहा है। जिसमें आगरा, इटावा, भिंड, पोरसा, मुरैना के साथ ग्वालियर डिवीजन की क्रिकेट अकादमी हिस्सा ले रही है। आयोजन सचिन लवकेश चौधरी ने बताया कि गार्डन स्क्वायर ग्राउंड पर कल लीग का शुभारम्भ किया जा जायेगा। जिसमें तानसेन क्रिकेट अकादमी ग्वालियर और रोहित शर्मा क्रिकेट अकादमी शिवपुरी के मध्य मैच खेला जायेगा। ग्वालियर संभाग मे पहले बार अंडर-13 ऑल इंडिया क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि एसडीओपी रवि भदौरिया और सीएसपी अशोक चौहान, विशिष्ट अतिथि ग्वालियर डिवीजन और मध्यप्रदेश क्रिकेट मे अपना योगदान देने वाले रवि प्रकाश शर्मा, मोहम्मद आरिफ, गुरुशरण, हरदीप गिल, संजय धाकड़, हरीश शर्मा, सचिन चौहान, अमित शर्मा, प्रकाश वीर शर्मा, रंजीत पंजवानी, नीरज तिवारी, सोहन सिंह, गौरव उपाध्याय होंगे। इस ऑल इंडिया टूर्नामेंट के संरक्षक सत्यप्रकाश सिकरवार, गगन भल्ला, जीतेन्द्र जाजू, विकास जायसवानी है।



# कॉम्बिंग गश्तः लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने आधी रात को सड़कों पर उतरी पुलिस

■ **फरार व इनामी बदमाश धरे, पौने दो सौ अधिक वारंट कराए तामील**



**ग्वालियर।** लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के मकसद से आधी रात को पुलिस अधिकारी व जवानों ने सड़कों पर उतरकर कॉम्बिंग गश्त किया। जिसमें फरार व इनामी बदमाशों की धरपकड़ करने के साथ ही पौने दो सौ से अधिक गिरफ्तारी व स्थाई वारंट तामील करवाए गए।

एसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर शुक्रवार- शनिवार की दरमियानी रात शहर व देहात के थाना क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त किया गया। इस दौरान एएसपी कृष्ण लालचंदानी, गजेंद्र वर्धमान, अखिलेश रेनवाल तथा निरंजन शर्मा सहित पुलिस के सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों व फोर्स के साथ पैदल गश्त किया गया। इससे पूर्व फोर्स को सर्किल वाइज विभिन्न पॉइंट्स पर एकत्रित किया गया। जहां से राजपत्रित अधिकारियों द्वारा ब्रीफ कर अलग- अलग क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। आधी रात को फील्ड में उतरी पुलिस टीमों द्वारा फरारी बदमाशों, वारंटियों, गुंडों, हिस्ट्रीशीटर्स एवं जिलाबदर आरोपियों के घरों को खंगाला गया। वहीं बैंक, एटीएम, लॉज व ढाबों को भी चेक किया। पुलिस के इस अभियान से बदमाशों में हड़कंप मच गया।

**187 वारंट कराए तामील, इनामी व फरारी भी पकड़े:** कॉम्बिग गश्त के दौरान पुलिस ने कुल 82 स्थाई व 105 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए। साथ ही 173 गुंडे, 183 हिस्ट्रीशीटर्स व सात जिलाबदर बदमाशों को चेक किया गया। इसके अलावा कोतवाली थाना पुलिस द्वारा तीन इनामी बदमाश सहित दो फरार आरोपी एवं माधौगंज थाना पुलिस ने एक फरार आरोपी को पकड़ा। वहीं अवैध शराब के एक प्रकरण सहित विभिन्न मामलों में सात आरोपियों को कस्टडी में लिया गया।

**बुलेट पकड़ीं, कारों से ब्लैक फिल्म उतारी:** कॉम्बिंग गश्त में पुलिस द्वारा ब्लैक फिल्म लगी कार तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट पर भी कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान कई सक्रिय बदमाशों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई, साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्रीशीटरों के रिकॉर्ड को अपडेट किया। पुलिस टीमों द्वारा प्रत्येक गुंडे- बदमाश को चेतावनी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं जेल से रिहा होकर आए आरोपियों को भी चेक किया गया।

### मॉनिटरिंग करने एसपी ने किया भ्रमण

कॉम्बिंग गश्त की मॉनिटरिंग करने एसपी खुद देर रात तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे। जिन्होंने संबंधित पुलिस अफसरों से जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। एसपी श्री यादव ने सत्तासुधार को बताया कि लॉ एंड ऑर्डर बहाल रखने के लिए आगे भी औचक रूप से यह कॉम्बिंग गश्त करवाई जाती रहेगी।

## नागरिकों की भागीदारी से होता है बेहतर विकास

# कलेक्टर चौहान ने लोगों से किया शहर के विकास में योगदान का आव्हान

**ग्वालियर।** नागरिकों की भागीदारी से बेहतर ढंग से सामुदायिक विकास होता है। यदि सभी मिलकर अपने शहर और धरोहर को संरक्षित कर शहर के विकास में योगदान दें तो हम निश्चित तौर पर विकास की नई इबारत लिख सकते हैं। यह बात कलेक्टर रुचिका चौहान ने कही। कलेक्टर चौहान ने पड़ाव स्थित इंटरनेशनल सेंटर ऑफ मीडिया एक्सीलेंस (आईकॉम) में उद्भव संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि ग्वालियर के नागरिकों की अच्छी बात यह है कि वह स्पष्ट हैं और उनमें सच्चाई का भाव है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग शहर की विरासत व कम्युनिटी के प्रति अपनत्व का भाव अपनाकर शहर के विकास को आगे बढ़ाएं। उन्होंने नागरिकों से आव्हान करते



हुए कहा कि वे ग्वालियर के विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। इससे पूर्व सेंटर डायरेक्टर डॉ. केशव पाण्डेय ने कलेक्टर चौहान द्वारा किए जा रहे के कार्या की सराहना की और शहर के विकास में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलया। इस अवसर पर कलेक्टर चौहान को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एमडी पाराशर, विजय पाराशर, पीडी पाण्डेय, सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाह, राजेंद्र मुदगल, विजय पाण्डेय, मंजू सोनी, महेश मुदगल, मनीष मौर्य, रामबाबू कटारे, डॉ. एजाज खानूनी, आशीष मिश्रा, हरीश पाल, मनोज अग्रवाल, आलोक द्विवेदी, अरविंद जैमिनी, आशा कुमार, सचिन पाण्डेय, विवेक सुड़ेले एवं संतोष वशिष्ठ मौजूद थे।

**सत्ता न्यूज** | ऊर्जा मंत्री तोमर ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की चर्चा

# शहर में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं : तोमर

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शहर में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, इसके साथ ही साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। यह बात ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने नगरीय निकाय के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

इस मौके पर संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, कलेक्टर रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री



प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि शहर में प्रदूषण की स्थिति लगातार बढ़ती जा रही है इसको नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए। कहीं पर भी कचरा न जले, यह भी सुनिश्चित किया जाए। शहर में धूल के कण काफी हो रहे हैं इसलिए सड़कों पर छिड़काव लगातार किया जाए। शहर की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मचारी समय पर साफ सफाई करें। साफ सफाई करते समय उनके पास सुरक्षा उपकरण एवं मास्क, ग्लब्स आदि भी अवश्य हों, इसका ध्यान रखा जाए। सफाई से संबंधित हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि शहर में कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट की दिक्कत है। इसकी सघन मॉनीटरिंग की जाए और स्ट्रीट लाइट सुधार का कार्य कराया जाए। शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम करने के लिये सड़कों की रिपेयरिंग का काम भी तेजी से किया जाए। शहर में सीवर ढक्कन बदलने के लिये विशेष अभियान चलाया जाए।

# ह्रदय प्रदेश की संस्कृति व विरासत की स्मृतियां संजोकर रखने योग्यः सांसद कुशवाह

### सांसद कुशवाह ने किया कश्मीरी युवाओं का स्वागत और प्रदेश की खूबियां बताईं

**ग्वालियर।** देश के ह्रदय प्रदेश, मध्यप्रदेश की संस्कृति व विरासत संजोकर रखने के योग्य है। ग्वालियर में आप सब ने जो विरासत देखी है और यहां की संस्कृति से रूबरू हुए हैं उसे कश्मीर में जाकर अपने परिचितों को बताएं। इस आशय के विचार सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कश्मीर से आए युवाओं के दल के ग्वालियर प्रवास कार्यक्रम के समापन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। बाल भवन में आयोजित हुए



समापन कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी भी मौजूद थे। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी हुई। कश्मीरी युवाओं का यह दल युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र ग्वालियर एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत ग्वालियर आया था, जो 18 से 23 नवंबर तक ग्वालियर प्रवास पर रहा। पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी ने कश्मीर की खूबसूरत झीलों परीधानों का जिक्र करते हुए कश्मीर के महत्वव उसकी संस्कृति के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही एक - दूसरे राज्यों की संस्कृतियों की खूबियों के आदान-प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम में महिला बाल विकास से ज़िला परियोजना अधिकारी धीरेंद्र सिंह जादौन, केआरजी महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती साधना श्रीवास्तव भी उपस्थित हुए। साथ ही 6 जिलों से आए युवा दल को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन में लोकनृत्य बधाई,लांगुरिया, रऊफ ,गंगा प्रकोत्सव नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी ने स्वागत कर बीते दिवसों की गतिविधियों के बातें प्रकाश डाला इनके साथ जिला युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव, आशुतोष साहू,लेखाकार एवं कार्यक्रम सहायक दिलीप सुमन, तुषार वर्मा, गौरीशंकर के साथ युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### 52.38 करोड़ में बिका दीवार पर चिपकाया एक केला

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में दीवार पर काली टेप से चिपकाया गया एक केला करोड़ों रुपये में बिक गया। कलाकार ने इस कला-कृति को कॉमेडियन नाम दिया गया है। इस केले को इटालियन कलाकार मॉरिजियो कैटेलन ने तैयार किया था। सॉथबीज ऑक्शन हाउस में आयोजित नीलामी में यह केला लगभग 52.38 करोड़ रुपये में बिका। इसे मशहूर क्रिप्टोकरंसी एंटरप्रेन्योर जस्टिन सन ने खरीदा। यह आर्टवर्क पहली बार 2019 में मियामी में पेश किया गया था, लेकिन इस बार इसकी कीमत ने सभी को हैरान कर दिया। नीलामी के दौरान पांच मिनट तक चली बोली में जस्टिन सन ने छह अन्य दावेदारों को पीछे छोड़ते हुए इसे खरीदा। दिलचस्प बात यह है कि नीलामी के लिए रखे जाने से पहले यह केला मात्र 0.35 डॉलर (लगभग 30 रुपये) में खरीदा गया था। जस्टिन सन ने इसे खरीदने के बाद कहा कि यह कला-कृति आधुनिक संस्कृति, मीम्स और क्रिप्टोकरंसी समुदाय को जोड़ने का प्रतीक है।

### वैज्ञानिकों ने ब्लैक होल के कोरोना की संरचना और आकार का पता लगाया

**नईदिल्ली।** हाल ही में हुए एक अध्ययन ने सूर्य ग्रहण के दौरान दिखाई देने वाले सूर्य के चमकीले प्रभामंडल के ब्लैक होल के इस कोरोना की संरचना और आकार का पता लगाया है। ब्लैक होल के चारों ओर गैस और धूल का डोनट के आकार का एक टोरस होता है, जिसके भीतर एक्रीशन डिस्क मौजूद होती है। यह डिस्क अत्यधिक गर्म पदार्थ से बनी होती है, जो ब्लैक होल की ओर प्रवाहित होती है। डिस्क का सबसे भीतरी हिस्सा, जहां तापमान अरबों डिग्री तक पहुंच सकता है, ब्लैक होल का कोरोना माना जाता है। सूर्य के कोरोना की तरह, ब्लैक होल का कोरोना भी ऊर्जा विकिरण करता है, लेकिन इसका तापमान कहीं अधिक होता है। यही कारण है कि इसका प्रकाश एक्रीशन डिस्क की रोशनी में छिपा रहता है। शोधकर्ताओं ने ब्लैक होल के कोरोना का पता लगाने के लिए नासा के इमेजिंग एक्स-रे पोलरिमेट्री एक्सप्लोरर के डेटा का उपयोग किया।

### विनाशक होता जा रहा है रूस-यूक्रेन युद्ध, पूरी दुनिया में दिखने लगी दहशत

**मास्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध ने नए चरण में प्रवेश कर लिया है, जहां विनाश की आशंका चरम पर है। पूरी दुनिया में परमाणु युद्ध को लेकर दहशत दिखाई देने लगी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा यूक्रेन को लॉन्ग-रेंज मिसाइलों के उपयोग की मंजूरी देने के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। इसके जवाब में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर पलटवार करते हुए इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल ओरेशनिक का सफल परीक्षण किया है। पुतिन ने कहा कि ओरेशनिक मिसाइल को रोकना अमेरिकी वायु रक्षा प्रणाली के लिए असंभव है। यह मिसाइल 3 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से चलती है और जमीन और समुद्र दोनों से दागी जा सकती है। आधुनिक गाइडेंस सिस्टम और सटीक मारक क्षमता से लैस यह मिसाइल रूस के हथियार भंडार में सबसे उन्नत हथियारों में से एक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मिसाइल रूस के सैन्य प्रभुत्व को और मजबूत करेगी।



यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच, यूक्रेन के सुमी क्षेत्र के हुलुखिव शहर में रूसी ड्रोन हमले से प्रभावित एक आवासीय इमारत में काम करते बचाव दल।

## तीसरे विश्वयुद्ध की अटकलों के बीच यूक्रेन के पूर्व कमांडर के दावे ने फैला दी सनसनी

एजेंसी ■ कीव

रूस-यूक्रेन युद्ध का 1000 से ज्यादा दिन हो चुका है। अब यह वॉर नाजुक दौर में पहुंच चुका है। परमाणु युद्ध छिड़ने के आसार दिन-ब-दिन गहराते जा रहे हैं। इतिहास में पहली बार रूस ने यूक्रेन पर बेहद खतरनाक मानी जाने वाली लंबी दूरी की आईसीबीएम दागी। यूक्रेन की ओर से अमेरिकी एटीएसीएएमएस मिसाइल और उसके बाद ब्रिटेन की लंबी दूरी की स्टॉर्म शैडो मिसाइल रूस पर दागने के जवाब में रूस ने ये कड़ा कदम उठाया। वैसे अमेरिका द्वारा यूक्रेन को एंटी पर्सनल लैंड माइन का इस्तेमाल करने की अनुमति देने ने भी इसमें आग में घी का काम किया है। इसी बीच यूक्रेन के पूर्व कमांडर के दावे ने सनसनी फैला दी। इन सबके बीच, नॉर्थ कोरिया ने अपने सैनिक रूस की तरफ से यूक्रेन के खिलाफ उतार दिए हैं। बद से बदतर होते हालात के बीच यूक्रेन के पूर्व मिलिट्री कमांडर वालेरी जालुझनी ने कहा कि तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका है। बता दें कि वालेरी फिलहाल ब्रिटेन में यूक्रेन के राजदूत हैं। यूक्रेन के पूर्व कमांडर वालेरी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रूस और उसके सहयोगियों के रवैये के चलते तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कोरिया और ईरान के डायरेक्ट इनवॉल्वमेंट से हालात और भी खराब हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है और लगता है कि साल 2024 में थर्ड वर्ल्डवॉर शुरू हो चुका है। वालेरी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब रूस ने यूक्रेन पर लंबी दूरी तक मार करने और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम आईसीबीएम से हमला किया है।

# पुतिन का जंगी प्लान : 13 हजार किमी की रफ्तार और 15 मिनट में टारगेट खत्म

### राष्ट्रपति पुतिन का दावाः रूस की हाइपरसोनिक ओरेशनिक मिसाइल को ट्रैक करके मार गिराया नहीं जा सकता

एजेंसी ■ कीव

यूक्रेन द्वारा की गई जांच से पता चला है कि यूक्रेनी शहर दिनप्रो पर हमला करने वाली हाइपरसोनिक मिसाइल की हाईएस्ट स्पीड 13,000 किमी/घंटा थी। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मिसाइल को टारगेट (यूक्रेनी सैन्य सुविधा) तक पहुंचने में केवल 15 मिनट लगे। यूक्रेन की सेना के मुख्य खुफिया निदेशालय (एचयूआर) ने खुलासा किया, अस्त्रखान क्षेत्र में लॉन्च होने के क्षण से लेकर दिनप्रो शहर में इसके प्रभाव तक इस रूसी मिसाइल का उड़ान समय 15 मिनट था। मिसाइल छह वारहेड से लैस थी-प्रत्येक में छह सबम्यूनिशन लगे थे। प्रक्षेप पथ के अंतिम भाग में गति मैक 11 से अधिक थी।

यूक्रेन और रूस, दोनों देश रह-रहकर एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। हालांकि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के नए राष्ट्रपति चुने जाने के बाद उम्मीद जगी थी कि रूस और यूक्रेन जंग का हल निकलेगा। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है।



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार (22 नवंबर) को दावा किया कि रूस की हाइपरसोनिक ओरेशनिक मिसाइल, जिसे गुरुवार को यूक्रेन पर दागा गया था, को ट्रैक करके मार गिराया नहीं जा सकता। उन्होंने मिसाइल के सीरियल उत्पादन की शुरुआत का भी आदेश दिया है। उनके इस आदेश से साफ लग रहा है कि वह यूक्रेन को खत्म करने के ही मूड में हैं।पुतिन ने कहा है कि मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आज दुनिया में ऐसी मिसाइल का कोई जवाबी उपाय नहीं है, इसे रोकने का कोई साधन नहीं है। और मैं एक बार फिर इस बात पर जोर दूंगा कि हम इस लेटेस्ट सिस्टम का टेस्ट जारी रखेंगे। इसका सीरियल उत्पादन स्थापित करना आवश्यक है। अपने सैन्य प्रमुखों के साथ टेलीविजन पर हुई बैठक के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि देश को मिसाइल का सीरियल उत्पादन शुरू करने की ज़रूरत है। पुतिन ने कहा, यह फ़ैसलाज प्रभावी रूप से लिया जा चुका है।

पुतिन ने अपने बयान में आगे कहा कि यह हथियार मैक 10 या 2.5-3 किमी प्रति सेकंड (ध्वनि की गति से 10 गुना) की गति से ट्रैवल करता है, उन्होंने कहा कि इस हथियार का मुकाबला करने का कोई तरीका नहीं है।

#### स्पीड से टारगेट तक पहुंचती है मिसाइल

उन्होंने कहा कि मिसाइलों और अन्य हथियारों के निर्माण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले दिनप्रो में एक प्रमुख सैन्य-औद्योगिक स्थल पर हमला किया गया था। उन्होंने हमले को एक परीक्षण के रूप में बताया जो सफल था क्योंकि टारगेट तक पहुंचा गया था। यदि रूसी राष्ट्रपति की बातें सही हैं तो मिसाइल हाइपरसोनिक की परिभाषा से भी थोड़ी ऊपर है। स्पीड महत्वपूर्ण है क्योंकि मिसाइल जितनी स्पीड से ट्रैवल करती है, उतनी ही स्पीड से टारगेट तक पहुंचती है। यह जितनी तेज़ी से टारगेट तक पहुंचती है, बचाव करने वाली सेना को प्रतिक्रिया करने के लिए उतना ही कम समय मिलता है। इसलिए पुतिन ने इस नए प्रकार की मिसाइल की घोषणा करते समय इसकी गति पर जोर दिया है।

## बिजनेस टाइकून गौतम अडानी मामले में क्या कहता हैं अमेरिकी कानून



एजेंसी ■ वॉशिंगटन

बिजनेस टाइकून गौतम अडानी फिर मुश्किलों से घिर गए हैं। इस बार अमेरिकी अदालत ने गौतम अडानी सहित आठ लोगों को धोखाधड़ी और रिश्वतखोरी के मामले में आरोपी बनाने का फैसला कर गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कारोबारी अडानी पर आरोप है कि उन्होंने अमेरिका के निवेशकों से पैसे जुटाए और उन पैसों से भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत ऑफर की। ये रिश्वत भी उन प्रोजेक्ट्स के लिए दी गई, जिससे 20 वर्षों में अडानी समूह की कंपनी को 2 बिलियन डॉलर यानी भारतीय रुपयों में करीब 16 हजार 881 करोड़ रुपये का मुनाफा होने का अनुमान है। लेकिन सवाल ये उठ रहा हैं कि भारतीय कारोबारी अडानी को लेकर क्या होगा।

**क्या कहता है अमेरिकी कानून**

दरअसल, अमेरिका में एफसीपीए नाम का कानून है, जिसे फॉरन करप्ट प्रेक्टीसाइज कानून कहते हैं। इसके तहत जो कंपनियां अमेरिका के स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड होती हैं, उन पर कई तरह के निर्देश लागू होते हैं। सबसे बड़ा निर्देश ये होता है कि वे दूसरे देशों के सरकारी अधिकारियों को रिश्वत नहीं दे सकते। लेकिन इस मामले में ठीक उलट हुआ। अमेरिका का कहना है कि इस कंपनी ने उसके निवेशकों को धोखा देकर जोखिम में डाला है। अभियोग में दावा किया गया है कि अडानी ग्रीन और एज्योर के कर्ताधर्ताओं ने व्यावसायिक लाभ हासिल करने के लिए जानबूझकर रिश्वत की पेशकश की। गौतम और सागर अडानी पर प्रतिभूति धोखाधड़ी, साजिश के आरोप हैं। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग ने भी उनके खिलाफ एक दीवानी मामला दायर किया है।

## विदेशी महिलाओं ने जमकर पी शराब, सुबह होते ही लग गए शवों के ढेर

एजेंसी ■ वांग विएंग

लाओस में दुनिया भर से लोग पार्टी करने पहुंचते हैं। यहां की नाइट लाइफ भी काफी फेमस है। रिपोर्ट के अनुसार यहां जहरीली शराब पीने से पिछले कुछ दिनों में छह महिलाओं की मौत हो चुकी है। लाओस के वांग विएंग शहर में पार्टी और एडवेंचर स्पोर्ट्स की चाहत रखने वाले बैकपैकर्स की भरमार है।

लाओस की पुलिस ने छह लोगों की मौत के सिलसिले में नाना बैकपैकर हॉस्टल के मैनेजर और मालिक को हिरासत में लिया। अधिकारियों के अनुसार, लोकप्रिय बैकपैकर डेस्टिनेशन वांग विएंग में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से ब्रिटिश वकील के अलावा ऑस्ट्रेलियाई टीनेजर और एक अमेरिकी महिला और दो डेनमार्क की युवतियों की मौत हो गई है।



दावा किया जा रहा है कि मेथनॉल मिली शराब इन लोगों को पीने के लिए दी गई थी। मेथनॉल को कभी-कभी अवैध रूप से वास्तविक इथेनॉल के सस्ते विकल्प के रूप में उपयोग किया जाता है। यहां इथेनॉल पर टैक्स ज्यादा होने के कारण बार मालिक मेथनॉल का इस्तेमाल करते हैं। रिपोर्ट में जिस हॉस्टल कम बार में यह वारदात हुई उसे संगठित अपराध से जुड़ी एक खतरनाक जगह बताया गया है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि इस बार में ड्रग्स का मेन्यू भी है, जिसमें जॉइंट या बैग में वीड, हैप्पी ब्राउनीज, अफीम, मशरूम और केटामाइन खरीदने का विकल्प शामिल है।

### फ्रांस और नॉर्वे ने इजरायल पर आईसीसी की कार्रवाई का किया समर्थन

**पेरिस।** फ्रांस ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद देफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय का समर्थन किया है। आईसीसी के प्री-ट्रायल चैंबर ने नेतन्याहू और गैलेंट पर अक्टूबर 2023 से मई 2024 के बीच युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप लगाए हैं। मोहम्मद देफ पर गाजा और इजरायल के क्षेत्रों में युद्ध अपराध करने का आरोप है। फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्रिस्टोफ लेमोइन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय स्थिरता की गारंटी है और इसके आदेशों का पालन आवश्यक है। फ्रांस ने स्पष्ट किया कि वह दंड से मुक्ति के खिलाफ संघर्ष को अपनी प्राथमिकता मानता है। हालांकि जब नेतन्याहू की संभावित गिरफ्तारी के बारे में पूछा गया, तो प्रवक्ता ने इसे कानूनी रूप से जटिल बताते हुए कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया।




कराची में खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम आदिवासी जिले में बंदूकधारियों द्वारा यात्री वाहनों पर गोलीबारी करने के बाद, मजलिस-ए-वहदत-ए-मुसलमीन के पाकिस्तानी शिया मुस्लिम समर्थक लोगों की हत्याओं की निंदा करने के लिए नारे लगाते हुए तख्तियां थामे हैं।

**अभियान** | इसका उद्देश्य कॉलेज शिक्षा सस्ती और अधिक सुलभ बने

## क्या ट्रंप अमेरिकी शिक्षा मंत्रालय करेंगे बंद, शिक्षा प्रणाली में होगा बदलाव

एजेंसी ■ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद कयास लगाए जा रहे हैं ट्रंप प्रशासन अमेरिकी शिक्षा मंत्रालय बंद कर देगा। ट्रंप ने अपने चुनावी अभियान में संघीय शिक्षा विभाग की आलोचना की थी और इसे कट्टरपंथी नौकरशाही बताया था। ट्रंप का कहना है कि यह मंत्रालय अमेरिकी परिवारों के जीवन में हस्तक्षेप करता है और इस पर उनके विचारों में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। अब ट्रंप ने पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई सीईओ और पेशेवर रेस्लर लिंडा मैकमोहन को शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपने



की योजना बनाई है, जिससे यह संकेत मिलता है कि अमेरिकी शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव आ सकता है। उनके दृष्टिकोण के मुताबिक शिक्षा के मामले में केंद्रीय स्तर पर फैसले लेने की बजाय राज्य स्तर पर नियंत्रण होना चाहिए। ट्रंप का मानना है कि इससे ज्यादा प्रभावी परिणाम मिल सकते हैं और स्थानीय जरूरतों के हिसाब से बेहतर तरीके से शिक्षा की व्यवस्था की जा सकती है।

ट्रंप चाहते हैं कि राज्य सरकारों को शिक्षा से संबंधित सभी फैसला लेने का अधिकार मिले, ताकि स्कूलों की नीतियां और पाठ्यक्रम केंद्र सरकार के प्रभाव से बाहर रह सकें। उनका यह भी कहना है कि अमेरिका में बच्चों पर जो खर्च किया जाता है, वह अन्य देशों की तुलना में काफी ज्यादा है, लेकिन फिर भी परिणाम संतोषजनक नहीं होते। वह इस समस्या का समाधान राज्य स्तर पर शिक्षा नीति को नियंत्रित करके करना चाहते हैं। इसके अलावा, ट्रंप का उद्देश्य है कि कॉलेज शिक्षा सस्ती और अधिक सुलभ बने, जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्रों को डिग्री मिल सके। वह चाहते हैं कि अमेरिकी शिक्षा प्रणाली में देशभक्ति और पश्चिमी सभ्यता के मूल्यों को बढ़ावा दिया जाए। उनका आरोप है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में छात्रों को मार्क्सवादी विचारधारा सिखाई जा रही है, और वह इसके खिलाफ कार्रवाई करने की योजना रखते हैं। यदि ट्रंप की सरकार शिक्षा मंत्रालय को बंद करती है, तो सबसे पहले शिक्षा से जुड़े फैसले राज्य और स्थानीय स्तर पर लिए जाने लगेंगे। हालांकि कुछ मामलों में यह पहले से ही लागू है, लेकिन संघीय स्तर पर लोन से जुड़े मुद्दे जैसे महत्वपूर्ण काम अब राज्य स्तर पर होंगे। अमेरिकी शिक्षा मंत्रालय वर्तमान में 1.6 ट्रिलियन डॉलर के फेडरल स्टूडेंट लोन प्रोग्राम को देखता है और कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए नियम और नीतियां बनाता है। इस मंत्रालय के बंद होने से इन मामलों पर बड़ा असर पड़ सकता है। ट्रंप की योजना से अमेरिकी शिक्षा प्रणाली में कई बदलाव हो सकते हैं।

## प्यार के लिए हर हफ्ते जाता था चीन से आस्ट्रेलिया प्रेमी, फ्लाइट पर खर्च की लाखों

एजेंसी ■ बीजिंग

इंसान प्यार के लिए किसी भी हद से गुजर सकता है। ऐसा ही उदाहरण ऑस्ट्रेलिया में देखने को मिला यहां पढ़ाई कर रहे एक चीनी व्यक्ति ने अपने प्यार के लिए किया है। यह शख्स अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने हर हफ्ते चीन से ऑस्ट्रेलिया से जाता था और ऐसा उसने लगातार तीन महीनों तक किया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 28 साल का गुआंग्ली ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आरएमआईटी विश्वविद्यालय में आर्ट्स मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा है। उसका घर चीन के शांदोंग प्रांत में है, जहां उसकी गर्लफ्रेंड भी रहती है। जू की गर्लफ्रेंड ने भी ऑस्ट्रेलिया से पढ़ाई की थी और कोर्स पूरा हो जाने के बाद वापस चीन लौट गई, जिसके बाद अगस्त से अक्टूबर तक तीन महीनों के लिए गुआंग्ली को चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच अप-डाउन करना पड़ा क्योंकि उसे हफ्ते में केवल एक दिन क्लास अटेंड करनी होती थी। इस दौरान गुआंग्ली मेलबर्न के लिए उड़ान भरता था, अगले दिन क्लास में शामिल होता था और उसे अगले दिन चीन के लिए रवाना हो जाता था।



▪ डॉ. मीनेश शाह

# सहकारी पुनर्जागरण विकास और समृद्धि के लिए नए अवसर प्रदान करता है

यह ऐतिहासिक सफलता पूरे देश में सहकारी संस्थानों द्वारा सात दशकों के निरंतर कड़ी मेहनत और प्रयासों का परिणाम है। भारत में, डेयरी दूध उत्पादन तक ही सीमित नहीं है, यह 80 मिलियन से अधिक परिवारों के लिए आजीविका स्रोत के रूप में कार्य करता है, महिलाओं को शक्ति देता है, पोषण और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है और समावेशी ग्रामीण विकास के एक प्रमुख चालक के रूप में कार्य करता है। 2019 में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी के एक अलग और समर्पित मंत्रालय की स्थापना, इसके बाद 2021 में सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद, सहकारी मॉडल में भारत के विश्वास को प्रतिबिंबित किया गया और देश को समृद्धि लाने की इसकी क्षमता को दर्शाता है। इसने सहकर से समृधि देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए उन्नत किया है। तीन साल की एक छोटी अवधि के भीतर मंत्रालय ने पूरे सहकारी क्षेत्र के समग्र और समावेशी विकास के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय किए हैं।

**भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है जो सालाना 231 मिलियन टन दूध का उत्पादन कर रहा है, जो वैश्विक उत्पादन का लगभग एक चौथाई है। सहकारी समितियों के माध्यम से, लाखों छोटे और सीमांत किसान एकजुट हुए हैं जो देश में 1.7 लाख डेयरी सहकारी समितियों का नेटवर्क बना रहे हैं और प्रति दिन 100 मिलियन लीटर दूध की प्रसंस्करण क्षमता के साथ बड़े पैमाने पर संयंत्रों की स्थापना करते हैं।**

**भारत में डेयरी सहकारिता:** भारत में 29 विभिन्न क्षेत्रों में 8 लाख से अधिक डेयरी सहकारी समितियों है जो लगभग 2 9 करोड़ सदस्यों की सेवा कर रही हैं। इनमें से कृषि-संबंधित सहकारी समितियों, जैसे प्राथमिक कृषि क्रेडिट सोसाइटी, डेयरी, डेयरी और मत्स्यपालन शिकारी समितियां,ग्रामीण समुदायों को बाजार क्रेडिट और तकनीकी सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये सहकारी समितियां सामान की खरीद और उत्पादों के विपणन को सुविधाजनक बनाती हैं तथा यह सुनिश्चित करती हैं कि किसानों को बाजार में उचित कीमत मिलती रहे। आज भारत के डेयरी सहकारी नेटवर्क में 268 जिला दूध यूनियन और 1.44 लाख सक्रिय गांव-स्तरीय समितियों के साथ लगभग 1.72 करोड़ सदस्यों के साथ 23 राज्य स्तरीय विपणन संघ और शीर्ष संगठन शामिल हैं। यह नेटवर्क रोजाना 660 लाख किलोग्राम दूध इकट्ठा करता है और प्रति दिन 440 लाख लीटर दूध बेचता है। डेयरी सहकारी समितियों में, डेयरी क्षेत्र के कार्यों में लगभग 70त्न महिलाएं शामिल है। ये सहकारी समिति महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करती है। वे महिलाओं को आत्मविश्वास, मनोबल, और नेतृत्व कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित करते हैं। आज, महिलाएं डेयरी सहकारी समितियों की कुल सदस्यता का लगभग 35त्न हिस्सा है, जिसमें 61 मिलियन से अधिक महिलाएं सक्रिय सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त, देश भर में लगभग 48,000 महिला-विशिष्ट डेयरी सहकारी समितियां काम कर रही हैं। इसी प्रकार, दूध निर्माता संगठन महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के लिए भी अवसर प्रदान करते हैं। भारत में महिलाओं की भागीदारी से सहकारी डेयरी सेक्टर महिला के नेतृत्व में एक डेयरी उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है।

**सहकारी पुनर्जागरण:** सहकारी पुनर्जागरण का प्राथमिक लक्ष्य प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सहकर से समृद्धि के दृष्टिकोण के अंतर्गत सहकारी आंदोलन को मजबूत करना और इसे सबसे निचले वर्ग तक पहुंचना है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय ने पंचायतों और गांवों में नए पीएसीएस, डेयरी और मत्स्यपालन सहकारी समितियों को स्थापित करने का उद्देश्य निर्धारित किया है जहां वे वर्तमान में मौजूद नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, मौजूदा पीएसीएस, डेयरी, और मत्स्यपालन सहकारी समितियों को नाबार्ड एनडीडीबी और एनएफडीबी के समर्थन के साथ अधिक सशक्त बनाया जाएगा। सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने के लिए यह बदलाव जरूरी था जिससे जमीनी स्तर की सहकारी



समितियों को समृद्ध व्यावसायिक संस्थाओं में बदला का सके। यह महत्वपूर्ण है कि सभी पंचायत / गांव एक सक्षम पीएसीएस / डेयरी / मत्स्यपालन सहकारिता के तहत आते हैं। इससे लाखों छोटे और सीमांत किसान सदस्यों को क्षेत्रीय विकास से समान लाभ प्राप्त होगा और ग्रामीण समृद्धि प्राप्त करने सहायता सहायता मिलेगी। देश में लगभग 2.7 लाख ग्राम पंचायत हैं। लगभग 1.6 लाख ग्राम पंचायतों में पीएसीएस नहीं है, और लगभग 2 लाख ग्राम पंचायतों में डेयरी सहकारी समिति की कमी है। इस संबंध में, फरवरी 2023 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अगले पांच वर्षों में 2 लाख पीएसीएस, डेयरी और मत्स्यपालन सहकारी समितियों की स्थापना को मंजूरी दे दी। योजना की समय पर कार्यान्वयन और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए, गृह और सहकारिता मंत्री ने एक मानक ऑपरेटिंग प्रक्रिया गाइड लॉन्च किया। योजना के मुताबिक, नाबार्ड लगभग 70,000 नए बहुउद्देश्यीय पीएसीएस स्थापित करेगा, एनडीडीबी लगभग 1,03,000 डेयरी सहकारी समितियों, और राष्ट्रीय मत्स्यपालन विकास बोर्ड को मजबूत और मजबूत करेगा लगभग 11,500 मत्स्यपालन सहकारी समितियों स्थापित करेगा। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारें लगभग 25,000 नए एम-पीएसीएस, डेयरी और मत्स्यपालन सहकारी समितियों की स्थापना की जाएगी।

**श्वेत क्रांति 2.0 (व्हाइट क्रांति 2.0):** पिछले छह दशकों में, एनडीडीबी और राज्य और केंद्र सरकारों के सहयोगी प्रयासों के माध्यम से, देश भर में लगभग 1.44 लाख सक्रिय डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना की गई है। अब, व्हाइट क्रांति 2.0 पहल के तहत, 1.03 लाख नए बहुउद्देश्यीय डेयरी सहकारी समितियों बनाने की योजना है और अगले पांच वर्षों में मौजूदा लोगों को सशक्त बनाता है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी और देश में दूध उत्पादन और वितरण में नए मुकाम हासिल होंगे। बहुउद्देश्यीय पीएसीएस वाणिज्यिक केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं। नए कानूनों को अपनाने से समितियां अब डेयरी समेत 25 से अधिक विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं।

**नए बहु-राज्य सहकारी समिति:** स्थानीय से वैश्विक स्तरः राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जमीनी स्तर की सहकारी समितियों को जोड़ने के लिए तीन राष्ट्रीय स्तर के बहु-राज्य सहकारी समितियों की स्थापना की गई है-

1. राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल)
2. भारतीय बेईज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल)
3. राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल)

ये पहल भारत के सहकारी आंदोलन के इतिहास में एक क्रांतिकारी कदम का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका उद्देश्य स्थानीय सहकारी समितियों को व्यापक बाजारों के साथ जोड़ने, उनकी क्षमताओं को बढ़ाने और विकास के लिए नए रास्ते खोलने का लक्ष्य है। कार्बनिक उत्पादों, गुणवत्ता के बीज और निर्यात पर ध्यान केंद्रित करके, इन सहकारी समितियों को वैश्विक स्पॉटलाइट में सहकारी उद्यमों को लाने, देश भर में किसानों और ग्रामीण समुदायों को लाभान्वित करने के लिए तैनात किया जाता है।

राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड का उद्देश्य कार्बनिक उत्पादों की क्षमता की पहचान करना और एक स्वस्थ कृषि पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। भारतीय बेज सहकारी समिति लिमिटेड उच्च गुणवत्ता वाले बीज के उत्पादन, प्रसंस्करण और वितरण को बढ़ावा देता है। इस बीच, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड सहकारी व्यापार को बढ़ाने और वैश्विक उत्पादों को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने के लिए काम करता है।

एनडीडीबी एनसीओएल का मुख्य प्रमोटर है। एनसीओएल की स्थापना सरकार के पूरे सरकारी दृष्टिकोण के साथ संरेखित करती है, जिसमें संबंधित मंत्रालयों, विभागों और एजेंसियों के साथ सहयोग शामिल है। एनसीओएल संग्रह, खरीद, प्रमाणीकरण, परीक्षण, ब्रांडिंग, प्रसंस्करण, भंडारण, और जैविक उत्पादों के विपणन के लिए एक व्यापक संगठन के रूप में कार्य करता है। इसी प्रकार, फसल की पैदावार में सुधार करने और स्वदेशी प्राकृतिक बीज के संरक्षण और प्रचार के लिए एक प्रणाली विकसित करने के लिए, बीबीएसएसएल को सहकारी समितियों के नेटवर्क के माध्यम से एक ही ब्रांड के तहत गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन, खरीद और वितरित करने के लिए स्थापित किया गया है। बीबीएसएसएल सहकारी समितियों के माध्यम से भारत में गुणवत्ता वाले बीजों के उत्पादन में वृद्धि करने में मदद करेगा। घरेलू सहकारी उत्पादों के लिए वैश्विक पहचान बनाने के लिए, देश के पूरे सहकारी क्षेत्र के लिए निर्यात की सुविधा के लिए एनसीईएल को एक ही संगठन के रूप में स्थापित किया गया है। यह समिति कृषि, बागवानी, डेयरी, कुक्कुट, पशुधन, मत्स्यपालन, चीनी, मसालों, कार्बनिक उत्पादों, उर्वरकों, आदि में सहकारी प्रयासों को बढ़ावा देगी।

**निष्कर्ष:** सहकारी संस्थानों ने देश में एक मजबूत आधारभूत संरचना बनाई है। इन संसाधनों के बेहतर समन्वय और उपयोग द्वारा, सामूहिक प्रभाव को और बढ़ाया जा सकता है। सदस्य किसानों की आय बढ़ाने के लिए, सहकारी समितियों को नई रणनीतियों को अपनाने की आवश्यकता होगी। इनमें उन्नत और आधुनिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग, परिचालन क्षमता में सुधार, आय के स्रोतों की विविधता और भागीदारी को बढ़ावा देना शामिल है। इन पहलों को लागू करके सहकारी समिति नई संभावनाओं का पता लगा सकते हैं और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका को मजबूत कर सकते हैं।

**– अध्यक्ष, एनडीडीबी, एनसीओएल और एनसीडीएफआई**

# निकाय चुनाव से क्यो दूर भाग रही है धामी सरकार!

उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार निकाय चुनाव कराने से बच रही है, इसके लिए सरकार लगातार नए-नए रास्ते खोज रही है,ताकि चुनाव टाले जा सके।राज्य में निकाय चुनाव 7 महीने पूर्व होने थे, लेकिन ओबीसी आरक्षण की रिपोर्ट पूरी न होने के चलते इन चुनाव को टाल दिया गया और निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति कर दी गई। नियम के अनुसार मात्र 6 महीने तक ही निकायों में प्रशासक बनाए जा सकते हैं।उत्तराखंड में अब 6 माह बीत जाने के बाद भी निकायों में अभी तक प्रशासक तैनात है, जबकि विपक्षी पार्टियां लगातार निकाय चुनाव के लिए राज्य सरकार से मांग करती आ रही हैं। उत्तराखंड में 7 माह पूर्व ही निकायों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। ऐसे में चुनाव अपने समय से लगभग 7 माह की देरी पर हैं, धामी सरकार की ओर से अभी तक निकाय चुनाव को लेकर कोई भी ठोस कार्यवाही नही की गई है।विपक्षी पार्टियां लगातार निकाय चुनाव को लेकर सरकार पर दबाव बना रही है,लेकिन अभी तक निकाय चुनाव को लेकर राज्य में



असमंजस बना हुआ है। पहले उम्मीद की जा रही थी कि निकाय चुनाव सितंबर या अक्टूबर में हो सकते हैं,लेकिन ये दोनों माह भी बिना चुनाव के बीत गए है। निकाय चुनाव कराने को लेकर नैनीताल हाई कोर्ट में एक रिट याचिका भी विचाराधीन है, जिस पर सुनवाई चल रही है। निकाय चुनाव पिछले कई महीनों से रुका हुआ है, जिसके चलते राज्य की विपक्षी पार्टी कांग्रेस लगातार राज्य सरकार पर आरोप लगा रही है कि भाजपा चुनाव से बचना चाहती है।नगर निकायों का कार्यकाल गत वर्ष दो दिसंबर को समाप्त होने के बाद जब चुनाव की स्थिति नहीं बन पाई तो निकायों को छह माह के लिए प्रशासकों के हवाले कर दिया गया था। इस अवधि में भी चुनाव न होने पर प्रशासकों का कार्यकाल तीन माह बढ़ाया गया। बीते 30 अगस्त को शासन ने नए बोर्ड का गठन होने तक प्रशासकों का कार्यकाल विस्तारित कर दिया था। निकाय चुनाव से संबंधित प्रकरण हाईकोर्ट में भी विचाराधीन है। शासन ने कोर्ट में कहा था कि 25 अक्टूबर तक चुनाव करा लिए जाएंगे, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया है। निकायों में ओबीसी आरक्षण निर्धारण से जुड़ा विषय विधानसभा की प्रवर समिति के हवाले है और समिति को 23 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट देनी थी,जो अभी तक नही आई है।

डॉ श्रीगोपाल नारसन

इस बीच दो नगर पालिकाओं के नगर निगम में उच्चीकृत होने के साथ ही नगर निगम देहरादून समेत आठ अन्य निकायों में दोबारा से परिसीमन कराया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए है, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का कहना है कि विधानसभा में बिल पारित होने के बाद प्रवर समिति को मामला भेजना संसदीय परंपराओं की अवमानना है। प्रवर समिति को भेजने से पहले इन्हें नया बिल पेश करना चाहिए था,जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार निकाय चुनाव कराने से डर रही है।उत्तराखंड के 105 में से 102 निकायों में चुनाव कराए जाएंगे। नगर निकाय चुनाव 2011 की जनगणना के आधार पर ही कराए जाएंगे। ओबीसी आरक्षण की सीमा 14 फीसदी ही रहेगी।विधानसभा की प्रवर समिति ने इस बात को लेकर सहमति जता दी है कि सन 2011 की जनगणना के आधार पर जिस तरह सन 2018 के निकाय चुनाव हुए थे, वैसे ही ओबीसी आरक्षण इस बार के चुनाव में भी दिया जाएगा।गैरसैण विधानसभा सत्र के दौरान पेश किए गए नगर निकाय संशोधन विधेयक को प्रवर समिति में भेजा गया था। भाजपा विधायकों की मांग थी कि नगर निकाय संशोधन विधेयक में ओबीसी सर्वे के लिए मानक तय किए जाएं। इससे राज्य से बाहर से आए लोगों को राज्य में ओबीसी का लाभ नहीं मिल पाएगा।इस पर स्पीकर ने संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रवर समिति बनाई, जिसमें सदस्य के रूप में भाजपा विधायक विनोद चमोली और मुन्ना सिंह चौहान,कांग्रेस विधायक ममता राकेश, हरीश धामी व बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद को शामिल किया गया।कांग्रेस ने निकाय चुनाव को लेकर पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से वार्ड स्तर पर मजबूत करने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। साथ ही नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां को अंतिम रूपदिया जा रहा है। हरिद्वार जिले के प्रभारी प्रकाश जोशी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 21 नवंबर बूथ, ब्लॉक से महानगर तक की कमेटियों का गठन कर लिया जायेगा। इसके साथ ही भाजपा सरकार पर निकाय चुनाव टालने के आरोप लगाए। कांग्रेस के हरिद्वार जिले के प्रभारी एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी ने कहा पूरे प्रदेश में संगठन चुनाव चल रहे हैं जिसमें हरिद्वार की जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें दी है ,उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन चुनाव पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि जिले में बूथों की कमेटी का गठन अगले सात दिनों में पूरा कर दिया जाएगा उससे पूर्व ब्लॉक और महानगर की कमेटियों का गठन भी जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा सरकार आम आदमी की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पा रही है। पहाड़ पूरे खाली हो रहे हैं बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है आएं दिन नई घटनाएं सामने आती हैं। उन्होंने कहा नारायण दत्त तिवारी सरकार में जो उद्योग लगे वही है और कई सरकार की नीतियों से बंद हो गए लेकिन नए उद्योग सरकार नहीं लाई। वहीं उन्होंने सरकार पर स्थानीय निकाय चुनाव को टालने का आरोप लगाया। हरिद्वार से लोकसभा प्रत्याशी रहे वीरेंद्र रावत ने कहा कि हाल ही में हुए विधानसभा उप चुनावों में हुई हार से भाजपा घबराई हुई है और निकाय चुनाव करवाने से डर रही है।

## राजकाज



### आम भारतीय की किसे है फिकर

अमेरिका में रिश्व और भ्रष्टाचार मामले में गौतम अडानी का नाम आने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अडानी समूह से जुड़े 'भ्रष्टाचार' की क़ीमत आम भारतीय को चुकानी पड़ रही है। इस मामले को लेकर राहुल ने सोशल मीडिया पर जो पोस्ट किया है उसके मुताबिक यह भ्रष्टाचार का बेहद ख़तरनाक खेल है। अडानी मोदी जी को फंड देते हैं और बदले में मोदी जी उन्हें देश की राष्ट्रीय संपत्ति सौंपते हैं। वे दोनों सबसे पहले एक-दूसरे की रक्षा करते हैं। बात तो सही है कि क्योंकि देश में हो या बाहर आर्थिक भार तो भारतीय नागरिकों के कंधे पर ही आता है, जिसे लेकर कहा जा रहा है कि आखिर आम जनता की चिंता किसे है, सभी तो अमीरों को आगे बढ़ाने और उन्हें बचाने में लगे हुए हैं।

### क्या वाकई सपा समाप्तवादी पार्टी हो रही

उत्तर प्रदेश में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आते उससे पहले ही कुंदर की विधानसभा सीट जो मुस्लिम बहुल है में भाजपा प्रत्याशी की बढ़त को देख बीजेपी नेता खासे उत्साहित नजर आए। यह अलग बात है कि मुलायम परिवार के गढ़ करहल और सीमामऊ से समाजवादी पार्टी ही आगे नजर आई, लेकिन उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव पर यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव की पीडीए फर्जी है। यह परिवार विकास एजेंसी है। उनकी असलियत लोगों के सामने आ गई है। लोकसभा में उन्होंने जो झूठ और छल का प्रचार किया, वह अब काम नहीं करेगा। इसी के साथ उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी हो गई है। अब यह दावा कितना सही है, इस पर विश्लेषक अपनी राय देंगे, लेकिन सवाल यही है कि क्या उपचुनाव किसी पार्टी के अस्तित्व को तय कर देते हैं?

### अब ओली को हो रहा चीन पर भरोसा

हिंदी-चीनी भाईभाई के परिणाम के बाद से भारत चीन से संबंध तो बनाए रखा है, लेकिन भरोसे की जब बात आती है तो हजार बार सोचना पड़ता है। यही नहीं चीन पर जिसने भरोसा किया उसे मुंह की खानी पड़ी है, फिर चाहे वह पाकिस्तान हो या श्रीलंका सभी ने इसका मजा चख लिया है। अब नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली कह रहे हैं कि चीन की उनकी आगामी आधिकारिक यात्रा काफी सफल रहने वाली है। बतौर प्रधानमंत्री कार्यभार संभालने के बाद किसी पड़ोसी देश की यह उनकी पहली यात्रा होने जा रही है, जिसे लेकर वो उत्साहित हैं। इसलिए ओली कह रहे कि मैं दो दिसंबर को चीन की यात्रा पर जा रहा हूं और यह महज एक दौरा नहीं होगा।'

### दिल्ली फिर आई चुनाव मोड में

दिल्ली में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने अभी से मोहरे जमाना शुरु कर दिए हैं। पहले आम आदमी पार्टी ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सभी को जगाने का काम किया तो वहीं बीजेपी ने चुनावी तैयारियों को तेज करते हुए आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत को ही चुनाव से जुड़ी जिम्मेदारी सौंप दी।

## फीचर



# सर्दियों में बच्चों की करें ज्यादा देखभाल


**नवजात बच्चों को शुरुआती दौर में ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। इसलिए अपने बच्चे को सर्दी से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम करें।**

आमतौर पर लोग बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए खूब सारे कपड़े लाद देते हैं, जिससे नवजात बच्चा पूरे समय असहज महसूस करता है। ऐसे में डॉक्टर कहते हैं कि बच्चे को इतना भी न ढक दें कि उसकी त्वचा सांस न ले पाए। कुछ लोग सर्दी से बचाने के लिए दिनभर घर में ब्लोअर या हीटर चलाकर रखते हैं। इस तरह के उपाय भी नवजात बच्चे की सेहत के लिए नुकसानदेह साबित हो सकते हैं। बाल रोग विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों को सर्दी से बचाना जरूरी है, पर बचाव का ये तरीका उन्हें दूसरी परेशानियों में डाल सकता है। ऐसे में गर्माहट बरकरार रखने इस प्रकार के उपाया करें। नवजात बच्चों को नहलाते वक्त इस बात का ध्यान रहे कि गर्दन के ऊपर पानी न जाने पाए. बच्चे को गर्दन के नीचे से ही नहलाएं। चेहरे, सिर और गर्दर को गीले कपड़े से पोछ सकते हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि नाक, कान और मुंह से पानी अंदर जा सकता है। सर्दी से बचने के लिए ब्लोवर या हीटर का इस्तेमाल न करें। इससे निकलने वाली ड्राई एयर बच्चे को नुकसान पहुंचाती है। इसकी जगह आप ऑयर हीटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। बच्चों को बहुत ज्यादा कपड़े नहनाने की बजाय, उसका तलवा, उसकी हथेली और उसके कान व सिर ढक कर रखें। यहीं से सबसे ज्यादा सर्दी लगने का डर होता है। इसलिए बच्चों के टोपी, दस्ताने और मोजे जरूर पहनाएं। सर्दियों में धूप बहुत जरूरी है इसलिए रोजाना सुबह बच्चे को सन बाथ जरूर कराएं। इससे उनकी हड्डियों के विकास में मदद मिलेगी। एक से डेढ महीने तक बच्चे को घर में बाहर से आने वाले लोगों के संपर्क में न जाने दें। खासतौर से अगर वह व्यक्तिं संक्रमित हो तो उसकी गोद में बच्चे को हरगिज न दें।

## प्रेरणा

# बद्धजीव का कर्मक्षेत्र

अर्जुन प्रकृति, पुरुष, क्षेत्र, क्षेत्रज्ञ, ज्ञान तथा ज्ञेय के विषय में जानने का इच्छुक था। जब उसने इनके विषय में पूछा तो कृष्ण ने कहा कि यह शरीर क्षेत्र कहलाता है और इस शरीर को जानने वाला क्षेत्रज्ञ है। यह शरीर बद्धजीव के लिए कर्म-क्षेत्र है। बद्धजीव इस संसार में बंधा हुआ है और वह भौतिक प्रकृति पर अपना प्रभुत्व प्राप्त करने का प्रयत्न करता है। इस प्रकार प्रकृति पर प्रभुत्व दिखाने की क्षमता के अनुसार उसे कर्म-क्षेत्र प्राप्त होता है। यह कर्म-क्षेत्र शरीर है। और यह शरीर क्या है? शरीर इन्द्रियों से बना हुआ है। बद्धजीव इन्द्रियतृप्ति चाहता है, और इन्द्रियतृप्ति को भोगने की क्षमता के अनुसार ही उसे शरीर या कर्म-क्षेत्र प्रदान किया जाता है। इसीलिए बद्धजीव के लिए शरीर क्षेत्र अथवा कर्मक्षेत्र कहलाता है। जो व्यक्ति अपने को शरीर मानता है, वह क्षेत्रज्ञ कहलाता है। क्षेत्र तथा क्षेत्रज्ञ अथवा शरीर और शरीर के ज्ञाता (देही) का अन्तर समझ पाना कठिन नहीं है। कोई



भी व्यक्ति सोच सकता है कि बाल्यकाल से वृद्धावस्था तक उसमें अनेक परिवर्तन होते रहते हैं, फिर भी वह व्यक्ति वही रहता है। इस प्रकार कर्म-क्षेत्र के ज्ञाता तथा वास्तविक कर्म-क्षेत्र में अन्तर है। एक बद्धजीव जान सकता है कि वह अपने शरीर से भिन्न है। बताया गया है कि जीव शरीर के भीतर है और यह शरीर बालक से किशोर, किशोर से तरुण तथा तरुण से वृद्ध के रूप में बदलता जाता है और शरीरधारी जानता है कि शरीर परिवर्तित हो रहा है। स्वामी स्पष्टत- क्षेत्रज्ञ है। कभी-कभी हम सोचते हैं। मैं सुखी हूं, मैं पुरुष हूं, मैं स्त्री हूं। यह ज्ञाता की शारीरिक उपाधियां हैं, लेकिन ज्ञाता शरीर से भिन्न होता है।

## अपनी बात



श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भू-दृश्य बहाली (लैंडस्केप रिस्टोरेशन) पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि इसे व्यापक रूप से अपनाया जाए, तो यह न केवल पर्यावरणीय संतुलन बहाल करेगा बल्कि सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगा। यह पर्यावरण संरक्षण तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक विकास के अवसर भी पैदा करती है।



जीतू पटवारी ने कहा कि अडाणी पर अमेरिका में कार्रवाई हो सकती है तो उनके खिलाफ भारत में कार्रवाई क्यों नहीं हो सकती। पटवारी ने आगे कहा कि मोदीजी नारा लगाते हैं, देश नहीं बिकने दूंगा उनका नारा अब अडाणी के लिए होगा कि देश नहीं छूटने दूंगा। 10 साल में साढ़े 16 लाख करोड़ की कर्ज माफी और फायदा अडाणी को दिया गया है। देश में बिजली की कीमत 10 साल में 5 से 7 गुना बढ़ी है। उसके पीछे षड्यंत्र है।

# लारीनजील ट्रेमर्स का बेस्ट उपचार है हिंदुस्तानी गीत

**मिसूरी** विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ प्रोफेशंस में संचार विज्ञान एवं विकृतियों के प्राध्यापक नंदू राधाकृष्णन के अनुसार हिंदुस्तानी एवं मोजार्ट जैसी शास्त्रीय गायन शैलियां काफी भिन्न हैं। हिंदुस्तानी गायन में प्रस्तुति देने वाला अपनी आवाज में स्वैच्छिक आधार पर उतार-चढ़ाव लाने के लिए तान का इस्तेमाल करता है। शास्त्रीय संगीत में आवाज में बदलाव के लिए मुरकियां लेते हैं। इस ज्ञान के साथ हम ऐसी विशिष्ट उपचार पद्धति विकसित कर पाने में सफल हो सकते हैं, जिससे लारीनजील ट्रेमर्स का इलाज हो सके। जर्नल ऑफ वॉयस में प्रकाशित अध्ययन में राधाकृष्ण ने हिंदुस्तानी एवं पश्चिमी शास्त्रीय संगीत के बीच कई भिन्नताओं का पता लगाया है। राधाकृष्णन के अनुसार प्राथमिक भिन्नता यह होती है कि हिंदुस्तानी संगीत में आवाज के उतार-चढ़ाव के मामले में गहरा अवरोह होता है। राधाकृष्णन के शब्दों में इसे तान का चलन कहते हैं। इसके विपरीत पश्चिमी शास्त्रीय संगीत में मुरकियां लगाई जाती हैं, जिसमें आवाज में उतार-चढ़ाव बहुत सुगम तरीके से किया जाता है। पश्चिमी गायक अपने गायन की आवृत्ति को बढ़ाने के लिए एक विशिष्ट दायरे को बढ़ाते हैं। इसमें कंठ को संकुचित कर और स्वर यंत्र को फैलाकर ऐसी आवाज निकाली जाती है, जो कानों को मधुर लगती है। लेकिन हिंदुस्तानी संगीत में गायक इस पद्धति का इस्तेमाल नहीं करता। वह पश्चिमी शास्त्रीय संगीत की तुलना में अपने स्वर को बेहद नीचे ले जाता है और गाते समय उसकी आवाज उसकी सामान्य स्थिति में बोली जाने वाली आवाज के बेहद करीब होती है।

**बोलने में होने वाली दिक्कत संबंधी व्याधि लारीनजील ट्रेमर्स का उपचार तलाशने के क्रम में अमेरिकी शोधकर्ता अब हिंदुस्तानी संगीत और मोजार्ट, वेनेगर, पुसीनी जैसे पश्चिमी शास्त्रीय संगीत का तुलनात्मक अध्ययन कर रहे हैं।**



# स्लिप डिस्क, श्याटिका और सरवाइकल में अच्छे परिणाम देता है मकरासन

**आज की दिनचर्या में हम 90 फ़ीसदी आगे झुकने वाले कार्य करते हैं, इसलिए आज पीठ दर्द, सरवाइकल, कमर दर्द आदि आम हो गए हैं। कमरदर्द की समस्या होने पर आप मकरासन से लाभ प्राप्त कर सकते हैं।**



## कैसे होगी प्रक्रिया

पेट के बल लेट जाइए, दोनों पैरों को मिलाकर रखिए अपने कंधे और सिर को उठाइए और दोनों हाथों की कलाई को मिलाकर ठुड्डी के नीचे रखें। उंगलियों को गाल के साथ लगाकर रखिए। दोनों कोहनियों को मिलाकर रखिए। अगर गर्दन या रीढ़ में असहनीय खिंचाव आए तो उस स्थिति में आप दोनों कोहनियों के बीच में थोड़ा फासला दे सकते हैं। ऐसा करने पर खिंचाव को सहन किया जा सकेगा।

अगर सरवाइकल या गर्दन के पिछले हिस्से पर दर्द है तो कोहनियों को ठुड्डी के आगे रखिए। अगर कमर में दर्द या थकान है तो कोहनियों को पीछे की ओर यानी ठुड्डी की सीध में जमीन पर रखिए। ध्यान रीढ़ की ओर लगाकर रखें और खिंचाव को महसूस करें। खिंचाव सहन न किया जा सके तो दोनों हथेलियों को ठुड्डी से हटाकर जमीन पर रखिए।

## आवश्यक सावधानी

एक-दूसरे के ऊपर और दाएं गाल को हथेलियों पर रखें। इस स्थिति में दोनों पैरों में एक से दो फुट का अंतर रखें और पैरों को पलटकर इस प्रकार रखिए कि पैरों की उंगलियां बाहर की तरफ और एक-दूसरे की विपरीत दिशा में रहें।

- मकरासन से स्लिप डिस्क, श्याटिका और सरवाइकल के दर्द में लाभ मिलता है।
- आप सुविधानुसार मकरासन की अवधि तय कर सकते हैं। इस आसन को दो-तीन बार दोहराया जा सकता है।
- मकरासन सरल होते हुए भी स्लिप डिस्क, श्याटिका और सरवाइकल के दर्द में अच्छे परिणाम देता है, क्योंकि मकरासन दो कशेरुकाओं के बीच के दबाव को कम करता है.
- दमा या सांस संबंधी रोगों में लाभ मिलता है। मकरासन की स्थिति में फेफड़ों में फैलाव आता है और ज़्यादा शुद्ध हवा का आदान-प्रदान होता है।

## गले में खराश हो तो...

एक गिलास गर्म पानी में आधा चम्मच नमक डालकर दिन में तीन बार गरारे करने से गले की खराश, गले के दर्द में आराम मिलता है। यह उपाय गले की खराश के अतिरिक्त खांसी, सर्दी जुकाम व फ्लू में भी फायदेमंद है।

# जानें कुशा की खासियत



**रंग :** कुशा का रंग हरा होता है।
**स्वाद :** कुशा का स्वाद फीका और कषैला होता है।
**स्वरूप :** कुशा का पेड़ कासा के पेड़ के समान होता है। इसके पेड़ बरसात के मौसम में होते हैं।
**प्रकृति :** कुशा की प्रकृति शीतल होती है।
**गुण :** कुशा और डाभ शीतल, मीठी, कषैली व स्निग्ध होती हैं। यह कफ को बढ़ाने वाली और वीर्य व खून को साफ करने वाली होती हैं। सांस रोग, मूत्ररोग, कामला (पीलिया), प्रदर, उल्टी, बेहोशी और पथरी को खत्म करने के लिए इस औषधि का प्रयोग किया जाता है। इसके सेवन से भूख बढ़ती है। कुशा की जड़ ठंडी और मीठी होती है। यह रुचि को बढ़ाती, खून को साफ करती है, बुखार को खत्म करती है और प्यास को शांत करती है। यह पीलिया और पित्त रोग में भी लाभकारी है।

## विभिन्न रोगों में उपयोग

**मूत्ररोग :** कुशा की जड़ 3 से 6 ग्राम की मात्रा में पीस लें और फिर इसे पानी में घोटकर सुबह-शाम पिएं। इससे मूत्र सम्बंधी सभी रोग ठीक होते हैं।
**प्रदर रोग :** कुशा की जड़ को चावल के धोवन के साथ पीसकर पीने से सभी प्रकार के प्रदर रोग ठीक होता है।
**रक्तप्रदर :** कुशा की जड़ का चूर्ण 1-3 ग्राम की मात्रा में 50 मिलीलीटर चावल के धोवन के साथ सुबह-शाम सेवन करने से रक्तप्रदर में आराम मिलता है। रक्तप्रदर में कुशा या दाभ (डामी) की जड़ 3 से 6 ग्राम की मात्रा में सुबह-शाम घोटकर पीने से रक्तप्रदर रोग समाप्त होता है। इसे चावल के धोवन वाले पानी के साथ उपयोग करना अधिक लाभकारी होता है।
**स्तनों का उभार :** कुशा या डाभ (डाभी) की जड़ को पीसकर चूर्ण बना लें और फिर यह चूर्ण पानी में मिलाकर स्तनों पर लेप करें। इससे स्तनों का पूर्ण विकास होता है और स्तन सुडौल व सुन्दर बनते हैं।

# ब्लड कोलेस्ट्रॉल में आजमाएं

*कोलेस्ट्रॉल* एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या, जो अब आम बनती जा रही है। आइए, कोलेस्ट्रॉल को कम करने के कुछ घरेलू नुस्खों पर एक नजर डालते हैं।

- अपने नाश्ते में ओट्स को शामिल करें। ओट्स में पाए जाने वाले फायबर आसानी से पचते हैं। इन्हें बीटा ग्लुकन कहा जाता है और ये एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करता है।
- जब भी स्नैक खाने का मन करे, तब एक गिलास पानी पिएं।
- खाली पेट पीसे लहसुन की फांक खाएं। लहसुन में एंटी ऑक्सीडेंट होते हैं, जो कि आपके एलडीएल अर्थात खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है। अगर आप लहसुन को ऐसे नहीं खा सकते हैं तो आप उसकी जगह बाजार में मिलने वाले लहसुन के कैप्सूल का सेवन भी कर सकते हैं।
- वैसे तो सभी फल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायक होते हैं, मगर इसमें सेब बहुत ही लाभकारी साबित होता है।
- स्नैकिंग करना चाहते हैं तो बादाम को अपना विकल्प चुने। बादाम खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है।
- ऐसा माना जाता है कि काली मिर्च के नियमित सेवन करने से भी कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है।



# हाईपरटेंशन के शिकार हैं तो...



**हाईपरटेंशन**, बहुत आम सी बात बन कर रह गई है। हर तीसरा व्यक्ति इससे ग्रस्त मिलता है। मगर सच तो यह है कि इतनी सामान्य लगने वाली यह स्वास्थ्य समस्या उतनी आम या सामान्य नहीं, जितना आप सोच रहे हैं। हाईपरटेंशन में क्या करना चाहिए और क्या नहीं? आइए जानते हैं-

## ये करना होगा बेहतर

- नियमित रूप से हर रोज कम से कम 30 मिनट तक व्यायाम करें।
- हर रोज योग और ध्यान की प्रैक्टिस कम से कम 15 मिनट तक करें।
- हर रोज छह से आठ घंटे की नींद ले।
- खूब सारी हरी सब्जियां, फल और मेवों का सेवन करें।
- हर रोज प्रचुर मात्रा में पानी पिएं। एक दिन में कम से कम डेढ़ से दो लीटर तक पानी पिएं।
- रिलैक्स करने की तकनीक जैसे म्यूजिक थेरेपी, अरोमा थेरेपी आदि की मदद ले सकते हैं।
- तनाव को मैनेज करने के लिए आप आध्यात्मिक तकनीकों का प्रयोग कर सकते हैं।
- अपने वजन का ध्यान रखें। पुरुषों की कमर का माप 90 सेंटीमीटर से ज्यादा और महिलाओं में 80 टीमीटर सेंटीमीटर से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।
- अपने अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने का प्रयास करें। एचडीएल पुरुषों में 40 एमजी प्रतिशत से ज्यादा और महिलाओं में 50 एमजी प्रतिशत होना चाहिए।
- अपने ब्लड शुगर को नियंत्रित रखे। ब्लड शुगर फास्टिंग 110 से कम होना चाहिए।

## इनसे रहें बचकर

- तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में न करें।
- ट्रांसफैट्स का सेवन।
- अपनी जीवनशैली को अव्यवस्थित न होने दें।
- ज्यादा नमक का सेवन न करें। टमाटर सॉस, आलो के चिप्स, तले खाद्य पदार्थ, अचार आदि में नमक बहुत ज्यादा होता है, इसलिए इनका सेवन करने से बचें।
- वजन को नियंत्रण में रखें।
- ज्यादा मात्रा में एल्कोहल का सेवन ठीक नहीं।
- बहुत तेज ठंडे मौसम में घूमने से बचें।
- फैट से भरपूर डायट जैसे जंक फूड, मिठाई आदि बिल्कुल न लें।
- रेड मीट और अंडे का पीला भाग का सेवन न करें।
- डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी नैजल ड्रॉप यानी नाक में डालने वाले ड्रॉप का सेवन न करें।
- वेट लिफ्टिंग या पुश-अप न करें, यह आपके ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकते हैं।

# पाचन क्रिया ठीक करता है पपीता

## अन्य विटामिनों की मात्रा

पपीते में विटामिन बी और सी तो अच्छी मात्रा में पाए ही जाते हैं, साथ ही विटामिन डी भी अल्पमात्रा में होता है। इसमें फास्फोरस, मैग्नेशियम, सोडियम तथा अन्य खनिज-लवण भी उपस्थित रहते हैं, जो सभी शरीर के स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक होते हैं।





*इसके वैज्ञानिक विश्लेषण* से यह पता लगा कि यह शरीर का क्षार संतुलित रखता है। इसमें विटामिन ए और सी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें विटामिन बी काफी मात्रा में और डी अल्प मात्रा में पाया जाता है। इसके नियमित उपयोग से शरीर में इन विटामिनों की कमी नहीं रहती।
इसमें पेप्सिन नामक तत्व पाया जाता है, जो बहुत ही पाचक होता है। यह पेप्सिन प्राप्त करने का एकमात्र साधन है। पपीते का रस प्रोटीन को आसानी से पचा देता है। इसलिए पपीता पेट एवं आंत संबंधी विकारों में बहुत ही लाभदायक है। यह सर्वविदित तथ्य है कि अधिकांश रोगों की उत्पत्ति पेट के विकारों से ही होती है। कुछ रोग अपवाद हो सकते हैं। उदर संबंधी विकार कई रोगों के आरंभिक लक्षण हैं। यदि इन विकारों को दूर कर दिया जाए तो उन रोगों से बचा जा सकता है। उदर के रोग दूर करने में पपीता बेजोड़ है।

## उदर व आंतों की सफाई


यह उदर और आंतों की सफाई कर क्षार का प्राकृतिक स्तर बनाने का काम उत्तम ढंग से करता है। यदि आंतें स्वच्छ रहें तो भोजन में आनंद आने लगता है तथा रुचिपूर्वक भोजन करने से उसका पाचन भी होता है। इस प्रकार के भोजन से तृप्ति भी मिलती है और स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है।

आंते साफ हो जाने से सारे शरीर की सफाई हो जाती है और शरीर की समस्त प्रणालियां सशक्त होकर अपना कार्य सुचारु रूप से करने लगती हैं।

## विटामिन ए का अच्छा स्रोत

पपीते में पाया जाने वाला विटामिन ए त्वचा एवं नेत्रों के लिए बहुत आवश्यक होता है। इस विटामिन से त्वचा स्वस्थ, स्वच्छ और चमकदार रहती है। नेत्र रोगों से रक्षा करने में विटामिन ए का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है। बच्चों की वृद्धि में और रोगों से बचाव की क्षमता बढ़ाने में भी विटामिन ए की आवश्यकता रहती है।

**कहा जाता है कि पपीते की तुलना में शीघ्र लाभदायक और प्रभाव दिखलाने वाला अन्य खाद्य पदार्थ शायद ही दूसरा कोई हो। स्वाद की दृष्टि से भी यह सभी को सहज ही पसंद आता है। इसे गरम देशों की एक अमूल्य निधि के रूप में माना जाता है।**





## कैल्शियम की कमी में

पपीते में कैल्शियम भी अच्छी मात्रा में होता है, जो रक्त एवं तंतुओं के निर्माण एवं हृदय, नाड़ियों तथा पेशियों की क्रिया ठीक रहने में सहायक होता है। कैल्शियम नेत्रों के लिए भी आवश्यक माना जाता है एवं माताओं के दूध बनने तथा उसकी मात्रा बढ़ाने में सहायक माना जाता है। शिशुओं और बच्चों के अस्थि निर्माण में भी कैल्शियम का महत्वपूर्ण स्थान है। कैल्शियम के अभाव में अस्थियां कमजोर रह सकती हैं। अस्थियों और दांतों की बाढ़ प्रभावित होकर कई दोष भी पनप सकते हैं, मसूड़ों पर भी कुप्रभाव होता है।



# भारत में विरासत, संस्कृति और लैंडस्केप बेहतरीन: सारा अली

एक्ट्रेस सारा अली खान का कहना है कि भारत देश की विरासत, संस्कृति और लैंडस्केप से बेहतर दुनिया में कुछ भी नहीं है। एक इंटरव्यू में सारा अली खान ने अपनी पसंद और भारत को लेकर विचार रखे। यह पूछे जाने पर कि उन्हें देश में या विदेश में से क्या ज्यादा पसंद है सारा ने कहा, 'दोनों, मैं किसी एक को नहीं चुन सकती।

मुझे विदेश में घूमना पसंद है, लेकिन भारत में विरासत, संस्कृति और लैंडस्केप बेहतरीन है और मैं इसकी और खोज करना चाहूंगी।' सारा अली खान निश्चित रूप से पहाड़ों में घूमना बहुत पसंद करती हैं। उनका सोशल मीडिया अकाउंट इस बात का सबूत है, जहां वह अक्सर उत्तराखंड में केदारनाथ की यात्रा करते हुए अपनी तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करती हैं। सारा अली खान ने कहा, 'वैसे मुझे समुद्र पसंद है, मुझे लगता है कि हर कोई जो मुझे जानता है, वह जानता है कि मुझे पहाड़ पसंद हैं। 29 वर्षीय एक्ट्रेस ने उत्तराखंड के प्रति अपने प्यार को जाहिर करने में कोई संकोच नहीं करतीं और उन्होंने कहा कि अगर वह चाहें तो अपना सारा समय केदारनाथ में बिता सकती हैं। उन्होंने कहा, 'यह (केदारनाथ) मेरे लिए बहुत खास जगह है, अगर मैं कर सकती तो अपना सारा समय यहीं बिताती।'यह पूछे जाने पर कि क्या वह यात्रा करते समय बजट में ठहरना पसंद करती हैं या लग्जरी होटल में सारा ने कहा कि, 'यह किसी डेस्टिनेशन को स्थानीय लोगों के नजरिए से देखने का सबसे अच्छा तरीका है, और पैसे के लिए लिहाज से भी सही है, खासकर तब जब आप दोस्तों या परिवार के साथ यात्रा कर रहे हों। सारा अली खान ने कहा है कि वह लग्जरी के बजाय बेसिक रहना पसंद करती हैं, जो उन्हें हिंदी सिनेमा में सबसे भरोसेमंद सितारों में से एक बनाता है। यह पूछे जाने पर कि वह यह सब कहां से सीखती हैं उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा से ही जमीन से जुड़े रहना सिखाया गया है। मेरी मां भी ऐसी ही हैं और उन्होंने ही मेरा मार्गदर्शन किया है। फिल्म सेट पर रहना, वर्कआउट करना और अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना, हमेशा मुझे सबसे सरल खुशियां देता है। इतना ट्रैवल और काम के बावजूद खुद को संयमित रखना, शरीर का ख्याल रखना आसान नहीं होता है, लेकिन सारा के लिए ये नामुमकिन नहीं है। वह कहती हैं, 'यह सबसे आसान नहीं है, ऐसे दिन भी होते हैं जब मैं शूटिंग शेड्यूल या व्यस्त यात्रा के बाद बिस्तर पर ही सो जाना चाहती हूं। लेकिन मेरे लिए जो बेहद जरूरी है वह है समय निकालना, चाहे वह कितना भी लंबा क्यों न हो।



# कंगना ने आर्यन खान के काम की तारीफ

बालीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के काम की कंगना रनौत ने सराहना की है। कंगना ने कहा कि यह बहुत अच्छा है कि वह पारंपरिक रास्ते से हटकर अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही मे घोषणा की गई कि आर्यन खान एक स्ट्रीमिंग सीरीज का निर्देशन करेंगे, जिसे लेकर कंगना ने सोशल मीडिया पर अपने विचार व्यक्त किए। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, यह बहुत अच्छा है कि फिल्मी परिवारों के बच्चे अब सिर्फ मेकअप करने, वजन कम करने और अभिनेता बनने की चाहत से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, हमें भारतीय सिनेमा के मानकों को ऊपर उठाने की जरूरत है, और जिनके पास संसाधन होते हैं, वे अक्सर आसान रास्ते अपनाते हैं। हमें कैमरों के पीछे और अधिक लोगों की जरूरत है, और यह अच्छा है कि आर्यन खान परंपरागत रास्ते से हटकर अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उनके लेखक और फिल्म निर्माता के रूप में डेब्यू का बेसब्री से इंतजार है।आर्यन खान के निर्देशन में बनने वाली पहली फिल्म एक मल्टी-जॉनर प्रोजेक्ट है, जो बी-टाउन की गलियों में घूमने वाले एक महत्वाकांक्षी बाहरी व्यक्ति के रोमांच के माध्यम से सिनेमा पर एक अनफिल्टर्ड नजरिया पेश करता है। यह सीरीज 2025 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस प्रोजेक्ट से पहले, नेटफ्लिक्स और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने मिलकर छह सफल प्रोजेक्ट्स पूरे किए हैं। इस सीरीज का निर्माण आर्यन की मां गौरी खान ने किया है, और इसमें शाहरुख खान की पूरी परिवार का योगदान है।

## सशक्त महिला को मजबूत बनते देखना प्रेरणादायक: जान्हवी

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सुपरस्टार नयनतारा की बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने खुलकर तारीफ की है। नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री नयनतारा-बियॉन्ड द फेयरीटेल को लेकर जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, एक सशक्त महिला को मजबूत बनते देखना सबसे प्रेरणादायक होता है। इस डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर 18 नवंबर को हुआ, जिसमें नयनतारा के करियर और निजी जीवन की चुनौतियों का विवरण दिया गया है। डॉक्यूमेंट्री में नयनतारा और उनके पति विग्नेश शिवन के बीच की प्रेम कहानी और फिल्म इंडस्ट्री में उनके संघर्ष को भी दर्शाया गया है। जान्हवी कपूर ने नेटफ्लिक्स की पोस्ट को साझा करते हुए नयनतारा को एक साहसी और प्रेरणादायक महिला के रूप में सम्मानित किया। हालांकि, जान्हवी की पोस्ट उस समय आई है, जब नयनतारा और अभिनेता धनुष के बीच एक विवाद चल रहा था। 16 नवंबर को, नयनतारा ने इंस्टाग्राम पर एक खुला पत्र शेयर किया, जिसमें उन्होंने धनुष पर कई गंभीर आरोप लगाए।

## अभिषेक बनर्जी लौटेंगे कंपाउंडर के किरदार में

अमेज़न प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज़ मिर्जापुर के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है! इस सीरीज़ को अब एक फिल्म में बदला जा रहा है, और इस फिल्म में अभिषेक बनर्जी एक बार फिर अपने चर्चित किरदार कंपाउंडर में वापसी करेंगे। उनके इस किरदार ने सीरीज़ के पहले सीजन में दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी थी, और अब उनके फैंस के लिए यह खुशी की बात है कि वह इस किरदार में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। अभिषेक ने इस खबर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं मिर्जापुर फिल्म में कंपाउंडर को फिर से जीवित करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह किरदार मेरे लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है और मेरे दिल के बहुत करीब है। कंपाउंडर का रोल करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन दर्शकों द्वारा इसे जो प्यार मिला, वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इस बार, बड़े पर्दे पर लौटकर इस भूमिका को निभाना मेरे लिए एक सम्मान और चुनौती दोनों है। अब, जब मिर्जापुर फिल्म के रूप में पर्दे पर आ रही है, तो अभिषेक के फैंस को एक बार फिर इस लोकप्रिय किरदार के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा।

## श्रद्धा कपूर की इंस्टाग्राम पर मजेदार पोस्ट



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक मजेदार पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने ग्रीन टी से ब्रेक लेने की बात कही। इस पोस्ट में श्रद्धा ने अपनी कई तस्वीरें साझा की। पहली तस्वीर उनकी वैनिटी वैन से थी, जबकि दूसरी सेल्फी कार में ली गई थी। एक अन्य तस्वीर में वह जलेबियों से भरे डिब्बे के साथ नजर आ रही थीं और अंतिम तस्वीर में वह मिरर सेल्फी ले रही थीं। कैप्शन में उन्होंने लिखा, लाइट्स उतर गईं, रंगोली मिट गई लेकिन मिठाइयों की कैलोरी अभी भी वही हैं। ग्रीन टी से ब्रेक खत्म। श्रद्धा कपूर का सोशल मीडिया पर हमेशा ही एक मजेदार और अलग अंदाज देखने को मिलता है। वह अक्सर अपने फैंस के साथ हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत करती हैं। इस पोस्ट के जरिए श्रद्धा ने अपनी मिठाइयों के प्यार को भी जाहिर किया। कुछ समय पहले, श्रद्धा ने एक और पोस्ट में चौड़े माथे वाले लोगों को लेकर मजेदार बात कही थी। उन्होंने एक लिफ्ट सेल्फी शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, चौड़े माथे वाले लोग भाग्यशाली होते हैं और विनम्र भी। श्रद्धा का ये पोस्ट उनके फैंस के बीच काफी वायरल हुआ।


## गाना हद से जल्द ही होगा रिलीज

जुबिन नौटियाल की सुसंस्कृत आवाज़ और अंशुल गर्ग का संगीत का मिदास टच एक नई रोमांटिक धुन हद से में नजर आने वाला है। यह गाना दोनों के फैंस के लिए एक बेहतरीन तोहफा होगा। अंशुल और जुबिन पहली बार साथ में इस गाने पर काम कर रहे हैं, जो दर्शकों को रोमांस की एक नई लहर महसूस कराएगा। अंशुल गर्ग ने जुबिन की आवाज़ की तारीफ करते हुए कहा, जुबिन की आवाज़ बेहद खास है। हम तीन साल से दोस्त हैं और इस गाने के लिए सही समय का इंतजार कर रहे थे। यह गाना मेरे पास दो साल से था, और जैसे ही मैंने इसे सुना, मुझे लगा कि इसे जुबिन ही गाएंगे। हद से गाने के बोल प्रिंस दुबे ने लिखे हैं, संगीत राहुल मिश्रा ने दिया है और इसका प्रोडक्शन आदित्य देव ने किया है। अंशुल ने आगे बताया कि यह गाना हर उम्र के लोगों को पसंद आएगा, और यह सिर्फ शुरुआत है। आगे और भी गाने जुबिन के साथ मिलकर बनाए जाएंगे।

## गिटारिस्ट मोहिनी डे ने पति से तलाक का ऐलान

19 नवंबर को संगीत इंडस्ट्री से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई, जिसमें गिटारिस्ट मोहिनी डे ने अपनी शादी खत्म करने का ऐलान किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि वह अपने पति मार्क हार्टसच से अलग हो रही हैं। मोहिनी ने कहा कि यह फैसला आपसी समझ से लिया गया है, और दोनों अच्छे दोस्त बने रहेंगे। पोस्ट में मोहिनी ने लिखा, भारी मन से, मार्क और मैं ऐलान करते हैं कि हम अलग हो गए हैं। यह फैसला अपसी समझ से लिया है। हम दोनों ने यह फैसला लिया क्योंकि हमारी लाइफ में अलग-अलग चीजों की जरूरत है। हम आपसी सहमति से अलग हो रहे हैं, और यह आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका है। उन्होंने आगे कहा, हम अभी भी कई प्रोजेक्ट्स पर एक साथ काम करेंगे, जैसे मामोही और मोहिनी डे ग्रुप। हम हमेशा साथ मिलकर काम करने पर गर्व महसूस करते हैं, और यह जल्द ही रुकने वाला नहीं है। कृपया इस समय हमारी प्राइवेसी का सम्मान करें और बिना किसी राय के फैसले का अनादर न करें।

# फिल्म को मिले रिस्पांस से खुशी का अनुभव हो रहा है: रिद्धि डोगरा



फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को मिल रही शुरुआती सफलता पर अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने खुशी जाहिर की है। रिद्धि डोगरा ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। हमने इस फिल्म में अपनी पूरी मेहनत लगाई है, और जब आप अपनी मेहनत को दर्शकों तक पहुंचाते हैं, तो यह सोचना स्वाभाविक है कि उन्हें इसका कैसा रिस्पॉन्स मिलेगा। अब जो प्रतिक्रिया मिल रही है, वह बहुत सकारात्मक है और सच में खुशी का अनुभव हो रहा है। लोग खुद बता रहे हैं कि उन्हें फिल्म में क्या अच्छा लगा। यह वाकई हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे काम को सराहा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी फिल्म के बारे में बात की है, इससे बड़ी बात और कुछ नहीं हो सकती। यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। साथ ही, हरियाणा के मुख्यमंत्री भी फिल्म देख रहे हैं, यह भी बहुत अच्छा लग रहा है। हम बहुत खुश हैं कि हमारी फिल्म सबको इतनी पसंद आ रही है। मैं अभी फिल्म देखने आई हूं, इंटरवल हो चुका है, और अब फिल्म का दूसरा भाग शुरू हो चुका है। हमें उम्मीद है कि पहले भाग की तरह बाकी फिल्म भी दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म खत्म होने के बाद सभी से मिलकर और भी खुशी होगी। 'द साबरमती रिपोर्ट' साबरमती एक्सप्रेस में आग लगने की घटना पर आधारित है, जो 27 फरवरी 2002 को हुई थी, जिसमें 59 लोगों की मौत हो गई थी। फिल्म में अभिनेत्री राशि खन्ना, विक्रांत मैसी और रिद्धि डोगरा प्रमुख भूमिका में हैं, और तीनों पत्रकार के रूप में नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्माण बालाजी मोशन पिक्चर्स, विकिर फिल्म्स द्वारा किया गया है।

## सोशल मीडिया पर सिमी ग्रेवाल ने शेयर किया मजेदार पोस्ट

राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर बॉलीवुड की एवरग्रीन अभिनेत्री सिमी ग्रेवाल ने सोशल मीडिया पर एक मजेदार पोस्ट शेयर किया है। यह पोस्ट हंसी के साथ-साथ पॉल्यूशन के गंभीर मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करता है। सिमी ग्रेवाल, जो अक्सर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं, ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर एक मजेदार जोक साझा किया। इस पोस्ट में तीन तोते दिखाई दे रहे हैं, जिनमें से एक काले रंग का तोता दूसरे दो हरे रंग के तोतों से कहता है, मेरा यकीन करो, मैं कौवा नहीं हूं, मैं बस दिल्ली से आया हूं। इसका मतलब था कि वह इतना काला दिल्ली के पॉल्यूशन की वजह से हो गया है। इस पोस्ट को शेयर करने के बाद सिमी की यह मजेदार टिप्पणी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। केवल एक घंटे में इस पोस्ट को 4500 से अधिक लोगों ने देखा, 1500 से ज्यादा लोगों ने लाइक किया और 203 यूज़र्स ने इसे रीपोस्ट किया। सिमी ग्रेवाल की इस पोस्ट को फैंस ने खूब सराहा, और यह पॉल्यूशन के खिलाफ एक हल्का-फुल्का व्यंग्य था। सिमी ने इस पोस्ट के माध्यम से



दिल्ली के बढ़ते प्रदूषण की गंभीरता को मजाकिया अंदाज में लोगों तक पहुंचाया। दिल्ली में एयर पॉल्यूशन की स्थिति पिछले कुछ दिनों से काफी खराब हो गई है। मंगलवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 498 तक पहुंच गया, जो कि खतरनाक स्तर पर है। इस प्रदूषण के कारण लोग सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन और अन्य शारीरिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा, दिल्ली के लोग लगातार इस प्रदूषण से जूझ रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी दबाव बढ़ गया है। सिमी ग्रेवाल का यह सोशल मीडिया पोस्ट पॉल्यूशन के खतरनाक स्तर पर एक हलके-फुल्के तरीके से प्रतिक्रिया देने के रूप में देखा जा रहा है।

## पत्नी से अलगाव तोड़ कर रख देने वाला कदम: रहमान

बालीवुड के मशहूर संगीतकार ए.आर. रहमान और उनकी पत्नी सायरा बानो ने अलग होने का निर्णय लिया है। इस अलगाव को लेकर ए.आर. रहमान ने एक भावुक नोट साझा किया। रहमान ने नोट में इसे तोड़ कर रख देने वाला कदम बताया। रहमान ने लिखा, हमें उम्मीद थी कि हम तीस साल साथ रहेंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि हर चीज का एक अदृश्य अंत होता है। टूटे हुए दिलों के वजन से ऊपर वाला सिंहासन भी कांप सकता है। फिर भी, इस बिखराव में, हम अर्थ की तलाश करते हैं, भले ही टुकड़ों को फिर से अपनी जगह न मिले। रहमान ने अपने रिश्ते के अंत के बारे में बात करते हुए यह भी कहा, हमारे दोस्तों, आपके प्यार और इस नाजुक अध्याय से गुजरते हुए हमारी निजता का सम्मान करने के लिए धन्यवाद। यह खबर 19 नवंबर को सामने आई, जब सायरा ने तलाक के बारे में एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने भावनात्मक तनाव को इसके कारण के रूप में बताया। सायरा की वकील, वंदना शाह ने इस संबंध में एक आधिकारिक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, कई वर्षों की शादी



के बाद, सायरा ने अपने पति ए.आर. रहमान से अलग होने का कठिन निर्णय लिया है। यह निर्णय उनके रिश्ते में बढ़े हुए भावनात्मक तनाव के बाद लिया गया है। एक-दूसरे के प्रति गहरे प्यार के बावजूद, उन्होंने महसूस किया कि तनाव और कठिनाइयों ने उनके बीच एक खाई बना दी है, जिसे पाटना संभव नहीं था। वकील ने यह भी कहा कि सायरा ने यह निर्णय अपनी दर्दनाक स्थिति के कारण लिया और इस समय जनता से उनकी निजता का सम्मान करने की अपील की। रहमान और सायरा की शादी 1995 में अरेंज मैरिज के रूप में हुई थी, और उनके तीन बच्चे हैं– खतीजा, रहीमा और अमीन। इस कठिन समय में, रहमान के बेटे ए.आर. अमीन ने भी इंस्टाग्राम पर एक संदेश शेयर किया, जिसमें उन्होंने सभी से परिवार की निजता का सम्मान करने की अपील की।

## ब्रीफ न्यूज

### भोपाल टीम में शामिल हुई शहर की तीन बेटियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**सीहोर।** 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता 17 वर्ष बालिका कटनी में भोपाल ने उज्जैन और जबलपुर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया सेमीफाइनल में भोपाल का मुकाबला रीवा से होगा। जबलपुर से निर्णायक मुकाबले में पहले गेंदबाजी करते हुए भोपाल की ओर से कप्तान अनुष्का दुबे ने दो विकेट नव्या 3 विकेट एकता दो विकेट लेकर जबलपुर को 60 रन के स्कोर पर रोका जवाब में मिले 61 रन के लक्ष्य को 8 ओवर में प्राप्त कर सेमीफाइनल में जगह बनाई भोपाल की ओर पारी की शुरुआत आर्या नायक ओर आध्या व्यास ने की, यामिनी सिंह 17 रन अनुष्का और आर्या ने 9-9 रन की मैच विजय पारी खेली। भोपाल टीम के कोच अक्षय दुबाने ने बताया कि टूनार्मेंट में भोपाल की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की, भोपाल संभाग की टीम में सीहोर जिले की 3 महिला खिलाड़ी सम्मिलित है और शानदार प्रदर्शन कर रही है जिनमें आईईएस पब्लिक स्कूल सीहोर की छात्रा तनिष्का वमाज् के अलावा यामिनी सिंह और मोहिनी अवलोसिया शामिल है, टीम की जीत पर टीम के जनरल मैनेजर मुकर्रम खान, निजाम खान जिला क्रीड़ा अधिकारी ब्रजेश शर्मा, अताउल्ला खान, आशीष शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### कृषि मंडी का किया निरीक्षण व देखी अनियमिताएं

**हरदा।** भारतीय किसान संघ ने कृषि मंडी खिडकिया का निरीक्षण किया जिसमें अनेक अनियमितताएं देखी । इस दौरान किसानों ने कहा कि मंडी परिसर में ही फसल विक्रय का भुगतान किया जाए। प्लेट फार्म नंबर 4 को किसानों की नीलाम कार्य के लिए निर्माण किया गया लेकिन जिसमें व्यापारियों का माल जमा है तत्काल प्रभाव से खाली करवाया जाये। कर्मचारी ड्रेस कोड में नहीं होने के कारण किसानों में असमंजस्य की स्थिति निर्मित होती है। ट्रक ट्रैक्टर ट्राली पिकअप के कारण प्लेट काटे पर 3/4लाइन लगने के कारण आए दिन 2/3 घंटे जाम की स्थिति प्रतिदिन निर्मित हो रही है। अध्यक्ष रूपसिंह राजपूत, मनोज विश्नोई मीडिया प्रभारी दयाराम आमें, रामभरोश विश्नोई, रवि मुकाती, मनीष मीणा, शंकर राजपूत, कृष्ण गुर्जर सहित किसान मौजूद थे।

### भारत-तिब्बत समन्वय संघ के जिलाध्यक्ष बने बालकवि दुहित गौर

**हरदा।** भारत तिब्बत समन्वय संघ के बाल विभाग के जिलाध्यक्ष पद पर बालकवि दुहित गौर को नियुक्त किया गया है। लोमेश गौर ने बताया कि संघ की केंद्रीय नियुक्ति समिति की सचिव और राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री राजो मालवीय की अनुशंसा पर केंद्रीय नियुक्ति समिति द्वारा नियुक्ति की गई। जिसकी घोषणा केंद्रीय संयोजक हेमेंद्र प्रताप सिंह तोमर द्वारा की गई है। सुश्री मालवीय ने बताया कि बाल कवि अब जिले में बाल विभाग की कार्यकारणी बनायेंगे और संघ की मंशा अनुरूप जिले में गतिविधियों का संचालन करेंगे। भारत तिब्बत समन्वय संघ वर्तमान में चीन से भारत को सुरक्षित करने के लिए तिब्बत की स्वतंत्रता व बाबा भोलेनाथ के मूल गांव कैलाश-मानसरोवर की मुक्ति के लिए कार्य करने वाला जाग्रत संगठन है।

# 62 में से 21 हजार किसान ही करा पाये पंजीयन

## समर्थन मूल्य पर खरीदी का लाभ नहीं ले पा रहे किसान

सत्ता सुधार ■ हरदा

सोयाबीन खरीदी हेतु पंजीयन प्रक्रिया फसल की कटाई और वर्ग के समय चली जिसके कारण 62 हजार किसानों में से मात्र 21 हजार किसान ही पंजीयन करा पाये थे। जिसके कारण समर्थन मूल्य पर हुई खरीदी का अधिकांश किसान लाभ नहीं उठा पाये। जब किसान फसल कटाई से फुर्सत हुए पोर्टल ही बंद कर दिया फलस्वरुप किसानों को भारी क्षति हो रही है। किसान नेता रामजीवन वाष्ट ने बताया कि किसानो की इस ज्वलंत समस्या को लेकर किसान आक्रोश मोर्चा ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और दोवारा सोयाबीन पंजीयन पोर्टल को चालू करने की मांग की है।

**समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पा रहे किसान :** पंजीयन नहीं करा पाने के कारण करीब 41 हजार किसान सोयाबीन नहीं बेच पा रहे हैं। उनकी सोयाबीन पड़ी है। छोटे किसान जिनके पास भंडारण की सुविधा नहीं है। वे अधिक परेशान है। सोयाबीन नहीं बिकने के कारण खाद, बीज आदि के कर्ज की अदायगी नहीं कर पा रहे हैं। पंजीयन कराने के लिए कागजात लेकर किसान भटक रहे हैं। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों की समस्या को देख सुनकर अनसुना किया जा रहा है।



**सोयाबीन खरीदी पोर्टल खुलने का इंतजार :** पंजीयन नहीं करा पाये किसानों को सोयाबीन खरीदी पोर्टल खुलने का इंतजार इस संबंध में मांग जोर पकड़ रही है। आवेदन निवेदन, मांग कर चुके हैं। अपर कलेक्टर सतीश राय को मोर्चा ने ज्ञापन देकर किसानों की समस्याओं से अवगत करा दिया गया है और उम्मीद जतायी जा रही है शीघ्र ही पंजीयन की कार्यवाही शुरू हो जायेगी।

**500 रुपये कम में बिक रहा सोयाबीन :** प्रदेश की अन्य मण्डियों के मुकाबले सोयाबीन 400 से 500 रुपये कम में बिक रहा है। जिसके कारण किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। मजबूरी के अधिकांश किसान कम दाम में बेचकर अपना कर्जा अदाकर रहे हैं। जिले की सभी मण्डियों की एक जैसी स्थिति है। किसानों को मण्डियों में सोयाबीन का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है ।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

किसान आक्रोश मोर्चा ने अविलंब किसानों की मांग पर विचार कर पंजीयन प्रक्रिया नहीं शुरू हुई तो मोर्चा द्वारा उग्र आंदोलन शुरू किया जायेगा। उसकी चेतावनी दे दी गई है। मोर्चा के बैनर तले किसान संगठित हैं और आंदोलन के लिए तैयार है।

**अवारा मवेशियों की समस्या से किसान परेशान:** अवारा मवेशी की समस्या से किसान परेशान है। आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है और फसल को क्षति पहुंचाने के कारण वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। बावजूद इसके इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।

### प्रभू कृपा के बिना कोई नहीं बन सकता है सन्यासी

# पिछड़े वर्ग को प्रगतिशील वर्ग से सीखने की है जरूरत : महामंडलेश्वर भगवान बापू

सत्ता सुधार ■ सीहोर

आर्थिक रूप से पिछड़ी सामाजिक इकाईयों को प्रगतिशील वर्ग से सीखना चाहिए और धमज् करने से ही आथिज़्क सामाजिक विकास होता इस बात को समझना चाहिए उक्त विचार शुकवार को सामाजिक सभा के दौरान विख्यात कथा व्यास महामंडलेश्वर भगवान बापू ने व्यक्त किए।



उन्होने सनातन धमज् की एकता समरसता पर भी विस्तार पूवज़्क व्याखान दिया। विश्वकर्मा समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने गौरवपूणज् अगवानी करते हुए महामंडलेश्वर जी को पुष्प मालाऐं पहनाकर स्वागत कर आशिवाज़्द प्राप्त किया। पंचायती निरंजनी अखाड़े में महामंडलेश्वर स्वामी भागवतानन्द गिरी के नाम से पट्टाभिषेक होने के बाद उज्जैन प्रस्थान कर प्रथम बार जन्मभूमि सीहोर जिलें के ग्राम करंजखेड़ा पहुंचने के बाद देवनगर कॉलोनी स्थित भगवान विश्वकमाज् मंदिर पहुंचे भगवान बापू ने सप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी विधिवत पूजा अचज़्ना की और आशीष वचन दिए। उन्होने कहा की बिना प्रभू की कृपा के कोई संत महात्मा सन्यासी नहीं बन सकता है बिना भगवान की कृपा के व्यक्तिगत परिवारिक सामाजिक और आथिज़्क विकास भी संभव नहीं होता है सामाजिक प्रगति में समन्वय बनाकर मनमुटाव को छोड़कर धामिज़्क आयोजन करना हितकर होता है। समाज के अंतिम पीड़ित पिछड़े व्यक्ति की सेवा ही सवोज़्परी होती है। उन्होने कहा की राजनीतिक रूप से भी समाज को मजबूत होना चाहिए हम संसद सभा में अपनी बात को रख सके और पिछड़े समाज जनों को आर्थिक रूप से सबल बनाने का कार्य संपन्न कर पाए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शेलेंद्र विश्वकर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा, गौरीशंकर विश्वकर्मा,सुरेश विश्वकर्मा, डॉ अशोक विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, प्रेमनारायण विश्वकर्मा,गोविंद विश्वकर्मा मदनलाल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाजजन शामिल रहे।

# दो दिवसीय सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन



सत्ता सुधार ■ हरदा

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय स्तरीय दो दिवसीय भारतीय ज्ञान परंपरा अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न हुई । निबंध प्रतियोगिता में वीनस निमोरे प्रथम, कपिल भुसारे द्वितीय एवं रेशमा मालवीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रिया धोत्रे ने प्रथम, स्वाति उइके ने द्वितीय एवं संतोष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रविशंकर सोलंकी ने प्रथम, विवेक ने द्वितीय एवं प्रतिष्ठा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय दिवस को भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रीतम सेठी को प्रथम, कपिल भुसारे को द्वितीय एवं सिमरन मालवीय को तृतीय स्थान तथा लोकनृत्य प्रतियोगिता बिरसा मुंडा में कपिल भुसारे ग्रुप को प्रथम, स्वाति ढाका को द्वितीय एवं सिमरन मालवीय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इसी तरह भारतीय लोकगीत प्रतियोगिता में प्रीतम सेठी को प्रथम, रेशमा द्वितीय एवं सिमरन तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालयी प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिकरवार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में उक्त सभी अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों को एवं विजेता प्रतिभागियों को हौसला अफजाई करते हुए बधाई दी व शुभकामनाएं दीं। डॉ. धीरा शाह, नेक प्रभारी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. राकेश परस्ते ने कहा प्रतिभागिता कैलेंडर ज्ञान परम्परा से संबंधित अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां सतत जारी रहेंगी। डॉ सी पी गुप्ता,कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी व्ही के बिछोतिया, डॉ. निर्मला डोंगरे, डॉ धर्मेंद्र कोरी, डॉ कैलाश सोलंकी, डॉ दुर्गेश राठौर, मनीष परसाई, डॉ आशा गायकवाड़, डॉ प्रियंका राय, डॉ वंदना मगरदे, डॉ शितिका बरकले, डॉ पारसनाथ बेले, लोकेंद्र पाटीदार, अनिल कौशल, पूनम गुर्जर, प्रतिष्ठा कुमेकर, डॉ मोहनलाल सूर्यवंशी, श्रीमती गुंजन सोलंकी, शशांक शुक्ला, अंशुल जोशी सहित महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन बसंत सिंह राजपूत ने किया।

### उत्सव समिति ने किया बाबा बागेश्वर की यात्रा का समर्थन

गुप्ता ने कहा- हिंदू राष्ट्र का हम समर्थन करते हैं

**सीहोर।** बागेश्वर धाम सिद्ध पीठ से रामराजा सरकार की नगरी ओरछा के लिए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पदयात्रा शुरू हो गई। पदयात्रा का तीसरा दिन है। हिंदू उत्सव समिति सीहोर ने यात्रा का समथज़्न स्वागत किया है हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बाबा के हिंदू राष्ट्र और यात्रा के समर्थन में है श्री गुप्ता और उनके साथियों ने बताया कि वह बाबा और उनके हिंदू राष्ट्र के समथज़्न में हैं उनके साथ हैं। वह हिंदू राष्ट्र का समथज़्न करते हैं और बाकायदा उन्होंने बाबा की यात्रा उसमें शामिल होने वाले लोगों के स्वागत सत्कार अपील भी की है श्री गुप्ता का कहना है कि हम यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यह एक अच्छे उद्देश्य को लेकर यात्रा शुरू की गई है। उन्होंने पहले भी महाराजश्री के कायोज़् मं सहयोग और समथज़्न किया है।

इसके पहले भी जब उन्होंने कन्याओं का विवाह किया था तो सहयोग किया था। साथ ही कहा कि हम सभी हिंदू उत्सव समिति के साथी सिद्धपीठ बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को सनातन हिन्दू एकता यात्रा के लिएशुभकामनाएं देते हैं। गुप्ता ने इस यात्रा को ऐतिहासिक बताया और कहा कि इससे पूरा हिंदुत्व एकजुट होंगे. उन्होंने ये भी कहा कि वो इसमें अपना पूरा सहयोग और समर्थन देंगे।

### नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को होगी

हरदा। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा द्वारा 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली वर्ष 2024 की अंतिम नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं धारा 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने के लिये प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तृप्ति शर्मा की अध्यक्षता में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण, क्लेमेंट व नॉन क्लेमेंट के अधिवक्तागण, अन्य अधिवक्तागण के साथ बैठक आयाजित की गई।

# किसानों के लिए जिले में उर्वरक का पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध

## डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक का उपयोग करने की अपील

सत्ता सुधार ■ खरगोन

रबी सीजन 2024-25 में जिले के किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में उर्वरक का पर्याप्त मात्रा में भण्डारण उपलब्ध है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा द्वारा जिले में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक का उपयोग करें। उप संचालक श्री एमएस सोलंकी ने बताया कि जिले में रबी फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है।



जिले में उर्वरक की कमी नहीं है और इसका पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध है। किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में यूरिया का 26462 मेट्रिक टन, डीएपी का 3445 मेट्रिक टन, म्यूरेट ऑफ पोटाश का 3787 मेट्रिक टन, एनपीके का 12635 मेट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट का 32033 मेट्रिक टन उपलब्ध है। जबकि किसानों को यूरिया 15913 मेट्रिक टन, डीएपी 3001 मेट्रिक टन, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1081 मेट्रिक टन, एनपीके 7630 मेट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट 11690 मेट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। खरगोन जिले को 22 नवंबर को खण्डवा रेक पाईट से 500 मेट्रिक टन यूरिया, 300 मेट्रिक टन नाइट्रो फास्फेट एवं 23 नवंबर को खण्डवा रेक पाईट से 500 मेट्रिक टन यूरिया प्राप्त हो रहा है।

जिले में किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध हो सके इसके लिए सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निजी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सतत निगरानी रख रहे हैं। उप संचालक कृषि श्री सोलंकी द्वारा अपनी टीम के साथ जिले के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान उनके स्टॉक एवं अभिलेखों का भी निरीक्षण किया जा रहा है।

# जननायक टंट्या भील का जीवन संघर्ष और राष्ट्र प्रेम का प्रेरणा स्रोत हैः डॉ. मोहनलाल कोरी

### क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय के कुलगुरु श्री मोहनलाल कोरी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी टंट्या भील के परिवारजनों से की सौजन्य भेंट

**खरगोन।** सन 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी वीरों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में मध्यप्रदेश के जनजातीय समाज के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी टंट्या भील का नाम बड़े सम्मान एवं आदर के साथ लिया जाता है। क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मोहनलाल कोरी ने जनजातीय समाज के इस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवारजनों से सौजन्य भेंट की तथा उनके जीवन और संघर्ष के बारे विस्तार से बातचीत की।



टंट्या भील वंशज चौथी पीढ़ी एवं संरक्षक श्री दरियाव सिरसाटे ने बताया कि जननायक क्रांतिकारी टंटया भील का जन्म 4 अप्रैल 1842 का खंडवा जिले में अपने ननिहाल में हुआ था। बाल्यावस्था में माता के निधन हो जाने से उनके पिता श्री भाऊसिंह द्वारा लालन पोषण कर लाठी गोपन व तीर कमान चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। लगातार 15 वर्ष तक गुरिल्ला युद्ध करके अंग्रेज शासन को समाप्त करने के लिये परमवीर क्रांतिकारी अजेय योद्धा टंट्या भील ने क्राति की अलख जनमानस में जगाई। निहत्थे क्रातिकारी टंटया भील को छल पूर्वक अंग्रेज शासन ने गिरफ्तार करके जबलपुर जेल भेज दिया। जहां उन पर अमानवीय अत्याचार करके मुकदमा चलाया गया। 04 दिसम्बर 1889 को उन्हें फांसी दे दी गई।

कुलगुरु श्री कोरी ने कहा कि जननायक टंट्या भील के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर हम विश्वविद्यालय के माध्यम से उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनाएंगे। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ. जीएस चौहान, डॉ. राजाराम आर्य, प्रो मनोज भार्वे तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती शिविर में 10 युवाओं का चयन

सत्ता सुधार ■ खरगोन

भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला खरगोन मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जवासा नीमच द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदो पर भर्ती के लिए 22 नवंबर को जनपद पंचायत भीकनगांव में शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में 37 लडकों ने भाग लिया। इनमें से भर्ती आधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने मापदंड के आधार पर 10 लडकों का चयन किया है।



**23 नवंबर को बड़वाह जनपद में शिविर :** सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती के लिए 23 नवंबर को जनपद पंचायत बड़वाह में, 24 नवंबर को जनपद पंचायत झिरन्या में, 25 नवंबर को जनपद पंचायत महेश्वर में, 26 नवंबर को जनपद पंचायत गोगावा में, 27 नवंबर को जनपद पंचायत सेगांव एवं 28 नवंबर को जनपद पंचायत खरगोन में प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक शिविर का अयोजन किया जाएगा।

चयनित युवाओं को औद्योगिक क्षेत्र दिल्ली का लाल किला, चित्तौड़ का किला, ग्वालियर का किला, भोपाल मडदीप, दैनिक भास्कर ऑफिस रतलाम, उज्जैन महाकाल मंदिर, बागेश्वर धाम, खजुराहो का मंदिर, आयोध्या राम मन्दिर, सांची स्तूप, आगरा का ताजमहल, गवालियार का किला, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक सहित गुजरात म.प्र. में 13000 से 18000 की सैलरी पर रखा जाएगा। चयनित युवाओं को पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, मेडिकल, वेतन वृद्धि, प्रमोशन, इंश्योरेंस एवं दो बच्चों की पढ़ाई अंतरराष्ट्रीय स्तर के आईपीएस स्कूल देहरादून में करवा सकते हैं।

इच्छुक बेरोजगार जिनकी योग्यता 10वीं पास या फेल उम्र 19 से 40 वर्ष, ऊंचाई 168 सेंटीमीटर हो वे युवा शिविर में 10वी की अंकसूची की फोटो कॉपी, दो फोटो एवं चयनित अभ्यर्थियों रजिस्ट्रेशन शुल्क 350 रुपए प्रोस्पेक्ट फार्म का देना होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9079850906 से या वेबसाइट www.ssciindia.com पर देख सकते हैं।

# दो एसपी की आपसी ट्यूनिंग से बचे गौमाताओं के प्राण


सत्ता सुधार ■ मोरगढी/चारूवा


हरदा जिले के सक्रिय कर्मठ जन हितैषी प्रशासन में देखने को मिला है। संवाददाता राहुल जैन ने बताया कि अधर्म का नाश हो की भावना को लेकर गौमाता की अवैध तस्करी पर नकेल कसने का उदाहरण जिले के पुलिस अधिक्षक अभिनव चौकसे और खंडवा पुलिस अधिक्षक मनोज राय से तालमेल बैठाकर 25 गौमाताओं के प्राण बचाये है। हरदा जिले में दो ट्रक गोवंश आवली घाट के पास 100बैल खालवा में 30गाय और वर्तमान में 25 गायों की तस्करी रोककर उनके प्राण बचाकर अवैध व्यापार पर नकेल कसी है। धर्म की रक्षा में अपना योगदान दिया है।

### करोड़ों का बजट बनाकर शासन को भेजा

गुप्तेश्वर गौशाला हरिपुरा चारूवा के पूर्व अध्यक्ष महेश राजपूत व वर्तमान उपाध्यक्ष शिक्षक महेश तिवारी ने बताया कि जिला कलेक्टर आदित्य सिंह जिले में गौरक्षा के संकल्प को पूरा करने के लिए जिले में गौ अभ्यारण के लिए करोड़ों का बजट बनाकर शासन को भेजा है। आपने गौ तस्करी को रोकने के लिए अपना संपर्क नंबर गौशाला के प्रमुख गौमक्तो को दे रखा है जिसे आप चौबीस घंटे में कभी रिसीव करते है। बीती रात गुप्तेश्वर गौशाला चारूवा के संपर्क सूत्रों को पता चला कि 25 गौमाताओं की जिले से तस्करी की जा रही है जिसको लेकर रात्रि 12 बजे एस पी से संपर्क पर आपने खंडवा एस पी को इसके लिए सहयोग की सूचना दी।







### गौमाताओ को आश्रय देकर करेंगे सेवा

जिले की पुलिस सक्रिय हुई गौभक्त कल्लन, बंटी, विकास वर्मा, नीतेश मालवीय, दीपक राजपूत, संदीप राव ने ठंड की रात में जंगल में मोर्चा बांधा उप निरीक्षक रमेश मौर्य, इंद्रेश सिंह,अजीत सिंह ने स्थानीय निवासी रमेश चौहान, गोविंद चौहान ने सहयोग दिया और 25गौमाताओं के प्राण बचाए । ज्ञातत्व हो कि किसान गौमाताओं का दोहन करके आवारा रूप में चोरी छुपे जंगल में छोड़ देते है और वे गौमाताएं तस्करों के चंगुल में आकर तापती के उसपर बूचड़खाने में कट जाती है। गुप्तेश्वर गौशाला की ओर से घोषणा है कि हम जिले की एवम पड़ोसी जिले की इस प्रकार तस्कर की कटने से बचने वाली गौमाताओ को आश्रय देंगे सेवा भी करेंगे।

# 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

### पक्षकार आपसी सुलह और सहमति करा सकते हैं प्रकरणों का निराकरण

**खरगोन।** न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से निराकरण करने के लिए आगामी 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण करने के इच्छुक पक्षकरों से अपील की गई है कि वे अपनी सहमति संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत करें। न तुम हारे न हम जीते की भावना के साथ पक्षकार लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं। लोक अदालत में आपसी सुलह एवं सहमति से प्रकरण का निराकरण हो जाने से पक्षकारों को शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से शांति मिलती है और न्यायालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलती है। 14 दिसंबर को आयोजित नेशलन लोक अदालत में बिजली विभाग, नगरीय निकाय, बैंक, बीमा, श्रम, दूरसंचार, दुर्घटना बीमा, पारिवारिक विवाद सहित अन्य प्रकरणों का आपसी सुलह से निराकरण किया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज़

### दो साल पहले हुआ बाबू का स्थानांतरण, अब हुआ रिलीव

**मुरैना।** उपसंचालक सामाजिक न्याय कार्यालय मुरैना के बाबू अशोक कुमार शाक्य वर्ग 3 का वर्ष 2022 में मुरैना जिले से श्योपुर जिले के लिए स्थानांतरण हुआ था। उक्त बाबू कोर्ट से 15 दिन का राहत आदेश ले आया। इसके बावजूद भी शासन के आदेश को ना मानते हुए वह 2 साल से उच्च अधिकारियों की मेहरबानी के चलते भार मुक्त नहीं हुआ। इसका पता समाजसेवी कुशल शर्मा को चला तो उन्होंने इसकी जानकारी ली और प्रिंसिपल सेक्रेटरी सोनाली बायंगडकर के साथ-साथ मंत्री को अवगत कराया। आखिरकार कुशल शर्मा के प्रयासों से 2 साल से टिके हुए बाबू को मुरैना जिले से भार मुक्त होना ही पड़ा। कुशल शर्मा ने कहा कि चिंता का विषय यह भी है कि शासन के आदेश को ठेंगा दिखाने वाला एकमात्र अशोक शाक्य ही नहीं तमाम ऐसे अधिकारी कर्मचारी हैं जो ट्रांसफर होने के बावजूद भी जिले से भार मुक्त नहीं होना चाहते हैं। एक ताजा उदाहरण थाना सिटी कोतवाली मुरैना का है। यहां के थाना प्रभारी भी लंबे समय से स्थानांतरण हो चुका है लेकिन वे भी भार मुक्त क्यों नहीं हुए हैं, क्या वजह है यह जानना भी लाजमी है। कुशल शर्मा का कहना है कि भारमुक्त न करने वाले जिले के उन अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाना आवश्यक है जिससे शासन के नियमों का पालन हो सके।

### संगठन सदस्यता और आगामी कार्ययोजना को लेकर शिक्षक संघ की संभागीय बैठक आज

**मुरैना।** प्रांतीय निर्देशानुसार मप्र शिक्षक संघ की संभागीय बैठक का आयोजन 24 नवंबर रविवार को दोपहर 12 बजे से तीन सत्रों में किया जा रहा है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट परिसर में होने वाली बैठक में संभाग प्रभारी, प्रांतीय पदाधिकारी, संभागीय कार्यकारिणी और भिंड, मुरैना, श्योपुर जिले के जिला संगठन मंत्री, जिलाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष अपेक्षित है। बैठक की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष डॉ नरेश सिंह सिकरवार द्वारा की जाएगी। प्रथम सत्र में गत बैठक की कार्रवाई विवरण का वाचन एवं पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। बार्षिक सदस्यता की जानकारी, रसीद कट्टों का संकलन, ब्लॉक, जिला, संभाग के खातों की जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। द्वितीय सत्र में आगामी बोर्ड एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम में छात्रों शत प्रतिशत सफलता के लिए आवश्यक कार्ययोजना पर मंथन किया जाएगा। जिससे जिले के स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके। स्कूलों में शिक्षकों की छात्र हित में नियमित उपस्थिति बढ़ाने कर्तव्यबोध की भावना जागृत करने एवं समयपूर्व सिलेबस पूरा करने की योजना पर जोर दिया जाएगा। अंतिम सत्र में शिक्षा, शिक्षक व छात्र हित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी आगामी योजना तय की जाएगी। जिले के पदाधिकारियों से कहा गया है कि वह निर्धारित प्रपत्र पर जानकारी भरकर लाएं। अपने साथ भरी, अधभरी, खाली सभी रसीद बंदिया, सदस्यता सूची , बैंक खाता विवरण फाइल आदि लेकर आएं। इस दौरान बैठक में संभाग स्तरीय संगठन गतिविधि पर चर्चा कर आगामी रणनीति तैयार करेंगे।

# 3 दिन से नहीं चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## हॉकर्स जॉन के बजाय सड़कों पर लग रहे हैं ठेले



सत्ता सुधार ■ मुरैना/जौरा

पांच दिनों तक नगर पालिका द्वारा एमएस रोड पर मनीष पेट्रोल पंप से लेकर रेलवे क्रासिंग तक अस्थाई अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान सड़कों पर लगने वाले फल, चाट के ठेला हॉकर्स जोन में लगवाने की व्यवस्था की गई लेकिन पिछले तीन दिनों से नगर पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चला है। वहीं कई ठेले अभी भी एमएस रोड पर ही लगे नजर आते हैं। एमएस रोड पर अस्थाई अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नाले, नालियों के आगे जिन-जिन नागरिकों दुकानदारों का अस्थाई अतिक्रमण था उसे साफ तो कर दिया गया है लेकिन अभी भी जाम के हालात बराबर बने हुए हैं। इसके पीछे ई-रिक्शा एवं टमटम चालक यातायात व्यवस्था को अव्यवस्थित किए हुए हैं। पुराने बस स्टैंड, हनुमान मंदिर के पास का चौराहा, तिकोनिया पार्क, टेंपो स्टैंड, नवीन बस स्टैंड, पगार तिराहा, रामसरी माता के पास भी टमटम एवं ई रिक्शा चालक अपने-अपने वाहनों को सड़कों पर गलत ढंग से खड़ा कर रहे हैं जिससे बराबर जाम की स्थिति बनी हुई है हालांकि बाजारों में अस्थाई अतिक्रमण को हटाने को लेकर नगर पालिका द्वारा दुकानदारों को नोटिस भी जारी किए हैं जिसमें नाली नालियों के आगे अस्थाई अतिक्रमण को हटाने को कहा गया है। बाजारों में कई स्थानों पर नगर पालिका की नोटिस मिलने के बाद दुकानदारों द्वारा नाले नालियों के ऊपर लगे अपने लोहे के चादर, लोहे के एंगल सहित अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटाया भी है लेकिन नाले नालियों के आगे रैंप सीढ़ियां चबूतरे कई स्थानों पर अभी भी नजर आते हैं। वही तहसील चौराहा से लेकर पुराने अस्पताल तक स्थिति बेहद गंभीर है। यहां पर तो दिन भर ही जाम के हालात बने रहते हैं। विशेषकर सब्जी मंडी चौराहा पर तो आमजन पैदल भी नहीं निकाल पाते हैं। सूत्र बताते हैं कि निकाय द्वारा अभी कई लोगों को अतिक्रमण हटाने के संबंध में नोटिस जारी नहीं किए हैं फिर पिछले तीन दिनों से अतिक्रमण हटाओ अभियान बंद पड़ा है जिसको लेकर आम जनों में तरह-तरह की चर्चाएं भी सुनने को मिल रही हैं यदि चर्चाओं पर यकीन किया जाए तो एमएस रोड पर चलाए गए अभियान में नगर पालिका का व्यवहार भेदभावपूर्ण रहा। सोशल मीडिया पर भी नगर पालिका की कार्रवाई के खूब चर्चे देखने को मिल रहे हैं। सोशल मीडिया पर कई लोगों द्वारा तो स्पष्ट रूप से लिखा कि एमएस रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान में भेदभाव पक्षपात किया गया है।

### अतिक्रमण हटाने से सड़के हुई चौड़ी

मनीष पेट्रोल पंप से लेकर रेलवे क्रासिंग तक नाले नालियों के आगे अस्थाई अतिक्रमण हटने से अब सड़कें अपने आप ही काफी चौड़ी दिखने लगी है जो सड़के पहले अतिक्रमण से सिकुड़ी हुई थी अब वह काफी चौड़ी नजर आती है। आम नागरिकों का कहना है कि जरूरत तो सिर्फ ई-रिक्शा एवं टमटम वाहनों के स्टैंड बनाने की है। मनीष पेट्रोल पंप से लेकर रेलवे क्रासिंग तक आधा दर्जन स्थानों पर टमटम वाहनों की स्टैंड निर्धारित किए जाएं तो एमएस रोड पर जाम के हालात से निजात मिल जाएगी।

### इनका कहना है

अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र सिंह रावत का कहना है कि तीन दिन से निकाय के कर्मचारी एमएस रोड पर एकत्रित मिट्टी एवं कचरा को उठाने का कार्य कर रहे थे रविवार से अभियान बाजारों में चलाएंगे।

# विजयपुर में कांग्रेस की जीत पर मुरैना व जौरा में चले पटाखे, बांटी मिठाई



सत्ता सुधार ■ मुरैना/जौरा

श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी की शानदार जीत पर मुरैना एवं जौरा में कांग्रेसियों ने पटाखे चलाकर व मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। मुरैना जिले के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू के न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित निवास पर मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके पर कांग्रेसियों ने कहा कि धोखा देने वाले को जनता ने आईना दिखाया है, पार्टी ने रावत को इतना ऊंचा कद दिया और उन्होंने धोखा दिया। इस धोखे का बदला विजयपुर की जनता ने हराकर लिया है। इसी प्रकार जौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पटाखे चलाकर मिठाई वितरित की गई। दिनांक 23 नवंबर को विजयपुर विधानसभा की मतगणना के बाद जैसे ही परिणाम घोषित हुआ और परिणाम में कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा को 7228 मतों से जीतने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार सिंह सिकरवार के निर्देशन में उत्साह और उमंग के साथ पुराने बस स्टैंड के पास स्थित हनुमान मंदिर चौराहे पर पटाखे चलाकर मिठाई वितरित की गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार सिंह सिकरवार का कहना था कि धोखा देने वालों को जनता इसी तरह हार के साथ विदाई देती है जिन रामनिवास रावत को कांग्रेस पार्टी ने सब कुछ दिया और उन्होंने पार्टी को जो धोखा दिया उसी का या परिणाम है कि जनता ने उन्हें भी नकारकर हार के साथ उन्हें विदा किया है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सेवा कांग्रेस के महामंत्री रवि उपाध्याय, डॉ मुरारी लाल अमर, दीपक यादव, बनवारी लाल फौजी, लक्ष्मण शिवहरे, प्रमोद शर्मा पम्मी, अभिषेक जैन अप्पू, अजीत वर्मा, मोबीन खान, अजीत राणा, डीके प्रजापति सहित अन्य कांग्रेसी भी उपस्थित रहे।

# 15 गर्ल्स लिमिटेड ओवर टूर्नामेंट के दूसरे मैच में बंगाल ने स्वराष्ठ को हराया




सत्ता सुधार ■ मुरैना

बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर 15 गर्ल्स लिमिटेड ओवर टूर्नामेंट का दूसरा मैच एमपीसीए के करुआ ग्राउंड चंबल डिवीजन पर बंगाल और स्वराष्ठ के बीच हुआ। टॉस जीतकर स्वराष्ठ टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 45 रन बनाए। स्वराष्ठ की तरफ से वेदा, अमृतिया ने सर्वाधिक 15 रन बनाए और बंगाल टीम की तरफ से गेंदबाजी करते हुए वेगदानी दास ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बंगाल की टीम ने 8.2 ओवर में 1 विकेट खोकर 46 रन बनाये और यह मैच बंगाल टीम ने 9 विकेट से जीता। मैच रेफरी पल्लवी पार्की ने इस आयोजन के लिए चंबल डिवीजन को बधाई दी और मैच के सभी ऑफिशल्स ने ग्राउंड और सारी सुविधाओं की तारीफ की। मैच के अंत मे चम्बल डिविजन क्रिकेट संगठन के सचिव तस्लीम खान द्वारा अम्पायर कृतिका मैम को उपहार देकर सम्मानित किया गया। 25 नवम्बर को इस टूर्नामेंट का तीसरा मैच करुआ ग्राउंड पर खेला जाएगा।

### ई-केवायसी के अभाव में छात्र-छात्रायें छात्रवृत्ति से वंचित न हों : कलेक्टर

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना ने महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिये कि अंगनबाड़ियों से निकलने वाले सभी छात्र ई-केवायसी के अभाव में छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहे।इसके लिये समस्त सीडीपीओ प्रयास करें कि प्रत्येक छात्र-छात्राओं के बैंक में ई-केवायसी हो जाये। ये निर्देश उन्होंने सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में समस्त सीडीपीओ को दिये। उन्होंने कहा कि समस्त सीडीपीओ यह भी सुनिश्चित करें कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति के संबंध में ब्लॉक स्तर पर दावे- पत्तियों का निराकरण किया जाता है। उस दौरान किसी के दबाव में आकर गलत तरीके से नियुक्ति न हो, यह सुनिश्चित करें। बैठक में समस्त सीडीपीओ उपस्थित थे।

# साडू के पुत्र की लगन में जा रहे बाइक सवार पति-पत्नी की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत





सत्ता सुधार ■ मुरैना

माता बसैया थाना अंतर्गत खेड़ा गांव के पास शुक्रवार की शाम मिरघान गाँव साडू के यहां पुत्र के लग्न कार्यक्रम में जा रहे पति पत्नी को एक अज्ञात भारी वाहन ने कुचल दिया, जिससे पति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वही पत्नी ने ग्वालियर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद वाहन चालक फरार बताया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। इस घटना से परिवार में मातम पसर गया है। मृतक पति-पत्नी अपने पीछे 12 साल की बच्ची स्वयंप्रभा को छोड़ गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बागचीनी थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हेरी निवासी ऋषिकेश शर्मा पुत्र भरत लाल शर्मा 35 अपनी पत्नी सीमा 30 वर्ष के साथ बाइक से शुक्रवार की शाम मिरघान गांव में रहने वाले अपने साडू के पुत्र के लग्न कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया हुआ था, जब उनकी बाइक माता बसैया थाना अंतर्गत खेड़ा गांव के पास मोड पर पहुंची, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात भारी वाहन ने बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी और चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। इस दुर्घटना में ऋषिकेश शर्मा की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा देखकर ग्रामीण एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन करते हुए उनके परिजनों को जानकारी दी। सीमा की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार अंधेरा होने के कारण टक्कर देने वाले वाहन को ठीक से नहीं देख पाए, लेकिन भारी वाहन था, ट्रक या बस भी हो सकती है। फिलहाल बसैया थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है तथा दोनों मृतकों के पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। इस घटना के बाद मृतक एवं साडू के परिवार में मातम छाया हुआ है और रो-रोकर परिजनों का बुरा हाल है।

# स्वास्थ्य विभाग की प्रगति संतोषजनक नहीं : कलेक्टर



सत्ता सुधार ■ मुरैना

स्वास्थ्य की स्थित को ध्यान में रखते हुये कलेक्टर ने सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मैदानी गतिविधियां संतोषजनक नहीं पायी गई, इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुये समस्त बीएमओ को निर्देश दिये कि मैदानी कर्मचारियों को टाइट करें और जिले में सभी डिलेवरी पॉइंट हर हालत में संचालित हों। इसके लिये जहां अतिरिक्त कर्मचारी है, वहां से डिलेवरी पॉइंट पर व्यवस्था कराई जाये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय, सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गोयल, डीपीएम श्री एसपी श्रीवास्तव सहित समस्त बीएमओ एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने नियमित ब्लॉक वार टीकाकरण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान एफआईसी 89 प्रतिशत पाई गई, उन्होंने इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सबलगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर, टेंटरा, झुण्डपुरा और सबलगढ़ में डिलेवरी पॉइंट तय है, जिसमें रामपुर, टेंटरा और झुण्डपुरा में डिलेवरी नहीं की जा रही है। इस पर बीएमओ विशेष ध्यान दें। जो महिला डॉक्टर कार्य नहीं करती है, उसके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई हैं, उससे मुझे अवगत कराया जाये। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि पहाडगढ़ विकासखण्ड के ग्राम कन्हार, अम्बाह के अंतर्गत रछेड़ में भी डिलेवरी नहीं की जा रही है। वहां पर भी विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने कहा कि अम्बाह विकासखण्ड के ग्राम झोंहा में सबसे कम डिलेवरी की संख्या दिखाई गई है। इस संबंध में बीएमओ बतायें। कलेक्टर ने कहा कि अगली मीटिंग में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति मिलना चाहिये।उन्होंने समस्त बीएमओ को निर्देश दिये कि मोहल्लों के अलावा अशासकीय, शासकीय स्कूलों के लिये भी रोस्टर के अनुसार दो पालियों में टीम गठित करें, ये टीमें डेंगू, मच्छर के लार्वा का परीक्षण करें और उसका प्रचार-प्रसार भी करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक सीएमचओ को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये लक्ष्य दिया जाये, लक्ष्य को प्रतिदिनि इकट्ठा करके मुझे अवगत करायें। 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिये।

### दो बाइक आमने-सामने टकराई, पति-पत्नी और बच्चे घायल

**मुरैना।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के शिकारपुर मार्ग पर शनिवार की दोपहर बाइक से माता बसैया जा रहे गोस्वामी दंपति को सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे पति-पत्नी और उसके दोनों बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आरोपी बाइक चालक फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर उमाशंकर पुत्र रामनारायणा गोस्वामी उम्र 36 निवासी श्यामबिहार कॉलोनी बटालियन के पास अपनी पत्नी गिरजेश 32 वर्ष, डेढ़ वर्षीय पुत्र शिवम एवं 11 वर्षीय पुत्री हेमा गोस्वामी को बाइक पर लेकर माता बसैया मंदिर के दर्शन के लिए निकले थे, जब उनकी बाइक शिकारपुरा मार्ग पर पहुंची तो सामने से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार युवक ने तेजी एवं लापरवाही से टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार गोस्वामी दंपत्ति सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से भाग निकला। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# एंटीबायोटिक सप्ताह का आयोजन संपन्न



सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर के निर्देशानुसार एवं डॉ. डी0एस0 यादव आरएमओ के मार्गदर्शन में विश्व ऐन्टिबायोटिक सप्ताह डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी थीम ''एंटीमाइक्रोबियल हैण्डल विथ केयर'' के आधार पर आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. अनिल व्यास मेडीसन विशेषज्ञ, डॉ. आशीष अग्रवाल अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. एन.सी. गांगिल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. सरिता राठौर स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं श्री रविन्द्र प्रजापति सहायक प्रबंधक, डिप्टी मीडिया ऑफिसर रामलली माहौर, श्रीमती मीना डेकाटे मेट्रन एवं समस्त वार्ड प्रभारी, फार्मासिस्ट एवं नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आर.एम.ओ द्वारा बताया गया कि विश्व ऐन्टिबायोटिक सप्ताह 24 नवंबर तक मनाया जाना है जिसमें ऐन्टिबायोटिक दवाओं को अनावश्यक ना दिये जाने की सत्ता ह दी जाती है एन्टिबायोटिक एक प्रकार का रोगाणू रोधी दवा है जो बैक्टिरिया के खिलाफ सक्रिय होना है यह जीवाणु संक्रमण से लड़ने के लिए महत्वपूर्ण एन्टिबायोटिक वायरस के खिलाफ प्रभावी नहीं है जैसे कि जो सामान सर्दी या इन्फ्ल्यूएंजा का कारण बन सकते है जिन्हें दवाईयां या एन्टिवायरल कहा जाता है काई भी दवा बिना चिकित्सक के सलाह के उपयोग ना करें एवं स्वंय ली गई दवा जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। उचित चिकित्त्सीय मूल्यांकन के बिना अपने रोग या शारीरिक स्थिति का ग़लत निदान करने से बचें।

# माँ की बगिया ग्रामीणों के लिए बनी वरदान



सत्ता सुधार ■ मुरैना

माँ की बगिया शासकीय योजना एक ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए कृषि और बागवानी में प्रशिक्षण और समर्थन प्रदान करना है। यह योजना महिलाओं को अपने घरों के पास बगिया बनाने और उसमें फल, सब्जियाँ और फूल उगाने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस योजना के तहत, महिलाओं को बीज, उर्वरक, और अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की जाती है, साथ ही उन्हें बागवानी और कृषि के बारे में प्रशिक्षण भी दिया जाता है। माँ की बगिया शासकीय योजना के उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार करना, कृषि और बागवानी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करना माँ की बगिया शासकीय योजना के लाभ महिलाओं को आय का एक अतिरिक्त स्रोत प्रदान करना, महिलाओं को अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार करने में मदद करना, ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और बागवानी को बढ़ावा देना, महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में मदद करना हैं। ऐसी ही एक माँ की बगिया का निर्माण ग्राम पंचायत भौनपुरा, जनपद पंचायत अम्बाह जिला मुरैना में पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी के पास करवाया गया है।

इस माँ की बगिया से आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए जो खाना बनता हैं उसके लिए ताज़ा सब्ज़ियों की पूर्ति की जाती हैं। सब्ज़ियों के अलावा माँ की बगिया में फलदार एवं फूलदार वृक्ष भी लगाये गये है जो की इसकी सुंदरता बढ़ाते हैं। माँ की बगिया बनने से कई लोगों को रोज़गार भी मिला हैं एवं बच्चों को ताज़ा सब्ज़ियाँ मिलने से उनके स्वास्थ्य में भी लाभप्रद साबित हो रही हैं।

# निर्माण कार्यों में तेजी लाये, गुणवत्ता के साथ कार्य करें महापौर



सत्ता सुधार ■ मुरैना

बुधवार की दोपहर 1 बजे नगर निगम स्थित महापौर कार्यालय में निर्माण शाखा एंव स्वास्थ्य शाखा की बैठक नगर निगम महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र प्रसाद सोलंकी द्वारा ली गई। बैठक में तकनीकी शाखा के कार्यपालक यंत्री श्री नवनीत शर्मा मौजूद रहे। महापौर ने कार्यपालन यंत्री को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर में जो विकास कार्य चल रहे हैं, उनमें तेजी लाये और निर्माण कार्य की गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखते हुए सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ करें। अन्यथा संबंधित उपयंत्री, सहायक यंत्री के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने स्वास्थ्य अमले की बैठक भी ली। बैठक में महापौर ने स्वास्थ्य अधिकारी श्री जगदीश टैगोर, अमरनाथ व्यास को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य शाखा का काम ठीक नहीं है। बार-बार निर्देश देने के बाद भी शहर में कचरे के ढेर लग रहे हैं। साफ-सफाई प्रॉपर तरीके से नहीं हो पा रही है। शहर में जगह-जगह गंदगी पसरी है। महापौर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य अमला अपने काम में सुधार नहीं करता है तो संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी के साथ-साथ सभी स्वच्छता निरीक्षकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर निगम के एमआईसी सदस्य प्रमोद बंटी यादव, प्रदीप जगनेरिया, राकेश यादव सहित निगम के सहायक यंत्री श्री ललित शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन की नोडल अधिकारी गजल खन्ना सहित बड़ी संख्या में निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# बीना के राजीव गांधी वार्ड में नगर पालिका की चली जेसीबी

### न्यायालय के आदेश पर नगर पालिका ने 515 वर्ग फीट का अतिक्रमण हटाया गया

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)




**खुद अतिक्रमण हटाने मांगा 5 दिन का समय**

बीना के राजीव गांधी वार्ड में तहसीलदार के आदेश पर 1500 वर्ग फीट का अनाधिकृत कब्जा हटाने के आदेश के परिपालन में 515 वर्ग फीट का अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा शेष बाकी हटाने के लिए प्रशासन ने 5 दिन का समय दिया है।आरआई पीएस ठाकुर ने बताया कि राजीव गांधी वार्ड में शीतावंती साधवानी की भूमि पर राजीव बत्रा पिता चंद्र प्रकाश बत्रा ने कब्जा कर 2 टीन शेड बना लिए थे। जिसका मामला तहसीलदार की न्यायालय में चल रहा था। न्यायालय ने निर्णय सीतावंती के पक्ष में दिया गया और अनधिकृत अतिक्रमण को हटाने के आदेश दिए गए।आरआई पीएस ठाकुर ने बताया कि कुल 1500 वर्ग फीट से बेदखली करने का आदेश न्यायालय से हुआ था। जिसके बाद एक टीन शेड से 515 वर्ग फीट का अतिक्रमण हटाया गया है। दूसरे टीन शेड में 650 वर्ग फीट पर कब्जाधारी का सामान रखा होने के कारण उन्होंने स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए 5 दिन का समय मांगा है। यदि 5 दिन में वह स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते है तो वह अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### जिला चिकित्सालय सागर में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**सागर।** लेप्रोस्कोपिक पद्धति से ऑपरेशन का सीधा प्रसारण उपस्थित प्रतिभागियों को दिखाया गया एवं ऑप्रेशन कक्ष में चिकित्सकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का प्रशिक्षण भोपाल की प्विख्यात लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ प्रिया चित्तार भावे एवं उनकी टीम द्वारा दिया गया। वर्तमान में लप्रोस्कोपिक सर्जरी की सुविधा बड़े बड़े महानगरों में ही उपलब्ध थी एवं आम आदमी के पहुंच से दूर थी, परन्तु म प्र शासन द्वारा समस्त जिला चिकित्सालयों एवं मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में मरीज़ को बिना चीरा लगाए ऑप्रेशन किया जाता है एवं मरीज़ को एक ही दिन में डिस्चार्ज कर दिया जाता है। जिला चिकित्सालय सागर में दिनांक 22/11/24 को 4 सफल लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संचालक सागर संभाग सागर डॉ ज्योति चौहान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सागर डॉ ममता तिमोरी, सिविल सर्जन डॉ आर एस जयंत, स्त्री रोग विशेषज्ञ नीना गिडियन, ललिता पाटिल, डॉ अमित दुबे एवं डॉ प्रीती तिवारी, डॉ गौरव सेन, डॉ अंशुल नेमा निश्चेतना विशेषज्ञ एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर से विभागध्यक्ष डॉ शीला जैन, डॉ जागृति नागर एवं अन्य विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय सागर एवं बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के मेडिकल ऑफिसर एवं पी जी स्टूडेंट तथा फोग्सी जिला शाखा सागर से डॉ रश्मि शुक्ल, डॉ निधि मिश्रा , डॉ जय श्री चोकसे, डॉ साधना मिश्रा डॉ मोनिका जैन, डॉ अर्चना श्रीवास्तव, डॉ दीप्ति गुप्ता डॉ रूबी रेजा एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय सागर की ओ टी से श्रीमती विलासिनी गोपी, गीता रोहित,मीणा रमैया, पटैरिया, मीनल बिसेन, क्वालिटी टीम से कुमारी श्वेता रजक, काजुल तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

### श्रद्धांजलि योजना के तहत दो लोगों को दी गई अनुकंपा नियुक्ति

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के आदेशानुसार अनुकंपा नियुक्ति का कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। इसी परिप्रेक्ष्य में आज श्रद्धांजलि योजना के तहत आज दो व्यक्तियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौपे। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। जैसे ही कोई प्रकरण प्राप्त होता है तत्काल संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यालय में प्रस्तुत करें, जिससे कि संबंधित परिजन को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जा



सके। इसी तारतम्य में आज श्रद्धांजलि योजना के माध्यम से कलेक्टर संदीप जी.आर. ने अंकलेश्वर तिवारी को कलेक्टर कार्यालय सागर में भृत्य पद पर एवं दीपक रोहित को तहसील कार्यालय सागर नगर में भृत्य पद के लिए अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया है।

# श्री रामचंद्र मिशन हार्ड फुलनेस की अध्यात्मिक यात्रा का बीना में हुआ भव्य स्वागत

### जिनका उद्देश्य हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान, स्वस्थ तन, प्रसन्न मन, चेहरे पर मुस्कान




सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

सर्व धर्म संमभव को लेकर चलने वाली श्री रामचंद्र मिशन हार्ड फुलनेस (जिनका उद्देश्य हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान, स्वस्थ तन, प्रसन्न मन, चेहरे पर मुस्कान) को लेकर शुक्रवार को आध्यात्मिक यात्रा बीना पहुंची इस यात्रा में शामिल आईजी प्रशासन रुचि वर्धन मिश्रा ने बताया कि श्री रामचंद्र मिशन जो विश्व कल्याण के लिए अनेक कार्य कर रही है जैसे पर्यावरण संरक्षण नशा मुक्ति एवं ऐसी कुरीतियों जिससे समाज नष्ट हो रहा है। समाज उत्थान के लिए कार्य कर रही है अभी तक एक करोड़ लोगों को योग शिक्षा प्रदान कर चुकी है।अब दूसरे फेस में पुनः कार्य करने जा रही है। इस आध्यात्मिक यात्रा का बीना नगर आगमन हुआ। सर्वोदय चौराहा पर जिनका भव्य स्वागत किया गया। जिसमें पंडित दशरथ पुरोहित, सुनील सिरोठिया , दिनेश पाठक, आशीष चौबे, अशोक परिहार, बृजेश शर्मा,सी पी तिवारी, हरिशंकर दीक्षित, गोकुल प्रसाद तिवारी, रघुराज पटेल, पप्पी तिवारी, शिवनारायण तिवारी, जी एस ठाकुर, रामेश्वर प्रसाद पुरोहित, राम सिंह ठाकुर, छुटकुल पंथी, वीरेंद्र बबेले, आदि उपस्थित थे। यात्रा की प्रभारी कपिल तिवारी ने बताया कि पूज्य बाबूजी महाराज की 125 सी जयंती के अवसर पर श्री रामचंद्र मिशन कि यह आध्यात्मिक यात्रा निकाली जा रही है।

पूरे विश्व में जन जागरण के माध्यम से आम नागरिकों को जागना है यह मिशन ध्यान और योग पर कार्य कर रही है हमारी यही यात्रा गंजबासोदा से प्रारंभ हुई जो लगभग साढ़े 600किलोमीटर यात्रा करके उत्तर प्रदेश के शाहजहांना पुर पहुंचेगी।पंडित दशरथ पुरोहित ने बताया कि परमात्मा की सर्वोत्तम कृति मानव है सारे संसार को भगवान चलता है और भगवान को चलाने वाला मानव है मानव कृति को जानने का एकमात्र साधन है ध्यान, ध्यान से ज्ञान प्राप्त होता है जिससे हम अपने आप को मजबूत करते हैं तभी हम दूसरों को चलाने की क्षमता प्राप्त कर पाते हैं हम सुधरें, युग सुधरे, मानव जाति सुधारे 165 देशों में चलने वाला यह मिशन मानव के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है।

# जीआरपी बीना की सराहनीय कार्यवाही

### 6 माह से फरार चल रहे 2000 रु. के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)




बलात्कार के आरोप में करीब 06 माह से फरार चल रहे 2000 रु. के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार।दरअसल एक महिला ने दिनांक 16/06/24 को एक जीआरपी थाने में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट की थी कि गांव से बीना बाजार करने आई थी रेल्वे स्टेशन बीना के बाहर गुप्ता मोड पर ससुराल के परिचित दो व्यक्ति परिवर्तित नाम (घनश्याम एवं कमलेश) मिले जिनके द्वारा अभद्र व्यवहार एवं मारपीट कर जबरजस्ती मोटरसाइकिल पर बैठाकर सूनसान जगह खेतों में ले जाकर आरोपी परिवर्तिन नाम (घनश्याम) के द्वारा पीडिता के साथ जबरजस्ती गलत काम (बलात्कार) किया व जान से मारने की धमकी दी गयी पीडिता की रिपोर्ट पर से थाना पर अपराध क्रमांक 403/24 धारा 376 डी 323.294.506.365.34 भादवि. इजाफा धारा 366 भादवि, का कायम कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान मामला गम्भीर प्रवत्ति का होने से मामले की सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल राहुल कुमार लोढा को दी गई बाद पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई।उप पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल श्रीमाती बिडू शर्मा के मार्गदर्शन में तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता कठेरिया द्वारा अपने अधीनस्थ स्टाफ को साथ लेकर मामले के मुख्य आरोपी परिवर्तित नाम (घनश्याम) को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया था किन्तु मामले के इनामी फरार आरोपी परिवर्तित नाम (कमलेश) की गिरफ्तारी करने हेतु वर्तमान थाना प्रभारी निरी, बीर बहादुर सिहं परिहार द्वारा अपने अधीनस्थ स्टाफ को लेकर फरार आरोपी की सकूनत पर दबिश दी गई जो कि सकूनत पर दस्तयाब हुआ जिसे मामले सदर में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बीना के समक्ष पेश किया गया बाद माननीय न्यायायल से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को उप जेल खुरई जिला सागर में दाखिल किया गया। सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी निरीक्षक बीर बहादुर सिहं परिहार, सउनि मूलचन्द, आर. जितेन्द्र सिहं आर. सचिन श्रीवास्तव आर. सौरभ श्रीवास्तव की सराहनीय भूमिका रही।

## हास्य से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन ..हंसना औषधि का काम करती है



सत्ता सुधार ■ सागर

एकता समिति ने भगवानगंज स्थित एक स्कूल में जश्ने जिंदगी के अंतर्गत हास्य से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पंकज तिवारी महाकौशल ने की।मुख्य अतिथि अमेरिका से पधारे विकास भाई पटेल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। एकता समिति सदस्यों ने एवं महिला एकता समिति सदस्यों ने भारतीय संस्कृति से परिपूर्ण हास्य व्यंग एवं शिक्षा संदेशों के माध्यम से अपने-अपने किरदार निभाकर हास्य पूर्ण बनाया। इस अवसर पर समिति संस्थापक रशीद भाई ने कहा कि हंसना मुस्कुराना एक औषधि का कार्य करता है हमें अपने जीवन में खुलकर हंसना चाहिए मुस्कुराना चाहिए इसके लिए आयोजन करना चाहिए क्योंकि वर्तमान समय में टेलीविजन संस्कृति के कारण सभी अपने-अपने घरों के अंदर तक सीमित रह गए हैं। इस अवसर पर सुधीर जैन ,कमलचंद जैन ,शरद गुप्ता, चंपक भाई जैन, राकेश बजाज, चिरंजीत टुटेजा ,निलेश समैया, राजेंद्र सोनी, राजेंद्र मलैया, नरेंद्र जैन, अजीत जैन, संजय शास्त्री, राजकुमार पडेले, अरुण जैन, विमल चंद जैन, प्रमोद चौरसिया, एकता महिला समिति से श्रीमती सलमा रशीद, अर्चना समैया वर्षा जैन, अनीता शास्त्री ,नेहा समैया, वंदना सेठ, अनीता जैन, संगीता पढ़ेले रागिनी जैन उपस्थित,थे।कार्यक्रम का संचालन प्रदीप समैया संजय शास्त्री ने किया ,आभार व्यक्त विकास भाई ने व्यक्त किया।

## भिक्षावृत्ति रोकने किये गए उपायों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

**खरगोन।** राज्य शासन द्वारा भिक्षावृत्ति में लिप्त गरीब व्यक्तियों, अशिक्षित बच्चों, महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों का सर्वे कर उनकी पहचान एवं डाटा बैंक तैयार करने तथा उनके पुनर्वास के लिए एडवायजरी जारी की गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि भिक्षावृत्ति से संबंधित एडवायजरी के बिंदुओं का पालन कर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराएं।

# कबीर मंदिर पर वीरांगना झलकारी बाई की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)



बीना के मनोरमा बाढ़ स्थित कबीर मंदिर पर वीरांगना झलकारी देवी की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर हरिराम पंथी ने झलकारी देवी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत की स्वाधीनता के लिए 1857 में हुए संग्राम में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी कन्धे से कन्धा मिलाकर बराबर का सहयोग दिया था। कहीं-कहीं तो उनकी वीरता को देखकर अंग्रेज अधिकारी एवं पुलिसकर्मी आश्चर्यचकित रह जाते थे। ऐसी ही एक वीरांगना थी झलकारी बाई, जिसने अपने वीरोचित कार्यो से पुरुषों को भी पीछे छोड़ दिया।झलकारी बाई का जन्म 22 नवम्बर, 1830 को ग्राम भोजला (झांसी, उ.प्र.) में हुआ था। उसके पिता मूलचन्द्र जी सेना में काम करते थे। इस कारण घर के वातावरण में शौर्य और देशभक्ति की भावना का प्रभाव था। घर में प्रायः सेना द्वारा लड़े गये युद्ध, सैन्य व्यूह और विजयों की चर्चा होती थी। मूलचन्द्र जी ने बचपन से ही झलकारी को अस्त्र-शस्त्रों का संचालन सिखाया। इसके साथ ही पेड़ों पर चढ़ने, नदियों में तैरने और ऊँचाई से छलांग लगाने जैसे कार्यों में भी झलकारी पारंगत हो गयी।जब झलकारी युवा हुई, तो उसका विवाह झाँसी की सेना में तोपची पूरन कोरी से हुआ। जब झलकारी रानी लक्ष्मीबाई से आशीर्वाद लेने गयी, तो उन्होंने उसके सुगठित शरीर और शस्त्राभ्यास को देखकर उसे दुर्गा दल में भरती कर लिया। यह कार्य झलकारी के स्वभाव के अनुरूप ही था। जब 1857 में अंग्रेजी सेना झांसी पर अधिकार करने के लिए किले में घुसने का प्रयास कर रही थी, तो झलकारी शीघ्रता से रानी के महल में पहुँची और उन्हें दत्तक पुत्र सहित सुरक्षित किले से बाहर जाने में सहायता दी।काफी समय तक अंग्रेज सेना के अधिकारी भ्रम में पड़े रहे। वे रानी लक्ष्मीबाई को जिन्दा या मुर्दा किसी भी कीमत पर गिरफ्तार करना चाहते थे; पर दोनों हाथों में तलवार लिये झलकारी उनके सैनिकों को गाजर मूली की तरह काट रही थी। उस पर हाथ डालना आसान नहीं था। तभी एक देशद्रोही दुल्हाज ने जनरल ह्यूरोज को बता दिया कि जिसे वे रानी लक्ष्मीबाई समझ रहे हैं, वह तो दुर्गा दल की नायिका झलकारी बाई है।

यह जानकर ह्यूरोज दंग रह गया।उसके सैनिकों ने एक साथ धावा बोलकर झलकारी को पकड़ लिया। झलकारी फाँसी से मरने की बजाय वीरता की मृत्यु चाहती थी। उसने अपनी एक सखी वीरबाला को संकेत किया। संकेत मिलते ही वीरबाला ने उसकी जीवनलीला समाप्त कर दी।इस प्रकार झलकारी बाई ने अपने जीवन और मृत्यु, दोनों को सार्थक कर दिखाया। इस अवसर पर यह रहे उपस्थित जगदीश प्रसाद दिवान,नारायण प्रसाद पंथी,रामदास पंथी, हरीराम पंथी,राजेन्द्र पंथी,मनमोहन पंथी,पवन पंथी,दिनेश पंथी,हेमराज पंथी,साक्षी पंथी,रागनी वर्मा , कुसुम पंथी,आशीष पंथी,गीता पंथी छुटकुल पंथी वा समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**जश्न** | झारखंड एवं मध्य प्रदेश के कांग्रेस के युवा प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा को बधाई दी

# झारखंड एवं मध्य प्रदेश के विजयपुर सीट जीतने पर कांग्रेस ने की आतिशबाजी

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)





मध्य प्रदेश के विजयपुर उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के विजय होते ही बीना में आतिशबाजी हुई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभु सिंह ठाकुर विजयपुर की जीत को एक ऐतिहासिक और जनता का जो निर्णय आया वह वास्तव में स्वागत योग्य है, कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी में पहुंचे रामनिवास रावत को कांग्रेस में क्या नहीं दिया किंतु पार्टी के साथ गद्दारी करने वालों का हस्त्र यही होता है। झारखंड एवं मध्य प्रदेश के कांग्रेस के युवा प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा को बधाई दी। कांग्रेस संगठन मंत्री पी पी नायक में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को ऐतिहासिक और जनता का निर्णय स्वागत योग करार देते हुए कहा कि जो पार्टी के साथ गद्दारी करता है उसको जनता हमेशा सबक सिखाने के लिए तैयार रहती है।इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, अजय प्रताप सिंह, पी पी नायक, शशि मोहन तिवारी,नेता प्रतिपक्ष प्रशांत राय, सतीश तिवारी, पार्षद अतीक खान,अशोक परिहार, निर्भय सिंह ठाकुर, हरि नारायण कुशवाहा, सुरेश तिवारी नाही,देवेंद्र कुशवाहा, प्रमोद राय,श्रीकांत पाल, विक्रांत गोलंदाज, लल्लू अहिरवार, भूपेंद्र सिंह राजपूत, देवेंद्र नायक,जतिन झा, के के पटेल , अशोक अहिरवार, बाबू सिंह परिहार, मोनू खान आदि रहे।

# भारतीय ज्ञान परम्परा हमारी विरासत : डॉ. ओम प्रकाश दुबे

सत्ता सुधार ■ देवरी (सागर)



शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी में भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत् दो दिवसीय गतिविधियों का समापन को लोक नृत्य, समूह, एकल गायन एवं प्रश्नमंच के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा अति प्राचीन है आज की युवा पीढ़ी को इससे जोड़ने के लिए शासन स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रहीं हैं यह सराहनी पहल है। कार्यक्रम को सह प्रभारी डॉ. अनामिका पाठक एवं प्रभारी शिवलाल अहिरवार ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को दिनांक 25 नवम्बर 2024 को शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में पुरस्कृत किया जावेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने समस्त प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## ब्रीफ न्यूज

### प्रतिबंध के कारण आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पायेंगे पंड्या

**मुम्बई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। पंड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। ऐसे में पहले मैच में मुम्बई इंडियंस को किसी और खिलाड़ी को कप्तान बनाना होगा। पंड्या पर ये प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है कयोंकि वह पिछले आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कप्तान थे और तब टीम अपना अंतिम मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलत हुए तय समय पर ओवर पूरे नहीं कर पायीं थीं। इस प्रकार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसआई) के नियमों के अनुसार, पंड्या को एक मैच का प्रतिबंध झेलना होगा, चाहे वह किसी नई टीम से भी जुड़ जायें।

### मिचेल स्टार्क को हर्षित की गेंद छोड़ना पड़ा महंगा, बाल-बाल बचे

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया टीम इंडिया टीम के सामने बेबस और लाचार नजर आ रही है। पहली पारी में इंडिया को 150 रन पर समेटने के बाद उन पर भारतीय गेंदबाजों ने जोरदार आक्रमण किया और कंगारुओं को संभने का मौका नहीं दिया। पर्थ टेस्ट के दूसरे दिन के खेल में एक बड़ा हादसा होते-होत बचा गया। हर्षित राणा की तेज रफ्तार गेंद को छोड़ने की जगह आगे अपना सिर कर दिया और गेंद हेलमेट पर लगी। पर्थ टेस्ट मैच के दूसरे दिन जिस तरह से इंडिया टीम ने शुरुआत की उम्मीद की जा रही थी कि कप्तान जसप्रीत बुमराह ने अपने ओवर की पहली गेंद पर विकेट चटकाया। इसके बाद हर्षित राणा ने दूसरा विकेट लिया। मिचेल स्टार्क भारतीय टीम की और से डेब्यू कर रहे राणा की गेंद बिल्कुल भी नहीं समझ पा रहे थे।

### पीसीब ने अजहर को बनाया युवा विकास प्रमुख

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व कप्तान अजहर अली को युवा विकास प्रमुख बनाया है। अजहर अभी पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य भी हैं। पीसीबी के अनुसार इसी के साथ ही अजहर की जिम्मेदारियां और भी बढ़ जाएंगी। अजहर ने सीनियर राष्ट्रीय टीम में आगे बढ़ने से पहले साल 2002 में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में अपने करियर को शुरु किया था। साल 2010 और 2022 के बीच उन्होंने 97 टेस्ट और 53 एकदिवसीय मैच खेले हैं। इसमें 9 टेस्ट और 31 एकदिवीय में वह पाक के कप्तान रहे थे। वह 2017 में पाकिस्तान की ऐतिहासिक आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के भी अहम सदस्य थे।

### अर्शदीप बन सकते हैं सबसे महंगे गेंदबाज : चोपड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जमकर प्रशंसा की है। चोपड़ा ने कहा है कि अर्शदीप को इस बार आईपीएल 2025 के लिए होने वाली मेगा नीलामी में 18 से 20 करोड़ रुपए की मोटी रकम मिल सकती है। ऐसे में वह सबसे महंगे गेंदबाज बन जाएंगे। अर्शदीप ने भारतीय टीम की ओर से अबतक टी20 मुकाबलों में 95 विकेट लिए हैं। उन्होंने साल 2019 के बाद से पंजाब किंग्स की ओर से 65 मैचों में 76 विकेट लिए हैं।



पार्क डेस प्रिंसेस, पेरिस, फ्रांस में सॉकर फुटबॉल - लीग के पेरिस सेंट जर्मेन बनाम टूलूज मैच के दौरान पेरिस सेंट जर्मेन के लुकास बेराल्डो ने अपना दूसरा गोल किया।

# पर्थ टेस्ट में आस्ट्रेलिया 104 पर सिमटी भारतीय गेंदबाजों के सामने नहीं टिके कंगारु

## महज 67 रन के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट गिरा दिए

एजेंसी ■ पर्थ

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की धमाकेदार शुरुआत हो गई है। भारतीय टीम पर्थ टेस्ट में पहले बल्लेबाजी करने उतरी और महज 150 रन पर समित गई। इसके बाद कप्तान जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी ने कंगारूओं को क्रीज पर टिकने नहीं दिया। भारत ने महज 67 रन के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट गिरा दिए। पहले दिन का खेल खत्म होने तक मेजबान टीम भारत से 83 रन पीछे थी। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की टीम 104 रन के स्कोर पर सिमट गई और भारत ने 46 रन की बढ़त हासिल की।



पर्थ टेस्ट के पहले दिन भारत के कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। ऑस्ट्रेलिया की घातक गेंदबाजी के आगे टीम इंडिया के बल्लेबाज एक के बाद गिरते गए। यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पडिक्कल बिना खाता खोले वापस लौटे तो विराट कोहली सिर्फ 5 रन बना पाए। केएल राहुल को अंपायर के विवादित फैसला का शिकार होना पड़ा। डेब्यू कर रहे नीतीश कुमार रेड्डी ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए जबकि ऋषभ पंत ने 37 रन की पारी खेल भारत के स्कोर को 150 रन तक पहुंचाया। भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को उसके घर पर घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 59 रन पर टीम के 7 विकेट गिर चुके थे। भारतीय टीम के कप्तान बुमराह ने चार विकेट झटके जबकि मोहम्मद सिराज ने 2 कंगारू बल्लेबाजों को आउट किया। डेब्यू कर रहे हर्षित राणा ने एक विकेट अपने नाम किया।

## तेज गेंदबाज सिराज और लाबुशेन के बीच तीखी नोकझोंक

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के बीच मैदान पर तीखी नोकझोंक हुई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के पहले दिन मैच के दौरान विराट कोहली भी गुस्से में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने से खुद रोक नहीं पाए।


इसके बाद लाबुशेन 52 गेंदों पर 2 रन की पारी खेलकर पवेलियन लौट गए। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी पारी के दौरान भारतीय तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। 13वें ओवर में मोहम्मद सिराज और मार्नस लाबुशेन के बीच टकराव ने स्थिति को और भी तनावपूर्ण बना दिया। सिराज ने शॉर्ट-पिच गेंद फेंकी, जो लाबुशेन के जांघ के पैड पर लगी। जब गेंद स्टंप की ओर बढ़ रही थी, सिराज ने उसे वापस लेने के लिए कदम उठाया, लेकिन लाबुशेन ने बीच में आकर गेंद को बल्ले से हटा दिया। इस पर सिराज ने अपनी नाराजगी जाहिर की और कहा कि लाबुशेन ने गेंद को अनावश्यक रूप से दूर धकेल दिया, जबकि यह सीधे स्टंप को खतरा नहीं पहुंचा रही थी। वहीं, विराट कोहली भी इस घटना में शामिल होते हुए दिखाई दिए, और उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में लाबुशेन के खिलाफ गुस्से का इज़्हार किया। कोहली को गेंद गिराने की आवाज में भी देखा गया, जो इस तनावपूर्ण क्षण को और बढ़ा गया। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को पूरी तरह से लड़खड़ा दिया। जसप्रीत बुमराह की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिसमें बुमराह ने 4 विकेट चटकाए, जबकि मोहम्मद सिराज ने 2 और हर्षित राणा ने एक विकेट लिया। पहले दिन के खेल के अंत तक ऑस्ट्रेलिया ने 67/7 का स्कोर बनाकर अपनी पारी घोषित की।

## देश में निशानेबाजी के खेल में हुआ महत्वपूर्ण विकास : अभिनव बिंद्रा

एजेंसी ■ गुड़गांव

हाल ही में भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने कहा कि पिछले एक दशक में देश में निशानेबाजी के खेल में महत्वपूर्ण विकास हुआ है, जिससे अब इस खेल में गहरी प्रतिभा देखने को मिल रही है।

बिंद्रा ने यह बयान कल आर्टेमिस अस्पताल में दिया, जहां उन्होंने कहा कि इस समय भारतीय निशानेबाज राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, जो इस खेल की प्रगति को दर्शाता है। बीजिंग ओलंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज बिंद्रा ने कहा, निशानेबाजी के खेल में जो प्रतिभा है, वह इस देश के किसी अन्य खेल में नहीं है। राष्ट्रीय स्तर और विश्व स्तर पर बहुत से निशानेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि पिछले एक दशक में इस खेल ने कितनी प्रगति की है।इस दौरान, पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाजों की सफलता का भी उल्लेख हुआ, जिसमें मनु भाकर ने दो कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया और भारतीय निशानेबाजों ने कुल तीन कांस्य पदक हासिल किए। बिंद्रा ने इस उपलब्धि को महत्वपूर्ण बताया और



कहा, कुछ समय पहले ऐसा भी समय था जब दो ओलंपिक खेलों में हमें कोई पदक नहीं मिला था। लेकिन यह खेल का हिस्सा है। एथलीटों और महासंघ ने बहुत कुछ सीखा है, जिसके परिणामस्वरूप पेरिस में अच्छे परिणाम आए।

बिंद्रा ने भारतीय निशानेबाजी के भविष्य को लेकर अपनी उम्मीदें जताईं और कहा, मुझे उम्मीद है कि इस लय को बनाए रखा जाएगा और रणनीतिक योजना जारी रहेगी। मुझे विश्वास है कि भारत निशानेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2026 के राष्ट्रमंडल खेलों में निशानेबाजी, हॉकी, क्रिकेट और कुश्ती को कार्यक्रम से हटाए जाने से भारतीय खिलाड़ियों को एक झटका लगा है। छोटी-छोटी चीजें महत्वपूर्ण हैं, और उनका ध्यान रखना चाहिए।

## वेस्टइंडीज-बांग्लादेश पहला टेस्ट, तस्कीन ने की शानदार गेंदबाजी

एजेंसी ■ एंटीगुआ

वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो चुकी है। पहला टेस्ट मैच एंटीगुआ में खेला जा रहा है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। क्रेग ब्रेथवेट की कप्तानी में वेस्टइंडीज की टीम बल्लेबाजी करने उतरी और उन्होंने 46 ओवर तक 100 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए अभी तक सबसे ज्यादा रन मिकाइल लुइस ने बनाए हैं।

वेस्टइंडीज के लिए सबसे पहले लुइस और क्रेग ब्रैथवेट ओपनिंग करने के लिए उतरे। मिकाइल लुइस अब तक क्रीज पर हैं, लेकिन क्रेग तस्कीन अहमद की गेंद पर एलबीडब्ल्यू होकर आउट



हो गए। उन्होंने 38 गेंदों में सिर्फ 4 रन बनाए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए कीसी कार्टी आए जो 0 पर ही आउट हो गए। तस्कीन अहमद की गेंद पर ही तैजुल इस्लाम ने शानदार कैच लपका।

वहीं, चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए केविन होज आए। जो अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे लेकिन 63 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हो गए। अपनी पारी में उन्होंने 2 चौके मारे और रन आउट हुए।

## आईपीएल नीलामी में भाग लेंगे तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर

एजेंसी ■ लंदन


फिटनेस समस्या से जूझ रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में भाग लेंगे। पूर्व में जोफ्रा आर्चर का नाम शॉर्टलिस्ट से बाहर रखा गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आर्चर का नाम आईपीएल नीलामी के लिए प्रारंभिक लॉन्गलिस्ट में था, लेकिन जब 574 खिलाड़ियों की सूची जारी की गई तो उनका नाम शामिल नहीं था। हालांकि, अब यह स्पष्ट हुआ है कि वे नीलामी में भाग लेने के लिए शामिल होंगे। यह भी कहा जा रहा है कि अगर आर्चर 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब में होने वाली नीलामी का हिस्सा नहीं बनते, तो उनके आईपीएल भविष्य को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती थी। नए नियमों के अनुसार, यदि कोई खिलाड़ी पहले आईपीएल



में खेल चुका है, जैसे आर्चर, और वह नीलामी में नहीं भाग लेता, तो उसे अगले दो वर्षों तक प्रतियोगिता से बाहर रखा जाएगा। अगर आर्चर को आईपीएल में किसी टीम द्वारा चुना जाता है, जो कि उनकी तेज गेंदबाजी की स्थिति को देखते हुए संभव लगता है, तो उनके टेस्ट क्रिकेट में वापसी की राह कठिन हो सकती है। आर्चर को अपनी फिटनेस साबित करने के लिए ससेक्स के लिए काउंटी चैंपियनशिप में खेलना होगा, लेकिन आईपीएल का सीजन काउंटी चैंपियनशिप के शुरुआती दौर से टकराता है, जो उनके लिए एक चुनौती हो सकता है। 29 वर्षीय आर्चर ने 2020 से चोटों के साथ लंबी लड़ाई लड़ी है, और हाल ही में कोहनी की समस्या से भी जूझ रहे थे। हालांकि, इंग्लैंड ने उनका सावधानीपूर्वक प्रबंधन किया है, और वह मई से इंग्लैंड की सफेद गेंद वाली टीम का हिस्सा रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश की कप्तानी करेंगे एडवर्ड्स, बोलैंड शामिल

**पर्थ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को भारत के खिलाफ 30 नवंबर से कैनबरा में शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच के लिये प्रधानमंत्री एकादश में शामिल किया है। इस टीम का कप्तान न्यू साउथवेल्स के ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स को बनाया गया है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री एकादश के इस मैच से दोनो ही टीमों को एडीलेड में छह दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट की तैयारी का अवसर मिलेगा। भारतीय टीम करीब तीन साल बाद यहां दिन रात का टेस्ट खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'हम टेस्ट टीम की तैयारी के तहत ही बोलैंड की मैच फिटनेस का पता लगाने के लिए उन्हें यह अवसर दे रहे हैं। प्रधानमंत्री एकादश में पिछले साल अंडर 19 विश्व कप जीतने वाली टीम में शामिल हरे सैम कोंसास, माहली बीयर्डमैन, चार्ली एंडरसन और एडान ओकोनोर को भी जगह मिली है।



दक्षिण-पश्चिम चीन के चोंगकिंग नगर में चीन के फिगर स्केटिंग कप के आईएसयू ग्रैंड प्रिक्स में पेयर स्केटिंग शॉर्ट प्रोग्राम के दौरान प्रदर्शन करते फ्रांस के कैमिली कोवालेव /पावेल कोवालेव।

### आगामी 26 नवंबर से ओमान के मस्कट में पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 की शुरुआत होगी

## एशिया कप 2024 के लिए जूनियर पुरुष हॉकी टीम रवाना

एजेंसी ■ बेंगलुरु

आगामी 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेंगलुरु से रवाना हो गई। इस टूर्नामेंट में भारत ने अब तक चार बार खिताब जीता है।

पिछले साल, उन्होंने फाइनल में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर अपना चौथा खिताब हासिल किया था। इस बार, टूर्नामेंट में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं, और भारत को पूल ए में कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ रखा गया है। पूल बी में पाकिस्तान, मलेशिया,



बांग्लादेश, ओमान और चीन हैं। भारत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, इसके बाद 28 नवंबर को जापान के खिलाफ, 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ और 1 दिसंबर को कोरिया के खिलाफ मैच खेलेगा। कप्तान आमिर अली और उप-कप्तान रोहित की अगुआई में भारतीय टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने ग्रुप स्टेज मैचों में शीर्ष दो में जगह बनानी होगी। सुल्तान जोहोर कप 2024 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद, भारतीय टीम ओमान में पुरुष जूनियर एशिया कप में अपनी लय को बनाए रखते हुए अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगी। कप्तान आमिर अली ने कहा, भारतीय जूनियर हॉकी टीम के कप्तान के रूप में मैं इस टूर्नामेंट के लिए बेहद उत्साहित हूं।

हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अगले मैचों की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमारा ध्यान पहले मैच से ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने और फाइनल में जगह बनाने के लिए मजबूत स्थिति बनाने पर है। उप-कप्तान रोहित ने कहा, हम सभी इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत के लिए बेहद प्रेरित और उत्सुक हैं। शिविर में ऊर्जा शानदार है और खिलाड़ियों में एकता की भावना मजबूत है।

## पर्थ टेस्ट में अश्विन और जडेजा को नहीं खिलाने से गावसकर हैरान

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट पर्थ में खेला जा रहा है। पहला दिन भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा था जिसमें भारत के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के सात विकेट गिरा दिए थे। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर भारत के खेल से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा था कि मैनेजमेंट को नीतिश रेड्डी को नहीं खिलाना चाहिए था। वहीं, उन्होंने ये भी कहा कि जडेजा और अश्विन दोनों को खेलना चाहिए था, लेकिन रेड्डी ने पहले ही मैच में 41 रन की पारी खेलकर सभी का दिल जीता। गंभीर की कोचिंग में नीतिश ने डेब्यू किया।

सुनील गावस्कर ने कहा कि अश्विन और जडेजा के न खेलने से वाकई हैरानी हुई है। उन्होंने टेस्ट मैचों में मिलकर 900 विकेट लिए हैं। वे ऐसे गेंदबाज नहीं हैं जो सिर्फ भारत की स्थिति में खेल सकें। वे काफी चतुर गेंदबाज हैं और वे बहुत अनुभवी गेंदबाज हैं। भले ही वे आपको विकेट न दिला पाएं, लेकिन वे अपनी चतुराई भरी गेंदबाजी के कारण रन बनाने की गति को स्लो कर सकते हैं। गावस्कर ने नीतीश रेड्डी को चुनने के फैसले की आलोचना की जिन्होंने अपने घरेलू करियर में सिर्फ 23 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं। गावस्कर का मानना ??है कि इस खिलाड़ी को टेस्ट क्रिकेट में ढालने के लिए कुछ और समय दिया जाना चाहिए था।



गाजियाबाद शहर में डीएम सर्किल रेट से गृहकर नहीं वसूला जाएगा। इस बारे में महापौर ने पांचों जोनल अधिकारियों को पत्र लिखकर स्पष्ट किया कि सदन में हुए निर्णय के अनुसार पहले की तरह कर वसूला जाए। यानी कि नई संपत्ति से भी चार गुना कर न लिया जाए। शहर के क्षेत्रों में कर की अलग-अलग दरें तय हैं।

# यूपी की भगवा आंधी में सपा की साइकिल 'पंक्चर'

## खैर में भाजपा की हैट्रिक, मीरापुर-फूलपुर में भाजपा की जीत

## मुजफ्फरनगर बसपा प्रत्याशी शाह नजर की जमानत जब्त हो गई

## मुजफ्फरनगर एआईएमआईएम के प्रत्याशी को 18,867 वोट मिले, उपचुनाव में लोकसभा के उलट दलितों ने सपा से बनाई दूरी

- उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ न दिखने का भी हुआ नुकसान
- यूपी नौ विस सीटों के उपचुनाव में भाजपा ने जीती सात सीट

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

यूपी की नौ सीटों पर हुए चुनावों के परिणामों ने एक बात साबित कर दी कि दलित लोकसभा चुनाव से उलट पूरी तरह से सपा के पाले में नहीं गया है। दलित बंटे हुए दिखाई दिए। कुछ प्रतिशत मायावती को जरूर मिला, लेकिन बड़ी संख्या में वोट बीजेपी के पाले में जाता हुआ दिखा। कांग्रेस के इस चुनाव में न उतरने का नुकसान भी इंडिया गठबंधन को हुआ। पारंपरिक दलित वोटरों ने साइकिल के सिंबल का दबाने से परहेज किया। इधर, अलीगढ़ की खैर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के सुरेंद्र दिलेर ने सपा की चारु केन को 38 हजार 393 वोटों से हरा दिया। यहां भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाई है। वहीं प्रयागराज की फूलपुर सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने समर्थकों के साथ जीत का जश्न मनाया। मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा के उपचुनाव में रालोद प्रत्याशी मिथलेश पाल ने 30426 वोटों के अंतर से सपा की सुम्बुल राणा को हरा दिया है। मिथलेश को 83,852 वोट मिले, जबकि सुम्बुल 53426 वोट ही हासिल कर सकीं। मिथलेश पाल उपचुनाव जीतकर दूसरी बार विधानसभा पहुंची हैं। इससे पहले साल 2009 में भी वह मोरना से विधायक रही हैं। बसपा प्रत्याशी शाह नजर को 3181 वोट मिले और उनकी जमानत जब्त हो गई। आसपा के जाहिद हुसैन को 22400 वोट मिले। चौंकाने वाली बात यह रही कि एआईएमआईएम के प्रत्याशी अरशद राना को 18,867 वोट मिले। सपा की हार की मुख्य वजह ओवैसी फैक्टर बन गया। गाजियाबाद सदर सीट पर भाजपा के संजीव शर्मा 69676 वोटों से जीत गए हैं। संजीव शर्मा को 96550 वोट मिले हैं। सपा को 27174 वोट मिले हैं। बीएसपी को 10729 वोट मिले। सपा जमानत बचाने में कामयाब रही। बाकी सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई है।

### करहल से जीते सपा प्रत्याशी

अखिलेश यादव के गढ़ कहे जाने वाले मैनपुरी की करहल सीट पर भाजपा का दांव फेल हो गया। यहां सैफई परिवार के दामाद अनुजेश यादव को चुनाव मैदान में उतारा गया था। अनुजेश यादव को कुल 89503 वोट मिले हैं, जबकि तेज प्रताप यादव ने 1,04,207 वोट प्राप्त कर 14704 मतों के अंतर से उन्हें पीछे छोड़ दिया।

### समाजवादी पार्टी को नकारा

2024 में ही हुए लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा। संविधान बचाने और जातीय जनगणना के मुद्दे पर दलित वोट बैंक बड़े स्तर पर सपा और कांग्रेस के साथ गया। अनुमानों के विपरीत सपा प्रदेश में 37 सीटें जीतने में सफल रही। कांग्रेस को छह सीटें मिलीं। राजनीतिक टीकाकारों के अनुसार उस समय बड़ी संख्या में दलित वोटरों ने सपा और कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था। इस बार वह असर गायब दिखा। चुनाव परिणाम इस बात का इशारा कर रहे हैं कि सपा दलितों को फिर से अपने पाले में रखने में नकामयाब रही है।

### कांग्रेस ने बनाई दूरी

लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के बीच जबर्दस्त जुगलबंदी देखने को मिली। कई सीटों पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने संयुक्त जनसभाएं कीं। इस चुनाव में गठबंधन में सही सीटें न मिल पाने की वजह से कांग्रेस ने चुनावों से किनारा कर लिया। कांग्रेस चार सीटें मांग रही थी लेकिन सपा ने उसे दो सीटें दीं। जब यह गठबंधन नहीं हुआ तो कांग्रेस की तरफ से यह कहा गया कि ये प्रत्याशी सपा के प्रत्याशी न होकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हैं और कांग्रेस भी इनका चुनाव प्रचार करेंगी। पर ऐसा नहीं हुआ। राहुल और प्रियंका ने पूरी तरह से यूपी से दूरी बनाई। राहुल की एक भी जनसभा सपा प्रत्याशी के समर्थन में नहीं हुई। केंद्रीय नेतृत्व के साथ-साथ राज्य की लीडरशिप भी इन चुनावों में सपा प्रत्याशियों से दूर दिखी।

### हवा में जातीय जनगणना

जातीय जनगणना लोकसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनकर उभरी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी हर सभा में इस मुद्दे को उठाया। सपा भी जातीय जनगणना की बात कहती रही लेकिन इन चुनावों में जातीय जनगणना की बात सिरे से गायब दिखी। जाति जनगणना के साथ-साथ संविधान बचाने का मुद्दा भी इन चुनावों में नहीं दिखा।

### नहीं चला पीडीए का दांव

अभी तक के रुझानों में सपा जिन दो सीटों पर आगे चल रही है उनमें एक सीट अखिलेश यादव के द्वारा छोड़ी गई करहल है और दूसरी मुस्लिम बाहुल्य सीट सीसमाऊ है। इन दोनों सीटों में सपा के आगे चलने के अलग समीकरण हैं। इन दो सीटों की बात को छोड़ दें तो बाकी सीटों पर सपा का पीडीए फॉर्मूला साथ देता हुआ नहीं दिखा। यादव के अलावा बाकी ओबीसी जातियां उस तरह से सपा के पाले में नहीं आईं जैसा लोकसभा के चुनावों में हुआ था।

### कांग्रेस ने बनाई रणनीतिक दूरी

इन चुनावों में कांग्रेस ने एक रणनीतिक दूरी बनाई। कांग्रेस खुद को दूर रखकर यह देखना भी चाह रही थी कि बिना गठबंधन के सपा कैसा परफॉर्म करती है। चुनाव परिणामों ने एक बात साफ कर दी है फिलहाल सपा और कांग्रेस दोनों को एक दूसरे की जरूरत है।



यूपी उपचुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ कुछ देर में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इससे पहले भाजपा कार्यालय में पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीएम का स्वागत किया।

### कटेहरी उपचुनाव : तीन दशक के बाद जीती भाजपा



कटेहरी में 33 वर्ष बाद चुनावी जीत का कमल खिल गया है। उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद ने लगभग 30 हजार के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर ली। विधानसभा के सामान्य चुनाव व बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव में इस सीट पर सपा को अधिकतम बढ़त लगभग 17 हजार मतों की मिली थी। अब बीजेपी ने इसे काफी पीछे छोड़ते हुए नये समीकरण स्थापित कर डाले हैं। इससे पहले वर्ष 1991 में इस सीट पर बीजेपी के अनिल तिवारी जीते थे। इसके बाद से पार्टी ने यहां कई प्रयोग किए, लेकिन जीत दर्ज करने में सफलता नहीं मिल पाई। जिन धर्मराज के हाथों यहां पार्टी कई बार पराजित हुई। अब उन्हीं को प्रत्याशी बनाने पर पार्टी यहां हार का सिलसिला तोड़ पाने में सफल हुई। कटेहरी में भाजपा को तीन दशक से भी अधिक समय से जीत का इंतजार बना था। यूं तो यही हाल अकबरपुर विधानसभा सीट का भी है, लेकिन कटेहरी को सवर्ण दबदबे वाली सीट माना जाता है। इसके बाद भी यहां चुनाव दर चुनाव भाजपा के हिस्से हार आती रही। वर्ष 1991 में जब अकबरपुर से शिवसेना से पवन पांडेय विजयी होकर विधायक बने थे तो उसी चुनाव में कटेहरी से अनिल तिवारी जीत दर्ज करने में सफल रहे थे। उन्होंने बीएसपी के रामदेव वर्मा को करीब सात हजार मतों से हराया था। 1993 के विधानसभा चुनाव में रामदेव वर्मा ने बसपा के टिकट पर एकतरफा जीत दर्ज की।

### समाजवादी अब समाप्तवादी पार्टी...डिप्टी सीएम ने पीडीए को बताया फर्जी

यूपी विस उपचुनाव की मतगणना पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव के पीडीए को फर्जी बताया। यह परिवार विकास एजेंसी है। उनकी असलियत लोगों के सामने आ गई है। लोकसभा में उन्होंने जो झूठ और छल का प्रचार किया, वह अब काम नहीं करेगा। समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनने जा रही है। 2024 का यह विधानसभा उपचुनाव सपा जैसी पार्टी के अंत का संकेत है।

### अब तो असली संघर्ष शुरू हुआ... नतीजों के बाद अखिलेश बोले

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि 'इलेक्शन' को 'करप्शन' का पर्याय बनाने वालों के हथकंडे तस्वीरों में कैद होकर दुनिया के सामने उजागर हो चुके हैं। दुनिया से लेकर देश और उत्तर प्रदेश ने इस उपचुनाव में चुनावी राजनीति का सबसे विकृत रूप देखा। असत्य का समय हो सकता है लेकिन युग नहीं। अब तो असली संघर्ष शुरू हुआ है, बांधो मुट्ठी, तानो मुट्ठी और पीडीए का करो उद्घोष जुड़ेंगे तो जीतेंगे।

### मौलाना शहाबुद्दीन बोले मुस्लिमों ने सपा को नकारा भाजपा को जिताया

विधानसभा चुनाव नतीजों पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि देश के मुसलमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पंसद करते हैं। यही वजह है कि इस चुनाव में मुसलमानों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का खुलकर सपोर्ट किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में भाजपा को मुसलमानों ने झोली भर के वोट दिया है। उन्होंने कहा कि कुंदरकी विधानसभा सीट इसका उदाहरण है, जहां पर 65 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है, लेकिन उसके बावजूद भाजपा का उम्मीदवार जीता है। चुनाव के दौरान मुसलमानों ने भाजपा प्रत्याशी को नोटों से तौला और खुला समर्थन दिया।

### डिंपल यादव ने दिया धन्यवाद, बोली- नतीजों पर विचार करने की जरूरत



यूपी विधानसभा उपचुनाव के नतीजों पर सपा की सांसद डिंपल यादव ने कहा, जिन कठिन परिस्थितियों में उपचुनाव हुए थे, उसके बावजूद मैं सपा के कार्यकर्ताओं और उन मतदाताओं को धन्यवाद देना चाहूंगी, जिन्होंने अपने मतों का प्रयोग किया। कहीं न कहीं इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि इस तरह के नतीजे क्यों आए हैं।

### बसपा कभी प्रदेश में राज करने वाली पार्टी... अस्तित्व खोज रही



यूपी में उपचुनाव के परिणाम की स्थिति लगभग साफ है। इसमें बसपा कहीं नजर नहीं आ रही है। कभी यूपी जैसे बड़े प्रदेश में सत्ता चलाने वाली बसपा आज अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। विशेषज्ञों की मानें तो शीर्ष नेताओं से लेकर साधारण कार्यकर्ता तक की जनता से दूरी पतन का कारण बनती जा रही है। उत्तर प्रदेश में शनिवार को उपचुनाव की मतगणना की जा रही है। इसमें बसपा अपना अस्तित्व खोती नजर आ रही है। कभी उपचुनाव न लड़ने वाली बसपा ने इस बार सभी नौ सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे। लेकिन, वह कुछ खास नहीं कर सके। या यूं कहें कि बसपा को उबारने में सहायक साबित नहीं हो सके तो गलत नहीं होगा। 2019 लोकसभा चुनाव के बाद से बसपा लगातार नीचे की ओर बढ़ती दिख रही है। पहली बार बसपा ने उपचुनाव लड़ने का एलान किया। लेकिन, इसमें भी कुछ हासिल नहीं कर सकी। सभी नौ सीटों की बात करें तो किसी में तीसरे या फिर उससे निचले पायदान पर नजर आ रही है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनमें एक प्रमुख कारण बड़े नेताओं का चुनाव प्रचार से दूरी बनाना भी देखा जा रहा है। चुनाव प्रचार से दूरी बसपा के लिए आमजन से दूरी बन गई। उसके प्रत्याशी लोगों के दिल में जगह नहीं बना पाए।

### सपा सांसद जियाउर्रहमान बोले- उपचुनाव में लोकतंत्र की हुई हत्या

मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर हुए उपचुनाव में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव निष्पक्ष और ढंग से होता, तो सपा बड़े अंतर से जीत हासिल करती। सांसद ने कहा कि चुनाव से दो दिन पहले से ही माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि संविधान के लोकतंत्र की हत्या की गई है।

# झंडा दिवस पर डीजीपी ने मुख्यमंत्री योगी को फ्लैग लगाकर किया सम्मानित

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

झंडा दिवस पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने सीएम योगी आदित्यनाथ को फ्लैग लगाकर सम्मानित किया। साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट किया। उत्तर प्रदेश पुलिस शनिवार को झंडा दिवस मना रही है। इस कड़ी में डीजीपी प्रशांत कुमार ने राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर फ्लैग लगाकर सम्मानित किया। साथ ही मोमेंटो भेंट किया। यूपी पुलिस की तरफ से इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट की गई हैं। बताते चलें कि 23 नवंबर को पुलिस झंडा दिवस मनाया जा रहा है। एक्स पर किए गए पोस्ट में यूपी पुलिस ने लिखा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ध्वज, विभाग के गौरवशाली इतिहास और वीर जवानों की कर्तव्यपरायणता का गौरवपूर्ण प्रतीक है। यह ध्वज हमारी शौर्यगाथाओं का अमिट धरोहर है। यह प्रत्येक क्षण हमें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।

### भेंट किया स्मृति चिन्ह



### ध्वज हमारी अमिट धरोहर

झंडा दिवस के अवसर पर प्रशांत कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुलिस कलर प्रदान किया। साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर एडीजी एलओ अमिताभ यश एवं जीएसओ टू डीजीपी एन रविन्दर मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश पुलिस ध्वज, विभाग के गौरवशाली इतिहास और वीर जवानों की कर्तव्यपरायणता का गौरवपूर्ण प्रतीक है। यह ध्वज हमारी शौर्यगाथाओं का अमिट धरोहर है, जो प्रत्येक क्षण हमें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।

## कोहरे में भिड़े डंपर, क्लीनर की मौत, चार लोग घायल

**रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाईवे पर दोसड़का के निकट बृहस्पतिवार देर रात दो डंपरों में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों डंपरों के इंजन वाले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। टक्कर के बाद दोनों डंपरों पर सवार बाराबंकी के डिबियापुर हैदरगढ़ निवासी सूरज यादव (33) पुत्र रूपमपाल यादव व गांव के ही क्लीनर सतनाम रावत (32) पुत्र स्वामीनाथ, बाराबंकी के समसरा गंगापुर निवासी (60), सच्चिदानंद मिश्र (45) व दूसरे डंपर का चालक बस्ती जिला के जमुआंवा सोनहा निवासी रंजीत उर्फ रामजीत (32) पुत्र रामबागीच गंभीर रूप से घायल हो गए।

# स्वामी प्रसाद की बेटी संघमित्रा मौर्य के घर चोरी

## लाखों के जेवर ले उड़ा 15 साल पुराना नौकर




सत्ता सुधार ■ लखनऊ

यूपी के बदायूं से बीजेपी की पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्य के घर चोरी हो गई। संघमित्रा के 15 साल पुराने चौकीदार ने घर के लॉकर में रखे जेवरात चोरी कर लिए। हैरानी की बात यह है कि चौकीदार ने पूर्व सांसद के मकान से 6 लाख रुपए के जेवर चोरी कर उनके स्थान पर नकली आभूषण रख दिए। इस मामले में संघमित्रा मौर्य ने पीजीआई थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। संघमित्रा के वृंदावन योजना स्थित मकान की रखवाली कैंट के निलमथा में रहने वाला चौकीदार राजेंद्र करता था। 15 सालों से काम करने के कारण राजेंद्र पर मौर्य परिवार का काफी विश्वास था। पहले मंजिल की चाबियां उसके पास रहती थीं, वहीं दूसरी मंजिल की चाबियां पूर्व सांसद के पास रहती थीं। चोरी के बाद कुछ दिनों से राजेंद्र डरा हुआ था। बुधवार को बेटी की शादी की बात कहकर छुट्टी ली और निकल गया। अगले दिन पूर्व सांसद को एक समारोह में जाना था। जब उन्होंने लॉकर से जेवर निकाले तो देखा कि उसकी बनावट व रंग अलग है। जिसपर संघमित्रा ने सर्राफ से जांच कराई तो पता चला कि सारे जेवर नकली हैं। ऐसे में उन्होंने पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल, पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। संघमित्रा यूपी के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी हैं। 2019 में वह बदायूं से भाजपा के टिकट पर सांसद चुनी गई थीं। हालांकि, 2024 में भाजपा ने उनका काट दिया। फिलहाल, संघमित्रा भाजपा में ही बनी हुई हैं। वहीं, उनके पिता अक्सर भजपा पर हमलावर रहते हैं।

**स्वच्छ सर्वेक्षण** गंगा घाटों पर हर 50 मीटर पर लगेंगे डस्टबिन

# अब विश्वनाथ धाम क्षेत्र में 24 घंटे होगी सफाई

एजेंसी ■ वाराणसी

स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए काशी में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में अब विश्वनाथ मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में 24 घंटे सफाई होगी। वहीं गंगा घाटों पर हर 50 मीटर पर डस्टबिन लगेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए अब विश्वनाथ मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में 24 घंटे सफाई होगी। इसके लिए तीन शिफ्ट में ड्रेस में तैनात सफाईकर्मी काम करेंगे। साथ ही गंगा घाटों पर हर 50 मीटर पर डस्टबिन लगाए जाएंगे। व्यवसायिक क्षेत्रों में दो-दो डस्टबिन स्थापित होंगे। यह निर्देश विगत दिवस नगर निगम में हुई बैठक में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने दिए। बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए बेहतर उपाय किए जाएंगे। घर-घर से निकलने वाले कूड़े को अलग कराएं। 8-8 घंटे की ड्यूटी लगाकर मंदिर क्षेत्र की सफाई कराएं। जिनकी ड्यूटी लगाई जाए वे नियमित चक्रमण करते रहें। जहां भी कूड़ा दिखाई दे, तत्काल उसे साफ कराएं। नगर में सभी व्यवसायिक क्षेत्रों में दो-दो डस्टबिन लगाए जाएं। डस्टबिन से कूड़े का निस्तारण नियमित कराया जाए। डस्टबिन की धुलाई भी की जाए। उन्होंने मुख्य अभियंता को निर्देशित किया कि चिह्नित 56 नालों पर जाली लगाने का कार्य तत्काल पूर्ण कराएं। नगर में संचालित तीन एमआरएफ सेंटर को व्यवस्थित संचालित किया जाए। होप संस्था की ओर से बेकार कपड़ों से बनाए जा रहे झोले का प्रचार-प्रसार किया जाए। जिससे प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग कम किया जा सके। नगर आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों को सरकार से दी जा रही योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश दिए।



### रैग पिकर्स का डेटा तैयार कर जारी होगा पहचान पत्र

नगर आयुक्त ने शहर में रैग पिकर्स (कचरा बीनने वाले) का डाटा तैयार करने एवं उन्हें पहचान पत्र देने के निर्देश दिए गए। नगर में स्थापित सभी सार्वजनिक शौचालयों व सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छ सर्वेक्षण में जारी टूलकिट के आधार पर मानकों को पूरा कराएं। सभी सार्वजनिक मूत्रालयों में सफाई के लिए पानी की व्यवस्था कराएं।

**हटेंगे आउटसोर्सिंग पर तैनात सुपरवाइजर:** नगर आयुक्त ने कहा कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कार्मिक जो सुपरवाइजर का कार्य देख रहे हैं। उन्हें तत्काल हटाया जाए। उनके स्थान पर स्थायी कर्मियों को सुपरवाइजर के पद पर रखने की कार्रवाई की जाए। सोकपिट बनाने के लिए मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया।

# बतौर सूचना निदेशक शिशिर ने स्थापित किया कीर्तिमान

## मुख्यमंत्री के भरोसे पर खरे उतरे, विभाग को दी नई दिशा

सत्ता सुधार ■ लखनऊ



बतौर सूचना निदेशक शिशिर सिंह ने गत 16 नवम्बर को अपने कार्यकाल के छः वर्ष पूर्ण कर इतिहास रच दिया। अब तक अवनीश अवस्थी, डॉ0 नवनीत सहगल जैसे दिग्गज प्रमुख सचिवों और वर्तमान में तेज तर्रार प्रमुख सचिव संजय प्रसाद के निर्देशन में सफलतापूर्वक अपना दायित्व निर्वहन करने वाले शिशिर ने अपने छः वर्षों के कार्यकाल में जहां शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर मुख्यमंत्री के भरोसे और अपेक्षाओं पर खरे उतरे है वहीं सूचना निदेशालय की दशा व दिशा बदलने में भी कामयाब रहे हैं। प्रदेश के लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों का जितना हित पोषण निदेशक शिशिर के कार्यकाल में हुआ है उतना न तो अतीत में कभी हुआ था और न भविष्य में होने की उम्मीद है। सच तो यह है कि उन्होंने प्रदेश के लघु एवं मझोले समाचार पत्रों को अधिकाधिक विज्ञापन प्रदान कर शासन की नीति और मंशा को ही मूर्तरूप देने का काम किया है। अलावा उपरोक्त के उन्होने जरूरतमंद पत्रकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में भी कोताही नहीं बरती है। उनकी उदारता का इससे बड़ा प्रमाण हो भी क्या सकता है कि वो आज भी अपने अनेक जरूरतमंद साथियों तक को नियमित रूप से आर्थिक मदद करने में पीछे नहीं रहते।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं रामतलाई हनुमान मंदिर के पास शिवपुरी रोड श्योपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2006/17513, विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट। शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।